www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, सोमवार, 9 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-184 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



लोकतंत्र के लिए भाजपा ने किया खतरा पैदा : अखिलेश 02
■ राजधानी को मिलेगा मलबे से छुटकारा : केजरीवाल
■ भाजपा देश की आन-बान-शान से कभी समझौता... 03
■ अब हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर मोर्टार दागे
■ भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन युद्ध में भारत ... 07
आस्था शर्मा ने डांस सीखने के लिए की 16 घंटे ... 10


## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे से पहले कश्मीर में बढ़ाई गई सुरक्षा



**श्रीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की 11 अक्टूबर की यात्रा से पहले रविवार को पूरी घाटी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। राष्ट्रपति 11 अक्टूबर को कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। देश की राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा होगी। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों/स्कॉलर्स को पुरस्कृत करेंगी। दीक्षांत समारोह में 400 छात्रों/स्कॉलर्स को स्वर्ण पदक, पीएचडी और एम.फिल की डिग्रियां मिलेंगी।

### बिहार में 24 घंटे में डूबने से 22 लोगों की मौत



**पटना।** बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान नदी, तालाब, पोखर सहित अन्य जलाशयों में डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें से सबसे अधिक भोजपुर जिले में पांच लोगों की मौत पानी में डूबने से हुई है। डूबने से लोगों की हुई मौत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

### वायु सेना के विमानों स्थाना दिवस पर दिखाए करतब



**प्रयागराज।** भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज एयर शो के माध्यम से अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर ने नीले आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए। इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों का जनसमूह उमड़ पड़ा । इस फ्लाई पास्ट में 100 से अधिक लड़ाकू विमानों ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को आश्चर्यचकित किया।

### बेंगलुरु में पटाखा दुकान में लगी आग, 13 की मौत



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के बाहरी इलाके में एक पटाखे की दुकान-सह-गोदाम में आग लगने से कम से कम 13 लोगों की जलकर मौत हो गई। अनेकल तालुका के अट्टीबेले में स्थित दुकान में आग लगने से पहले ही चौदह लोग चमत्कारिक ढंग से भाग निकले। दमकल गाड़ियों के साथ आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

### तेलंगाना में 14 हजार लीटर शराब जब्त, 21 वाहन किए जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना के उत्पाद शुल्क विभाग ने पांच दिनों के दौरान 14 हजार लीटर से अधिक अवैध डिस्टिल्ड (आईडी) शराब जब्त की है। विभाग ने 21 वाहन जब्त किए है । दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है।




# भारत की जीत से शुरुआत

**ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से दी शिकस्त**

**चेन्नई।** टीम इंडिया ने वनडे विश्व कप 2023 में अपने मिशन की शुरुआत जीत के साथ की है। भारत ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और भारत को 200 रन का लक्ष्य दिया। टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। 2 रन पर ही रोहित शर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली और केएल राहुल ने 165 रन की साझेदारी कर इंडिया की जीत पक्की कर दी। विराट ने 85 रन और राहुल ने 97 रन बनाए। राहुल ने सिक्स लगाकर भारत को 6 विकेट से जीत दिलाई।

# इजराइल-हमास संघर्ष में दो दिन में 1000 मौतें

## हमलों में 2,000 से अधिक लोग हुए घायल



**तेल अवीव,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच लड़ाई में दो दिन में 1000 लोग लोग मारे गए हैं। बीबीसी ने फिलिस्तीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 400 लोग मारे गए हैं। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से तुर्की में इजराइल के दूतावास ने कहा, इजराइल में भी 600 नागरिक मारे गए हैं और दर्जनों इजराइलियों को बंधक बना लिया गया है। अब तक के सबसे बड़े हमले में हमास ने गाजा पट्टी से यहूदी राज्य की ओर मिसाइलों की बौछारें कर दी। हमास ने मिसाइल हमलों की आड़ में इजराइल की सीमा में घुसपैठ की। इजरायली सेना ने कहा, वे पैराग्लाइडर का उपयोग कर

### इजराइल ने कहा, 8 जगहों पर लड़ाई जारी

#### छात्रों को वापस लाने का प्रयास कर रहा भारत



**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी सशस्त्र गुट हमास के हमले के मद्देनजर इजरायल में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें शनिवार रात इज़राइल में भारतीयों के बारे में कई संदेश मिले। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है।

जमीन, समुद्र और हवा से इजरायल में दाखिल हुए। इजराइल ने कहा कि उसके क्षेत्र के अंदर हमास आतंकवादियों के साथ आठ जगहों पर लड़ाई चल रही है। हमलों में दो हजार से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें सामने आ रही है।

**एयर इंडिया ने उड़ानें 14 तक निलंबित की**

नई दिल्ली। शनिवार को शुरू हुए हमास के हमले के जवाब में एयर इंडिया ने 14 अक्टूबर तक दिल्ली-तेल अवीव उड़ानें निलंबित कर दी हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 14 अक्टूबर, 2023 तक निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, एयर इंडिया इस अवधि के दौरान किसी भी उड़ान में बुकिंग की पुष्टि करने वाले यात्रियों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस बीच, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रविवार को कहा कि जो भारतीय इजराइल में हैं, वे किसी भी मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं।

**हमास का दावा, वेस्ट बैंक व लेबनान तक फैलेगा युद्ध**

इजराइली सेना के लगातार जवाब के बाद चरमपंथी समूह हमास का एक और चौंकाने वाला बयान सामने आया है। हमास ने घोषणा की है कि युद्ध तेज होगा और वेस्ट बैंक और लेबनान तक फैल जाएगा।

# लद्दाख-कारगिल काउंसिल चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस व कांग्रेस का दमदार प्रदर्शन

**लद्दाख,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। कारगिल में हुए लद्दाख आटोनोमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस ने बहुत दमदार प्रदर्शन किया है। अब तक 25 सीटों पर नतीजे घोषित हो चुके हैं, 1 सीट पर गिनती जारी थी। ताजा अपडेट के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस को 12 सीटों पर जीत हासिल हुई है। कांग्रेस ने 9 सीटें जीती हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ा। इस गठबंधन ने अब तक 21 सीटें जीत ली हैं।



- नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 12 सीटें व कांग्रेस ने 9 सीटें जीती
- भाजपा को 2 सीटें मिलीं, 26 सीटों पर हुआ था चुनाव

उधर, भाजपा ने 2 सीटें जीती हैं और 2 सीटें निदर्लीय उम्मीदवारों के खाते में गई हैं। 30 सदस्यीय काउंसिल की 26 सीटों पर 4 अक्टूबर को चुनाव हुए थे। धारा 370 के निरस्त होने के बाद अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से अलग होकर केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख के कारगिल में पहला स्थानीय चुनाव है। नई परिषद 11 अक्टूबर से पहले गठित होने वाली है। 4 अक्टूबर को हुई वोटिंग में 77.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। 25 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 85 उम्मीदवार मैदान में थे।

**कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना**

## जातिगत जनगणना पर भाजपा सरकारें खामोश क्यों



**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जाति आधारित जनगणना की घोषणा के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह ओबीसी, एससी, एसटी समुदायों के लिए नीतियां बनाने में सुनिश्चित करेगा। बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि इसे भगवा पार्टी शासित राज्यों में क्यों लागू नहीं किया गया। भाजपा सरकारें जातिगत जनगणना पर खामोश क्यों है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ओबीसी के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल से मुलाकात कर जातिगत जनगणना की मांग की थी।

**जस्टिस एस मुरलीधर बोले**

# दिल्ली दंगे पर फैसले से सरकार नाराज क्यों थी, पता नहीं

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा है कि उन्हें जानकारी नहीं है कि 2020 के दिल्ली दंगों को लेकर उन्होंने जो आदेश जारी किया था, उससे केंद्र सरकार क्यों नाराज हो गई। उन्होंने कहा कि मैंने जो आदेश दिया, मेरी जगह कोई भी दूसरा जज होता तो यही आदेश देता। दरअसल, जस्टिस मुरलीधर तब दिल्ली हाईकोर्ट में जज थे। उन्होंने दिल्ली में हुए दंगों में भड़काऊ बयान देने



- मेरी जगह कोई भी दूसरा जज होता तो यही आदेश देता
- भाजपा नेताओं पर एफआईआर में देरी पर जताई थी नाराजगी

वाले तीन भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में देरी पर नाराजगी जताई थी। ये तीन नेता थे- अनुराग ठाकुर, परवेश वर्मा और कपिल मिश्रा। जस्टिस मुरलीधर ने पुलिस को आदेश दिया था कि 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज करने का फैसला लें। बेंगलुरु में आयोजित एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल के कॉन्क्लेव में उनसे पूछा गया था कि ऐसी चर्चाएं हैं कि अपने आदेश से आपने सरकार को नाराज किया और इसलिए आपको सुप्रीम कोर्ट का जज बनने का मौका नहीं मिला।

**कोर्ट के दखल से बची थी कई जिंदगियां**

*मुरलीधर ने कहा, 'इसमें नाराज होने वाली क्या बात थी, इसे लेकर मैं भी उतना अनजान हूं, जितना आप हैं। मेरे पास कहने को और कुछ भी नहीं है। और इससे ज्यादा किसी बात से फर्क भी नहीं पड़ता है क्योंकि कई लोगों को लगा था कि मैंने जो किया वही सही था। बल्कि मुझे बाद में बताया गया कि मामले में कोर्ट के दखल देने के बाद कई जिंदगियां बचाई जा सकी थीं।'*

**रक्षा मंत्रालय व राज्य सरकार ने दी जानकारी**

# सिक्किम में बाढ़ से मारे गए 30 लोग



**गंगटोक,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम में बाढ़ से मारे गए 30 लोगों में 19 भारतीय सेना के जवान हैं। रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तरी सिक्किम में लोनाक झील का किनारा टूट गया और तीस्ता नदी बेसिन जलमग्न हो गया, जिसके बाद बादल फटने से 04 अक्टूबर को अचानक बाढ़ आ गई, जिससे यह त्रादसी हुई। सिक्किम सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 30 मृतकों में 19 सैन्यकर्मी शामिल हैं। चार अक्टूबर को तड़के आई आपदा के बाद से सेना के कम से कम 23 जवान लापता हैं। एक सैनिक को जीवित बचा लिया गया और उसी दिन उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैन्यकर्मी गंगटोक से 27 किलोमीटर दूर पूर्वी सिक्किम के पाक्योंग जिले के थे, जहां एक सैन्य शिविर है।

**मरने वालों में सेना के 19 जवान शामिल**

**41 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित**

बादल फटने से आई अचानक बाढ़ ने 41,870 लोगों को प्रभावित किया है। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार देश के बाकी हिस्सों से कट चुके राज्य के कुछ इलाकों से 2,563 लोगों को बचाया गया है। लापता लोगों की तलाश जारी है। लापता लोगों में से पाकयोंग जिले के 78 लोग, गंगटोक के 23, मंगन के 15 और नामची के छह लोग लापता हैं।

**अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही**

# भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 हुई

**हेरात,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में बीते दिन आए भूकंप की वजह से कम से कम 2000 लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है।

ये आंकड़ा तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने दिया है. देश के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रायन ने कहा कि हेरात में भूकंप से मरने वालों की संख्या मूल रूप से बताई गई संख्या से ज्यादा है। उन्होंने तत्काल



- छह गांव तबाह हो गए तालिबान ने मांगी मदद

मदद की अपील करते हुए कहा कि करीब छह गांव तबाह हो गए हैं और सैकड़ों नागरिक मलबे में दब गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के दफ्तर से एक अपडेट में कहा गया है कि 465 घरों के तबाह होने की सूचना है और 135 क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के दफ्तर ने कहा, भागीदारों और स्थानीय अधिकारियों का अनुमान है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि ध्वस्त इमारतों के नीचे कुछ लोगों के फंसे होने की खबरों के बीच खोज और बचाव प्रयास जारी हैं। शनिवार को हेरात प्रांत में भूंकप के चार झटके महसूस किए गए।

**शिक्षा मंत्रालय ने किया स्पष्ट**

# अनिवार्य नहीं होगा साल में दो बार बोर्ड परीक्षा देना

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसिया)। सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों को दो बार बोर्ड परीक्षाएं देने का अवसर मिलेगा। हालांकि दो बार बोर्ड परीक्षाएं देना कोई अनिवार्य नियम नहीं होगा। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं में दो बार बैठने का विकल्प चुन सकते हैं या फिर एक ही बार बोर्ड परीक्षा दे सकते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले 10वीं और 12वीं के छात्रों को साल में बोर्ड परीक्षा देना अनिवार्य नहीं होगा। मंत्रालय का कहना है कि जिस प्रकार जेईई मेन की परीक्षाएं दो बार आयोजित की जाती इस प्रकार 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं भी साल में दो बार आयोजित की जाएगी।

**दुखद** *संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी*

# भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे हुए बेघर

**नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में जलवायु से जुड़ी बाढ़, सूखा और तूफान जैसी आपदाओं के कारण प्रति दिन औसतन 3,059 बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ती है। यूनिसेफ के अनुसार, देश में 2016 से 2021 के बीच 67 लाख बच्चों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।**

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन डिस्प्लेस्ड इन ए चेंजिंग क्लाइमेट' के मुताबिक, फिलीपीन (97 लाख बच्चे) के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है जहां इन छह वर्षों में सबसे ज्यादा बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, चीन में 64 लाख बच्चे विस्थापित हुए। इस दौरान इन तीन देशों के कुल 2.3 करोड़ बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ी। रिपोर्ट में 2020 में आए चक्रवाती तूफान अम्फान का भी जिक्र किया है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत और म्यांमार में करीब 50 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा था, जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया में रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे विस्थापित हो रहे हैं।

- प्रतिदिन 3059 बच्चों को सहना पड़ता विस्थापन का दंश

यूनिसेफ के अनुसार, 2016 से 2021 के बीच 44 देशों में करीब 4.31 करोड़ बच्चों को घर छोड़कर अपने ही देश में किसी दूसरी सुरक्षित जगह शरण लेनी पड़ी। जब विस्थापित बच्चों की तुलना किसी देश में बच्चों की कुल आबादी से की जाती है तो डोमिनिका और वानुअतु जैसे छोटे द्वीपीय देशों में बच्चे तूफानों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इस लिहाज से बाढ़ से सबसे ज्यादा विस्थापित हुए बच्चे सोमालिया और दक्षिण सूडान के हैं।

**95 फीसदी तबाही का कारण बाढ़ व तूफान**

रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में बच्चों के बढ़ते विस्थापन में बाढ़ और तूफान की बड़ी भूमिका है। न छह वर्षों में जितने भी बच्चे विस्थापित हुए हैं उनमें से 95 फीसदी मामलों में बाढ़ और तूफान जैसी मौसमी आपदाएं ही जिम्मेदार थीं।

# देश

**उवाच** “ भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने लोगों में जागरूकता और विश्वास पैदा किया है और भाजपा की निरंकुश व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई है। उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देखकर भाजपा घबरा गई है और उनका नाम खराब करने के लिए घटिया हथकंडे अपना रही है।

–नाना पटोले,एमपीसीसी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# नफरत का जहर व घोल रही भाजपा : कांग्रेस

**भोपाल,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों की आहट के बीच राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप का दौर तेजी पकड़ रहा है। इसी बीच कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने शिवराज सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह में राम–बगल में छुरी, यह तो संघी–भाजपाई पूरे देश में परिलक्षित करते रहते हैं। इंसान से लेकर भगवान तक, आम आदमी से लेकर परमात्मा तक और जनता से लेकर जर्नादन तक सबको पाखंड और भ्रष्टाचार, ठगी और चोरी का निशाना बनाने में अगर कोई राज्य नंबर वन पर है तो वह मध्य प्रदेश है। ये शिवराज सिंह सरकार ने सुनिश्चित कर दिया है। उन्होंने कहा कि धर्म को, भगवान के नाम को अपनी असफलताओं और नाकामियों की ढाल बनाते हैं। भारत माता की रगों में बहते खून में हिंसा और नफरत का जहर व घोलते रहते हैं। रागिनी ने कहा कि धर्म को निजी आस्था मानने वाले बापू के विचार की रोज हत्या करते हुए, वोट बटोरने के लिए धर्म को, ईश्वर को राजनीतिक हथियार बनाते हैं। पर जब धर्म और आस्था की कसौटी पर परखा जाता है तो राम मंदिर के नाम का चन्दा तक खा जाते हैं। सर से पांव तक घोटालों और भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं। और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मिलता है शिवराज सिंह सरकार में।

**मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर शिवराज सरकार को घेरा**



मुंह में राम-बगल में छुरी यह तो संघी-भाजपाई देश में परिलक्षित करते रहते हैं : रागिनी नायक

### कांग्रेस ने गिनाए घोटाले

रागिनी नायक ने घोटाले गिनाते हुए कहा कि अभी महाकाल लोक में हुए महाघोटाले की टीस कम होना शुरू नहीं हो पाई, मात्र 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने शिवराज सिंह सरकार के भष्टाचार और निर्लज्जता की पोल खोली दी थी। कमल के फूल पर विराजमान सप्त ऋषियों की खंडित मूर्तियों की छवि से आहत देशवासियों की धार्मिक भावनाएं ठीक नहीं हो पाईं, लेकिन घोटालों के सरताज नहीं आए बाज। नायक ने कहा कि आज एक नए घोटाले की खबर सुर्खियां बटोर रही है। सतना के वेंकटेश लोक की टाइल्स 8 करोड़ रुपए में लगाई गईं। सतना की स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत इस मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का काम शुरू हुआ। हाल ही में 5 अक्टूबर को लोकार्पण हुआ और दो दिन में टाइल्स उखड़ गए। जनता की जेब तो काट ही रही है, भगवान के दरबार को भी नहीं बक्शा इस भ्रष्टाचारी कमीशनखोर सरकार ने। प्रियंका गांधी धार आई थीं, वे बता के गई थीं 250 बड़े घोटालों के बारे में, जो शिवराज सिंह जी की नाक के नीचे हो रहे हैं। जनता की जेब काटते–काटते भगवान को भी चूना लगाने की भी हिमाकत भाजपाई करते जा रहे हैं। मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसे लेकर कांग्रेस एक्टिव मोड में नजर आ रही है। इस बीच, कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने गत शनिवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान समिति ने राज्य में कांग्रेस का मुख्य एजेंडा भी तय किया। पार्टी सूत्रों की मानें तो राज्य में कांग्रेस का मुख्य एजेंडा जाति सर्वेक्षण कराना होगा। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, मध्य प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित समिति के सदस्य शामिल थे। बैठक के बाद कमलनाथ ने कहा कि नई दिल्ली में सीईसी की बैठक आयोजित की गई। हमने लगभग 140 सीटों के उम्मीदवारों के नामों पर विस्तार से चर्चा की। आने वाले कुछ दिनों में नामों को अंतिम मुहर लगा दी जाएगी। हालांकि, सुरजेवाला और जितेंद्र सिंह का कहना है कि चर्चा सभी सीटों के उम्मीदवारों पर हुई है। फैसला बाद में लिया जाएगा। वहीं प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बताया कि बैठक में तय हुआ है कि मध्य प्रदेश में जाति जनगणना कराना पार्टी का मुख्य एजेंडा रहेगा। जाति जनगणना कांग्रेस का महत्वपूर्ण एजेंडा है। हम चाहते हैं कि हम अपने ओबीसी, एससी, एसटी भाई–बहनों को न्याय दिलाएं। जाति जनगणना ही कांग्रेस का प्राथमिक एजेंडा है। राज्य में कांग्रेस के चेहरे के सवाल पर सुरजेवाला ने कहा कि कमलनाथ मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और जो भी नेता प्रदेशाध्यक्ष होता है, वही कांग्रेस का चेहरा होता है। सुरजेवाला का कहना है कि बैठक में शिवराज सरकार की नाकामियों पर भी चर्चा हुई है, जिसमें भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध मुख्य विषय रहे।

### धर्म की आड़ में हो रहा भ्रष्टाचार : कांग्रेस

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि अभी कुछ समय पहले ही ओरछा के राम–राजा मंदिर में धर्म की आड़ में किस प्रकार भ्रष्टाचार किया जा रहा है। किस प्रकार काली करतूतों में लिप्त है शिवराज सरकार, इसका खुलासा करते हुए मंदिर के पुजारी का वीडियो बहुत वायरल हुआ। करोड़ों के गुप्तदान की हेरा–फेरी का आरोप लगाया–वर्तमान सरकार सिर्फ पैसे का खेल है। कोई गैरकानूनी काम ऐसा नहीं है जो यहां नहीं हो रहा है। पुलिस की भी संलिप्तता है। ये सब ऑन रिकार्ड कहा है। एक लोकल आरटीआई कार्यकर्ता रामनरेश दास ने ये भंडाफोड़ किया 2017 में। एफआईआर की गई पर उस पर कार्रवाई नहीं हुई। नए एसपी के आने के बाद पुनः मामला चर्चा में आया है, लेकिन मामले को रफा–दफा करने का दबाव लोकल विधायक अनिल जैन डाल रहे हैं। उनके पीछे कैलाश विजयवर्गीय का पूरा सहयोग और समर्थन है। एक तरफ तो घपले, गबन, भ्रष्टाचार का मामला है, तो दूसरी तरफ राम राजा सरकार से आयकर विभाग ने नोटिस भेजकर एक करोड़ 22 लाख का हिसाब मांगा है, इस आय का रिटर्न भरने को कहा है। वो कहते हैं ना कि ‘विनाश काले विपरीत बुद्धि,’ जब अधर्मी शासक के कुशासन का अंत निकट होता है, तब उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

# राष्ट्रीय स्तर पर जल गुणवत्ता निगरानी में जम्मू-कश्मीर दूसरे स्थान पर

## राष्ट्रीय स्तर पर की उपलब्धि हासिल

**श्रीनगर,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर में, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने जम्मू–कश्मीर जल जीवन मिशन (जेजेएम) के साथ एक और उपलब्धि हासिल की है, जिसमें नल कनेक्शन के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति के मामले में 70 फीसदी ग्रामीण घरों का कवरेज हासिल किया गया है। जम्मू–कश्मीर ने जल गुणवत्ता निगरानी और निगरानी के मामले में भी राष्ट्रीय स्तर पर नंबर दो का स्थान प्राप्त किया है। मिशन के तहत अब तक, 18.68 लाख ग्रामीण परिवारों में से 13.16 लाख (70 प्रतिशत) ने नल जल कनेक्शन के तहत कवरेज हासिल कर लिया है, जिससे संतृप्ति प्राप्त करने में तेजी से प्रगति हो रही है। जल जीवन मिशन यूटी का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को परिसर के भीतर कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान करना है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर के न्यूनतम सेवा स्तर पर पानी की आपूर्ति करने में सक्षम है और गुणवत्ता की पुष्टि करता है। विभाग के एक प्रेस हैंडआउट के अनुसार, 6600 कार्य घटकों में से, 5000 से अधिक घटक (76 प्रतिशत) जैसे ट्यूबवेल, बोर वेल्स, रैपिड सैंड फिल्ट्रेशन प्लांट, ओवर हेड टैंक, ग्राउंड सर्विस जलाशय और पाइप नेटवर्क शुरू हो गए हैं। इसी प्रकार, केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में 3000 से अधिक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनमें कार्यों को



निष्पादित करने वाले लगभग 1700 ठेकेदार शामिल हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी हुआ है। समवर्ती रूप से, इस पैमाने और गति पर कार्यों को निष्पादित करते समय, जिला स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाइयों (डीपीएमयू), सलाहकारों/विशेषज्ञों की यूटी स्तरीय टीमों और तीसरे पक्ष के रूप में विभिन्न स्तरों पर एक मजबूत प्रबंधन और निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। निगरानी एजेंसियां (टीपीआईए) जो बुनियादी डिजाइन और सेवाक्षमता आवश्यकताओं को प्रभावित किए बिना समयबद्ध तरीके से वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए कुशल योजना, गुणवत्ता आश्वासन, प्रयासों के समन्वय, उचित/वैकल्पिक निर्माण प्रौद्योगिकी और सामग्रियों के उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सलाहकारों की यूटी स्तरीय टीम की मदद से और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन (एनजेजेएम) के विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई तकनीकी सलाह से, विभिन्न लागत प्रभावी और तकनीकी रूप से व्यवहार्य समाधान अपनाए गए हैं।

## सार संक्षेप

### राजौरी में एलओसी के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गत शनिवार को राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास कलाल इलाके में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए, जिनकी पहचान अश्वनी कुमार और राज कुमार के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों घायल पोर्टर मंगोटे गांव के हैं। उन्हें गहरे जख्म हो गए हैं और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। आतंकियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सेना द्वारा एलओसी के पास बारूदी सुरंगें लगाई जाती हैं।

### मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तीन की मौत

**बड़वानी।** मप्र के बड़वानी जिले के ठीकरी थाना क्षेत्र में आज मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान और दो नाबालिग मजदूरों की मृत्यु हो गई और तीन नाबालिग समेत पांच अन्य घायल हो गए। खेत में मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली कुंआं-कपालिया खेड़ी रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान अमित पाटीदार व दो मजदूर अनिल तथा सजन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना में ममता, बायली, रविता, कविता और खेल सिंह घायल हुए हैं। समस्त मजदूर जिले के निवाली थाना क्षेत्र के निवासी थे।

### नीतीश ने जयप्रकाश नारायण को दी श्रद्धांजलि

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकनायक स्व. जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को यहां गांधी मैदान के दक्षिण-पश्चिम छोर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### तेलंगाना में 20 लाख रुपए की नकदी जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने दो हजार व पांच सौ रुपए नोट 20 लाख नकदी जब्त की है। एसआई एम महेश आईएस सदन पुलिस कर्मचारियों के साथ यहां शुक्रवार की शाम वाहनों की तलाशी ले रहे थे और इस दौरान उन्होंने एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। कार की तलाशी के दौरान एक थैला मिला जो नोटों से भरा था। जब नकदी के बारे में पूछताछ की गई, तो कार में सवार व्यक्तियों में से एक (विट्ठल), संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया।

# पुतिन के पदचिह्नों पर चल रही है भाजपा : अखिलेश प्रसाद

**पटना,** 8 अक्टूबर (आईएएनएस)। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पदचिह्नों पर चल रही है। सिंह भाजपा अध्यक्ष नड्डा की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में सभी क्षेत्रीय दल जल्द ही समाप्त हो जाएंगे। सिंह ने पटना के सदाकत आश्रम में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह की जयंती मनाने के लिए आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से नड्डा ने कहा कि भाजपा सभी क्षेत्रीय दलों को खत्म कर देगी और जिस तरह से भाजपा देश पर शासन कर रही है, ऐसा लगता है कि भाजपा व्लादिमीर पुतिन के पदचिह्नों पर चल रही है। जातीय जनगणना पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंह ने कहा कि अगर गिनती के दौरान कोई गलती हुई होती तो राज्य सरकार उसे सुधार लेती। सिंह ने कहा भाजपा और एनडीए नेता जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट पर चिंता जता रहे हैं। भाजपा शुरू से ही जाति आधारित सर्वे के खिलाफ थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले साल पीएम मोदी से मुलाकात कर देश में जाति आधारित जनगणना कराने का अनुरोध किया था। हालांकि, उस अनुरोध को ठुकरा दिया गया और बिहार सरकार ने अपने खर्च पर सर्वेक्षण किया था। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को ऊंची जाति के लोगों को उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर आरक्षण देना चाहिए।



# लोकतंत्र के लिए भाजपा ने किया खतरा पैदा : अखिलेश

## वंचितों, शोषितों, पिछड़ों व दलितों को अधिकारों से वंचित करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। यहां समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ.राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी बाबा साहब वाहिनी और समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलने की तैयारी में है। वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों को अधिकारों से वंचित कर रही है। आउटसोर्सिंग करके नौकरियों को खत्म कर रही है। भाजपा सामाजिक न्याय के पक्ष में भी नहीं है। वह जातीय जनगणना नहीं चाहती है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के एनडीए को पीडीए–(पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हराएगा। यादव का समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती तथा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती ने स्वागत किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज की बैठक में समाजवादी पार्टी के विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं के मिले सुझावों को लेकर बहुजन समाज के बीच जाएंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे। जातीय जनगणना होने से ही सभी को हक और सम्मान मिल पाएगा। जातीय जनगणना से सभी सम्मान के साथ जी सकेंगे। जातीय जनगणना के बिना सामाजिक न्याय संभव नहीं है। यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग बहुत लम्बे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया ने पहले ही यह मांग उठाई थी। अब केंद्र की सरकार हो या अन्य सरकारें उन्हें जातीय जनगणना कराना ही पड़ेगा। भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार ने सात साल में सड़कों के गड्ढ़ामुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ खर्च कर दिए। लेकिन कोई सड़क गड्ढ़ा मुक्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार जब–जब गड्ढ़ा मुक्त करने की घोषणा करती है तब इंजीनियर और ठेकेदार सबसे ज्यादा खुश हो जाते हैं। जो सरकार सड़कों से सांड़ नहीं हटा पा रही है वह गड्ढ़ामुक्त सड़कें क्या कर पाएगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने नई संसद इसलिए बनाई, ताकि जिस संसद भवन में बैठकर बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने संविधान बनाया उस इतिहास को सफाई से मिटाया जा सके।



लोकसभा चुनाव में भाजपा के एनडीए को पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक हराएगा : अखिलेश यादव

### लोगों को डराने के लिए छापे डलवा रही भाजपा

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, और इनकम टैक्स से जितने छापे डलवाएगी ,जनता उतनी ज्यादा नाराज होगी। भाजपा लोगों को डराने के लिए छापे डलवा रही है लेकिन लोकतंत्र में कोई डरता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। अब तो अन्याय भी चरम पर है। देश की सौ करोड़ से ज्यादा जनता भाजपा से नाराज है। भाजपा लोकसभा चुनाव बुरी तरह से हारेगी। सभी ने देखा कि घोसी में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों और प्रशासन ने कोई कसर छोड़ी नहीं उसके बाद भी जनता ने भाजपा को करीब पचास हजार वोटों से हरा दिया। खतौली और मैनपुरी में भी भाजपा को जनता ने आईना दिखाया। मैनपुरी में दलित समाज ने पूरी तरह समाजवादी पार्टी का साथ देकर लोकतंत्र को बचाया।

# तेलंगाना में देश की पहली कानून प्रवर्तन सीआईएसओ परिषद लॉन्च

## प्रमुख सचिव आईटी जयेश रंजन ने की समारोह में शिरकत

**हैदराबाद,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना पुलिस ने उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग से शनिवार शाम को कानून प्रवर्तन सीआईएसओ (मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी) परिषद की शुरुआत की, जो भारत में इस तरह की पहली पहल है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार और तेलंगाना के प्रमुख सचिव (आईटी) जयेश रंजन ने यहां साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय में आयोजित एक समारोह में साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रवेंद्र, एससीएससी सचिव रमेश काजा और उद्योग के दिग्गजों की उपस्थिति के बीच इसका अनावरण किया। विमोचन के बाद सभा को संबोधित करते हुए अंजनी कुमार ने कहा कि जो लोग इस विषय को संभालते हैं वे इसे लापरवाही से लेते हैं। यह मामला सिर्फ पुलिस का ही नहीं बल्कि हर पेशे का है। अपराध की परिभाषा तेजी से बदल रही है। साइबर अपराध में कोई क्षेत्राधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अब यह पुलिस के लिए बहुत सारी चुनौतियां खड़ी कर रहा है। जिस दर से साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, उस पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पहले वक्ता ने बताया था कि 2023 के अंत तक साइबर अपराधों से आठ ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होगा। माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल ग्रुप मैनेजर, गवर्नेंस निदेशक अभिषेक कुमार ने कहा कि वे पूरी ताकत लगाएंगे और दशकों के सामूहिक अनुभव को सक्षम करने में योगदान देने का प्रयास करेंगे। सीओई के तकनीकी निदेशक रमेश गणेश ने कहा कि टीम साइबर हमलों को रोकने, कम करने पर काम करेगी। इस अवसर पर सीआईएसओ उद्योग के कुछ दिग्गज सिंधु श्रीधर और सुवब्रत सिन्हा ने भी सभा को संबोधित किया।



# तमिलनाडु ने इज़रायली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा बढ़ाई

**चेन्नई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हमास और इजराइल के बीच चल रही झड़पों के मद्देनजर तमिलनाडु सरकार ने इजराइली प्रतिष्ठानों और यहूदी बस्तियों में सुरक्षा बढ़ाई। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक शंकर जिवाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि डिंडीगुल के पास पहाड़ियों में एक यहूदी बस्ती और राज्य में अन्य इजरायली प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इजरायली पर्यटक हर साल सितम्बर से फरवरी के दौरान कोडाइकनाल के करीब एक बस्ती वट्टाकनाल का दौरा करते हैं और पुलिस इस क्षेत्र में अधिक सुरक्षा प्रदान करेगी। सूत्रों ने बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए इलाके में पहले से ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राज्य में इजरायली व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस हाल के दिनों में चेन्नई और राज्य के अन्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उतरे इजरायली नागरिकों की संख्या का पता लगाने और सुरक्षा इंतजाम के तहत उनके स्थानों को ट्रैक करने के लिए आव्रजन अधिकारियों के संपर्क में है। सूत्रों ने यह भी कहा कि अन्य देशों में इजरायलियों पर संभावित हमले की रिपोर्ट के बाद इजरायली व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आवाजाही को प्रतिबंधित करते हुए पहुंच नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं।

# सिक्किम में मानव जीवन को बचाना प्राथमिकता : अजय कुमार

**गंगटोक,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सिक्किम में बाढ़ की स्थिति को एक बड़ी त्रासदी बताते हुए कहा है कि मानव जीवन को बचाना अब प्राथमिकता है। मिश्रा ने एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। ताशिलिंग सचिवालय में विचार–विमर्श के दौरान मुख्य सचिव वीबी पाठक और राज्य सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सीमा सड़क संगठन, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, भारतीय सेना और राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मिश्रा ने अक्टूबर के बाद से राहत और पुनर्वास के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी ली और मुख्य सचिव पाठक ने उन्हें जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य की मांगें तुरंत पूरी की जाएंगी। मंत्री मिश्रा ने कहा कि सामान्य जीवन बहाल करने के लिए हमें (केंद्र और राज्य) मिलकर काम करना होगा। हम प्राथमिकताओं की पहचान पर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जनता की आवश्यकताएं पूरी हों। उन्होंने स्थिति की देखभाल करने और प्रभावितों तक पहुंचने में सीएम पीएस तमांग के उत्साह और समर्पण की सराहना की। मिश्रा ने कहा कि अचानक आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने और जहां भी आवश्यक हो सहायता प्रदान करने के लिए गठित एक अंतर मंत्रालयी समिति रविवार से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने जा रही है।



■ राज्य में बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

**पहचान** *राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही महाकाल की नगरी उज्जैन*

# महाकाल लोक के लोकार्पण के साथ विकास को मिली रफ्तार

**उज्जैन, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाकाल नगरी उज्जैन के विकास के लिए महाकुंभ के बाद ही मध्य प्रदेश सरकार ने एक ऐसा मॉडल खड़ा करने की शुरुआत कर दी थी जो राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धर्म, संस्कृति, आस्था के साथ-साथ रोजगार के नए रास्ते भी खोले। आज वही तस्वीर साकार रूप में दिखाई देने लगी है। मध्य प्रदेश की पावन महाकाल नगरी उज्जैन।**

को आज महाकाल लोक के नाम से राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। महाकाल लोक के पहले चरण का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया तो दूसरी तस्वीर गत गुरुवार को सामने आई, जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 242 करोड़ से अधिक के महाकाल लोक के दूसरे चरण का लोकार्पण किया। 11 अक्टूबर 2022 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया एवं उपरोक्त लोकार्पण समारोह एवं महाकाल लोक राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अचानक सुर्खियों में आ गया। महाकाल की नगरी उज्जैन की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत अटल एवं अमिट है परंतु धर्म संस्कृति के साथ–साथ महाकाल लोक के लोकार्पण के पश्चात ऐतिहासिक रूप से उज्जैन नगरी लगभग आठ गुनी रफ्तार में विकास के साथ–साथ व्यापार से जुड़ती चली गई।

उज्जैन नगरी में महाकाल लोक के निर्माण के साथ प्रॉपर्टी की कीमतों में एक तरफ जहां चार गुना प्रगति हुई वहीं दूसरी ओर स्थानीय रोजगार में भी 200 प्रतिशत से अधिक प्रगति सामने आई। वर्ष 2020 में महामारी काल के दौरान एक तरफ जहां महाकाल की नगरी उज्जैन में भक्तों के दर्शन का प्रतिशत 15 से 18 प्रतिशत पर आ गया था वहीं दूसरी ओर 2021 के बाद भक्तों की संख्या दोगुनी हो गई। परंतु 2022 में महाकाल लोक के निर्माण के बाद भक्तों की संख्या में 2021 की तुलना में लगभग तीन गुना प्रगति हुई। महाकाल मंदिर समिति को वर्ष 2021 में 22 करोड़ 13 लाख रुपए का दान प्राप्त हुआ , वहीं वर्ष 2022 में यह दान बढ़कर 46 करोड़ 51 लाख पर पहुंच गया । इसी तरह स्थानीय व्यापार में लगभग 200 प्रतिशत अधिक प्रगति हुई, नवीन रोजगार एवं प्रॉपर्टी के दामों में भी चार से 10 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ।

कुल मिलाकर वर्ष 2022 में महाकाल की नगरी को ऐतिहासिक गति और व्यापार में शानदार प्रगति प्राप्त हुई। महाकाल मंदिर का परिसर 2.87 हेक्टेयर से बढ़कर 47 हेक्टयर हो चुका है। 856 करोड़ की श्री महाकाल मंदिर परिसर विस्तार योजना के प्रथम चरण में 351 करोड़ रुपए के कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। 242 करोड़ 35 लाख रुपए लागत से दूसरे चरण के विकास कार्य किए गए। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने 284 करोड़ रुपए की लागत के यूनिटी मॉल और 250 करोड़ रुपए की लागत के मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया।




■ भक्तों की संख्या व दान की तीन गुना रफ्तार

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

# राजधानी को मिलेगा मलबे से छुटकारा : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने किया देश का सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली को मलबा मुक्त कर खूबसूरत बनाने की दिशा में एमसीडी की आप सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रविवार को निर्माण व विध्वंस से निकलने वाले मलबे को रिसाइकल कर टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद बनाकर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट की शुरुआत की गई। बतौर मुख्य अतिथि सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस प्लांट का उद्घाटन किया। करीब 7 एकड़ में फैला यह प्लांट देश का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां प्रतिदिन दो हजार टन सी एंड डी वेस्ट की रिसाइक्लिंग की जा सकेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा मकसद दिल्ली को खूबसूरत बनाना है और इसके लिए सी एंड डी प्लांट बेहद जरूरी हैं। कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन से निकले मलबे को इस प्लांट में लाकर टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे, जिसका दोबारा इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस तरह दिल्ली को मलबे से भी छुटकारा मिल जाएगा। मेरी अपील है कि दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए सभी दिल्लीवासी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इससे पहले सीएम अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय, विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक, नेता सदन मुकेश गोयल और अफसरों के साथ सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यह प्लांट बहुत ही आधुनिक तकनीक पर आधारित है। दिल्ली भर से यहां मलबा लाया जाएगा, जिसे तोड़ा जाएगा और फिर रिसाइकिल कर टाइल्स, ईंट आदि का आकार देकर दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा। जो मलबा दिल्ली को बदसूरत बनाता है, अब वही मलबा इस प्लांट से नए-नए आकार लेकर दिल्ली को खूबसूरत बनाएगा। इस दौरान सीएम ने प्लांट से बने टाइल्स, रोडी-बदरपुर, ईंट को भी देखा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने जहांगीरपुरी में सी एंडी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन कर कहा कि आज से जहांगीपुरी में कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट शुरू हो रहा है। कोई नई बिल्डिंग बनती है या कोई बिल्डिंग डिमोलिश होती है तो उससे मलबा निकलता है। उस मलबे को हम सड़क के किनारे या खाली प्लाट में डाल देते हैं। जगह-जगह मलबा देखने को मिलता है। दिल्ली देश की राष्ट्रीय राजधानी है।



**हमारा मकसद दिल्ली को खूबसूरत बनाना है और इसके लिए सी एंड डी प्लांट बेहद जरूरी हैं : अरविंद केजरीवाल**

हमारा मकसद है कि देश में दिल्ली सबसे खूबसूरत होनी चाहिए। अभी हम ये नहीं कह सकते हैं कि दिल्ली सबसे खूबसूरत शहर है। अभी दिल्ली में कई जगहों पर मलबे के ढेर देखे जाते हैं। दिल्ली को खूबसूरत बनाने की दिशा में इस तरह के सी एंड डी प्लांट बहुत जरूरी हैं। कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन से निकलने वाले मलबे को इस प्लांट में लाया जाएगा और उस मलबे से टाइल्स, ईंट आदि बनाकर वापस इस्तेमाल किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में अभी करीब 6500 टन मलबा प्रतिदिन निकलता है। इस तरह का दिल्ली में यह चौथा प्लांट है। इस प्लांट के अलावा रानीखेड़ा, शास्त्री पार्क और बक्करवाला में है। इन चारों प्लांट में करीब 5000 टन मलबे को प्रतिदिन रिसाइकिल करने की क्षमता है। जबकि दिल्ली में कुल 6500 टन मलबा रोज निकलता है। इसके अलावा एक और प्लांट ओखला में बनाने का प्लांट है, जिसकी क्षमता एक हजार टन होगा। इसके अलावा मौजूद चारों प्लांट्स की थोडी क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके बाद दिल्ली में निकलने वाले सारे मलबे की सी एंड वेस्ट रिसाइक्लिंब प्लांट में रिसाइक्लिंग हो जाएगी और उसका वापस इस्तेमाल होगा। इस तरह दिल्ली को मलबे से छुटकारा मिल जाएगा।

### चिन्हित स्थानों पर मलबा डालने से प्रदूषण नहीं फैलेगा : शैली

दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के साथ-साथ मलबा मुक्त भी बनाया जा रहा है। पूरी दिल्ली में सीएंडडी वेस्ट डालने के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर लोग मलबा डाल सकते हैं। इससे दिल्ली में अभी तक जो जगह-जगह मलबे के ढ़ेर दिखते हैं, वह नहीं दिखेंगे। साथ ही चिन्हित स्थानों पर मलबा डालने से प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। उन्होंने कहा कि बुराड़ी में अत्याधुनिक तकनीक से युक्त सीएंडडी प्लांट बनाया गया है। वर्तमान में यह देश का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां पर प्रतिदिन 2 हजार टन प्रतिदिन सीएंडडी वेस्ट का निस्तारण हो सकेगा। दिल्ली में जल्द एक और प्लांट स्थापित किया जाएगा।

## भाजपा देश की आन-बान-शान से कभी समझौता नहीं करती : सचदेवा

### आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिंदर नगर, करोल बाग और नांगलोई विधानसभा क्षेत्रों के 500 से अधिक युवा और महिला वॉलंटियर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। आज भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख थे विजय टाइटलर और डॉ.चंद्रकांता जिन्होंने 2020 में राजिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र से राघव चड्ढा और बाद में जून 2022 में राजिंदर नगर से उपचुनाव में दुर्गेश पाठक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, महासचिव योगेन्द्र चंदोलिया, सचिव नरेश ऐरन, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, एमसीडी में एलओपी सरदार राजा इकबाल सिंह और कार्यालय सचिव ब्रिजेश राय ने पार्टी के नए सदस्यों को पार्टी के रंग का पटका एवं माला पहनाई। विजय टाइटलर, ज्योति बाडिवाल और भारती रछौया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एजेंडे और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से प्रभावित हैं और भाजपा के माध्यम से लोगों की सेवा करने का अवसर पाकर खुश हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया और कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है क्योंकि बड़ी संख्या में आप और कांग्रेस कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं।

## सार संक्षेप

### इजराइल-फिलिस्तीन के बीच बढ़ती शत्रुता चिंतनीय : हुसैनी



**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद इजरायल और फिलिस्तीन के बीच बड़े पैमाने पर भड़की शत्रुता पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने कहा कि हम इजराइल और फिलिस्तीन के बीच हाल ही में बड़े पैमाने पर भड़की शत्रुता से बहुत चिंतित हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंसा की वर्तमान स्थिति फिलिस्तीनियों के खिलाफ अति-दक्षिणपंथी नेतन्याहू सरकार द्वारा फैलाई गई इजरायली आक्रामकता का परिणाम है, जिसने बच्चों सहित अब तक सैकड़ों लोगों की जान ले ली है। कब्जा करने और बस्तियां बसाने की इजरायली नीतियां और अक्सा मस्जिद का उत्तेजक अपमान इस क्षेत्र को शांति और स्थिरता के किसी भी गंभीर प्रयास से वंचित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चाहिए कि वे तुरंत कार्रवाई करें। तनाव को सामान्य किया जाना चाहिए और यहूदी बस्तियों के विस्तार को तुरंत रोका जाना चाहिए। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी आह्वान करते हैं कि वह इजरायल को गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ असंगत युद्ध शुरू करने के बहाने के रूप में इन घटनाओं का उपयोग करने से रोके। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद गांधीजी की प्रसिद्ध उक्ति फिलिस्तीन फिलिस्तीनियों का है, जैसे इंग्लैंड अंग्रेजों का है पर विश्वास करती है जो भारत की सदियों पुरानी नीति का आधार रही है। जमाअत चाहती है कि भारत सरकार फिलिस्तीनियों का समर्थन करे, फिलिस्तीनियों को अपना राज्य स्थापित करने में मदद करे और क्षेत्र में शांति लाने के लिए अपने वैश्विक प्रभाव का उपयोग करे।

### हिकविजन ने लांच किए नए मशीन विजन उत्पाद



**नई दिल्ली।** वीडियो सिक्युरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी हिकविजन इंडिया ने गर्व के साथ डार्क फाइटर एस, डार्क फाइटर एक्स और 4 नए मशीन विजन प्रोडक्ट्स के लांच की घोषणा की है। ये अभिनव मशीन विज़न प्रोडक्ट सुरक्षा और विजुअल इंस्पेक्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उन्नति दर्ज कर रहे हैं। हिकविजन ने स्थानों, सम्पत्तियों और लोगों की चौबीसों घंटे सुरक्षा की आवश्यकता पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्ट्रा-लो-लाइट वीडियो इमेजिंग तकनीकों की नई पीढ़ी को प्रस्तुत किया है। कंपनी की इस प्रभावशाली लाइनअप में शामिल हैं डार्क फाइटर एस, डार्क फाइटर एक्स और चार अतिरिक्त उत्पाद जिनमें शामिल हैं- एआई स्मार्ट कैमरा, डीप लर्निंग कोड रीडिंग अल्गोरिद्म और नियंत्रण की नई पीढ़ी, विजुअल निरीक्षण हेतु प्रोसेसिंग उपकरण और हाथ में पकड़ा जाने वाला स्मार्ट कोड रीडर। हालिया ऑटोमेशन ऐक्स्पो ने हिकविज़न को एक मंच प्रदान किया जहां उसने अपने अत्याधुनिक मशीन विज़न सॉल्यूशन प्रदर्शित किए। इनमें उल्लेखनीय थे स्टैटिक डीडब्ल्यूएस और डायनमिक डीडब्ल्यूएस, स्मार्ट विज़न सेंसर, रोबोट कंट्रोल सिस्टम सॉफ्टवेयर, मशीन विज़न ऐक्सैसरीज, लाइन स्कैन कैमरा, विजन मास्टर सॉफ्टवेयर, मशीन विज़न लाइट प्रोडक्ट, सिक्वेंशियल लाइट इंस्पेक्शन, स्मार्ट कोड रीडर, लार्ज एफओवी स्मार्ट कोड रीडर, पार्सल ट्रैकिंग सॉल्यूशन, इंटेलीजेंट एएमआर प्रोडक्ट, एफएमआर, सीएमआर एवं एचएमआर और ऐक्सैसरी प्लैटफॉर्म। इन सभी ने ऐक्स्पो के दौरान खास तौर पर ध्यान आकर्षित किया। लांच पर प्रामा हिकविजन इंडिया प्रा.लि. के एमडी और सीईओ आशिष पी.धाकन ने कहा कि हमने नए उत्पाद लांच किए हैं।

## भाजपा के किए गए कार्यों का श्रेय ले रहे हैं केजरीवाल : राजा इकबाल

### आम आदमी पार्टी पर लगाया झूठी वाह्वाही लूटने का आरोप

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा द्वारा जहांगीर पुरी में बनाए गए कंस्ट्रक्शन और डिमोलोजन वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन कर झूठा श्रेय लेने का कार्य कर रहे हैं। जहांगीर पुरी कंस्ट्रक्शन और डिमोलोजन वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट की आधारशिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा लिखी गई थी और दिल्ली में जितने भी कंस्ट्रक्शन और डिमोलोजन वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट निगम अधिकार क्षेत्र में चल रहे हैं उन सभी का



निर्माण भाजपा द्वारा करवाया गया था। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि शास्त्री पार्क, रानीखेड़ा, बक्करवाला और मुंडका में सी एंड डी रीसाइक्लिंग प्लांट का निर्माण भाजपा के शासन काल में किया गया था और जहांगीर पुरी में जिस सी एंड डी रीसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन कर आम आदमी पार्टी झूठी वाहवाही लूट रही है वो पहले से ही 2009 से कार्य कर रहा है और इस प्लांट में टाइल्स रोड़ी, बजरी आदी बनाए जाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने जब से निगम में सत्ता संभाली है तब से एक भी नया काम प्रारंभ नहीं किया तो आम आदमी पार्टी ये बताए कि कब उन्होंने इस प्लांट का शिलान्यास किया और कब निगम द्वारा इस प्लांट को स्थापित करने के लिए मंजूरी दी गई ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी एक झूट पर आधारित पार्टी है ये चुनावों में झूठे वादे कर सत्ता हासिल करने में विश्वास रखते हैं।



■ नई दिल्ली में आप नेता संजय सिंह के परिवार के सदस्यों से मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित करते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान। फोटो इम्तियाज खान

## देबाप्रसाद नृत्य परंपरा महोत्सव आयोजित

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। देबधारा संगठन के तत्वाधाना में राजधानी दिल्ली में दो दिवसीय 16वें गुरु देबाप्रसाद नृत्य परंपरा महोत्सव का दो दिवसीय का आयोजन सम्पन्न हुआ। सर्व विदित रहे यह नृत्य कार्यक्रम का आयोजन 7 और 8 अक्तूबर 23 को नई दिल्ली केलोधी रोड स्थित आंध्रा एसोसिएशन के गोदावरी सभागार में किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक के अनुसार देबधारा संगठन विभिन्न प्रकार के भारतीय नृत्य उत्सवों और संगीत महोत्सवों का आयोजन करते आया है। देबधारा की स्थापना दिल्ली में 2003 में डा. बिनायक पांडा ने की थी। इसी कड़ी में इस बार दिल्ली में गुरु देबाप्रसाद नृत्य परंपरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन ओडीशी कलाकार डाक्टर गजेंद्र पांडा और उनकी शिष्य वाघ्मिश्री ने की। इसके उपरांत मणिपुरी नृत्य वाई थेबा देवी और खीरसाना युमलेम्बम की रही। इसी साध्य में भरतनाट्यम की प्रस्तुति रामा वैद्यनाथन और दक्षिणा वैद्यनाथन बघेल ने करि। प्रथम दिवस का समापन अभिमन्यु लाल और समूह की कत्थक प्रस्तुति के साथ हुई। इसी के साथ कला शक्ति ग्रुप ने भी ओडिसी नृत्य की अपनी मन मोहक प्रस्तुति दी।



## शिखा गुसांई ने भरतनाट्यम की पहली एकल प्रस्तुति कर मोहा मन



**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मश्री गुरु गीता चंद्रन ने अपनी शिष्या शिखा गुसाईं की पहली एकल प्रस्तुति, भरतनाट्यम अरंगेत्रम का आयोजन किया। नाट्य वृक्ष के तत्वाधान में तानसेन मार्ग स्थित त्रिवेणी कला संगम में आयोजित इस नृत्य संध्या में शिखा गुसांई ने अपने सशक्त कला-कौशल और भाव-विभोर करते भरतनाट्यम से बताया कि वह अब भरतनाट्यम के संसार में अपनी प्रतिभा का लोहा मनावाने के लिए तैयार हैं। हालांकि यह शिखा के लिए भारतीय क्लासिकल नृत्य मंच पर उनका पहला एकल प्रस्तुतिकरण था लेकिन इससे पूर्व वे लोकप्रिय रियेल्टी शो इंडियाज़ गॉट टैलेंट के माध्यम से अपना जौहर मंच पर बिखेर चुकी हैं। भरतनाट्यम नृत्यांगना के जीवन में अरंगेत्रम का बहुत महत्व होता है। जब गुरु को विश्वास हो जाता है कि शिष्य एकल प्रस्तुति के लिए पूरी तरह तैयार है, तब उसके अरंगेत्रम का एलान किया जाता है।

भरतनाट्यम की दुनिया में इसे किसी नृत्यांगना का पहला कदम माना जाता है। अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को लेकर शिखा ने कहा कि 'भरतनाट्यम एक कला है, जो अपनी आत्मा से संवाद का अवसर देती है।

## निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी ने गली नम्बर 51 का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। चौहान बांगर वार्ड के तहत आने वाली गली नम्बर 51 जो पिछले दिनों काफी खराब स्थिति में थी जिस के कारण नाली का पानी गली में भर रहा था और लोगों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। गली में उस्मान गनी नामी मस्जिद भी है नाली के पानी और गंदगी से नमाज़ी भी परेशान थे। इस परेशानी को देखते हुए बाबर पूर ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद और निगम पार्षद शगुफ्ता ने फोरन संज्ञान लेते हुए अपने फंड से गली का निर्माण कराया। गली का निर्माण कार्य तेज़ी से किया गया और शनिवार रात गली बन कर तैयार हुई। रविवार को गली का उद्घाटन निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी जुबेर ने अपने हाथों से किया। इस मौके पर उस्मान गनी मस्जिद के इमाम सबिउद्दीन सहाब, चौधरी जुबैर अहमद, अफसर खान, डेली गेट सैयद नासिर जावेद, जर्रार अहमद ख़ास तौर पर मौजूद थे।

**चौहान बांगर वार्ड को सुंदर बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है : शगुफ्ता चौधरी**

**निरीक्षण** — *आतिशी ने जनकपुरी व तिलकनगर की सड़कों का किया निरीक्षण*

## सड़कों व फुटपाथ के रख रखाव पर दिया गया जोर

**नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली की सड़कों को वर्ल्ड क्लास बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने लगातार चौथे सप्ताह ग्राउंड जीरो पर पहुंच कर सड़कों का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने जनकपुरी ईस्ट मेट्रो से तिलक नगर मेट्रो के बीच की सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों व फुटपाथ के रखरखाव, हार्टिकल्चर, ड्रेनेज व क्रॉसिंग को और ज़्यादा सुरक्षित व यूजर फ्रेंडली बनाने के तत्काल जरूरतों पर जोर दिया।**

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि सड़क पर फुटपाथ की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, फुटपाथ में एकरूपता नहीं है और मरम्मत की जरूरत है। साथ ही फुटपाथ पर कई जगह अतिक्रमण भी है। पेड़ों के छंटाई की जरूरत है, ड्रेनेज सिस्टम बेहतर करने की जरूरत है तथा हार्टिकल्चर में भी एकरूपता की जरूरत है। उन्होंने पाया कि इन सड़कों पर अभी सुधार की काफी गुंजाइश है। फुटपाथ के कुछ हिस्सों में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि, पेड़ों की समय पर छंटाई न होने, तारों के निकलने व गलत तरीके से लगाए गए साइन बोर्ड व अतिक्रमण के कारण फुटपाथ पर पैदल यात्रियों का मार्ग असुरक्षित और अवरुद्ध हो रहा है। इसपर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने



अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि, ये सड़क पश्चिमी दिल्ली की इतनी महत्वपूर्ण सड़क है और रोजाना यहां लाखों वाहनों की आवाजाही होती है। उसके बाद भी यहां सड़कों व फुटपाथ की अच्छी हालत न होना गलत गई। अरविंद केजरीवाल सरकार में यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने की दिशा में कोई भी लापरवाही व समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे में उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि, विभाग नए व इनोवेटिव आइडियाज के साथ इस सड़क को शानदार बनाने पर काम करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हफ़्ते भर में वो डिवीज़न की सभी सड़कों को बेहतर बनाने के लिए एक विस्तृत प्लान बनाए। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को जल निकासी प्रणालियों के रखरखाव, हार्टिकल्चर, पैदल यात्रियों की जरूरतों और सुरक्षा के अनुरूप फुटपाथ में बदलाव, पेड़ों की छंटाई, टूटे हुए कर्बस्टोन को बदलना, सेंट्रल वर्ज पर हार्टिकल्चर आदि को उच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सड़क की मौजूदा समस्याओं पर, मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को चेतावनी दी और उन्हें पूरे रोड स्ट्रेच का व्यापक निरीक्षण करने और प्राथमिकता के साथ एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

■ **पेड़ों की समय पर छंटाई न होने पर अधिकारियों को लगाई फटकार**

## वंशिका केसरवानी ने जीता मिस बेस्ट मॉडल का खिताब

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बॉलीवुड मिस्टर एंड मिस इंडिया सीजन -4 का दिल्ली के रोहिणी स्थित होटल क्राउन प्लाजा में किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली वंशिका केसरवानी ने भाग लिया। जोकि एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा से बेचलर्स ऑफ होटल मैनेजमेंट के साथ-साथ अपने फैशन को भी फोलो कर रही हैं। वंशिका एक्टिंग और मॉडलिंग से भी जुड़ी हैं। इस दौरान वंशिका केसरवानी को मिस बेस्ट मॉडल और फर्स्ट रनर अप का अवार्ड फिल्म अभिनेता चंकी पाण्डे ने प्रदान किया। इस मौके पर साहिल खान, यश अहलावत के अलावा फिल्म अभिनेत्री मोनिका बेदी और संगीता बिजलानी ने भी वंशिका को अवॉर्ड मिलने पर काफी सराहना की। तथा वहीं वंशिका का कहना है कि मैं अपनी कड़ी मेहनत और लगन से अपने माता पिता के साथ साथ देश का नाम भी रोशन करना चाहती हूं।



# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

लालकुआं पर शहर में आने जाने वाले लोगो का स्टॉप है परन्तु शौचालय न होने की स्थिति में बहुत परेशान का सामना करना पड़ता है। शौचालय लोगो की सुविधा के लिए बनवाया गया है साथ ही महिलाओं के लिए अलग से सैनेटरी पेड़ एवं महिलाओं द्वारा फीडिंग की जगह की भी व्यवस्था है : **सुनीता दयाल, महापौर**

## समाधान दिवस में सुनी समस्याएं ठेकेदार कंपनी ब्लैक लिस्ट

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की ओर से रविवार को सेक्टर-93बी सामुदायिक केंद्र में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां समस्या सुनने के बाद सीईओ लोकेश एम ने सेक्टर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में संजय कुमार खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, महाप्रबन्धक, सिविल, जल/सीवर, जन स्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबन्धक, पुलिस विभाग से सम्बन्धित क्षेत्र के थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सीईओ ने लापरवाही बरने वाले अधिकारियों को चेतावनी भी जारी की।

समााधान दिवस के दौरान वर्क सर्किल-8 के क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न आरडब्ल्यूए की समस्याओं को सुना गया। जनसामान्य द्वारा उठायी जा रही समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान सेक्टर-82, 92, 93, 93 (श्रमिक-।व ।।), 93ए, 93बी, 104, 107, 108, 110, 136, 141, 144



■ दो वरिष्ठ प्रबंधक को चेतावनी, दो प्रबंधकों को प्रतिकूल प्रविष्टि
■ अवर अभियंता का काटा दो माह का वेतन

आदि सेक्टरों के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिनके नियमानुसार व समयान्तर्गत निराकरण एवं शिकायतों पर समुचित कार्रवाई करने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित को आश्वस्त किया गया। समाधान दिवस के दौरान मुख्यत: बिजली के पैनल व खुले तारों एवं स्ट्रीट लाईट की अक्रियाशीलता, सेक्टरों में नालियों व सड़कों की सफाई, डेंगु-मलेरिया आदि बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित किये जाने हेतु नियमित रूप से फागिंग एवं एन्टी-लार्वा ड्राइव, जलापूर्ति एवं सीवर लाइन से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त मैट्रो स्टेशन एवं आवासीय सेक्टरों के मध्य समुचित कनेक्टिविटी के सुझाव, बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउण्ड बनाने आदि से अवगत कराया।

इसके बाद सीईओ और अन्य अधिकारियों ने सेक्टर-104 का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण में पाई गई कमियों के दृष्टिगत सीवर लाइन एवं ड्रेन संबंधी शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने, क्षतिग्रस्त सड़क को ब्लैक टॉप कराये जाने एवं सीवर लाइन के मुख्य सीवर लाइन से संयोजन संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए।

सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को भी कार्य में शिथिलता पाए जाने पर वरिष्ठ प्रबंधक जल -प्रथम संजय पाराशर एवं आर के शर्मा को कड़ी चेतावनी, प्रबंधक नत्थू सिंह, राहुल कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि, संबंधित अवर अभियंताओं के 2 माह का वेतन काटने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही अनुबंधकर्ता प्रकाश एंड कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए ब्लैक लिस्ट किये जाने जाने का निर्देशित किया गया।

## एक जुलाई से अब तक 426 अभियोगों में दिलाई गई सजा

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन की प्राथमिकताओं में से एक अपराधियों को सजा दिलाना है। इसी को लेकर 1 जुलाई 2023 से प्रदेशव्यापी 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाया जा रहा है। इसके क्रम में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए मुख्यालय स्तर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के निर्देशन में एक विशेष सेल का गठन किया गया है।

इसका कार्य सभी प्रकार के अभियोगों में मुकदमो का चिन्हीकरण कर, प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाना है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर प्रत्येक जोन में जोनल पुलिस उपायुक्त के अधीन एक अभियोजन/ मॉनिटरिंग सेल की स्थापना की गई, जो अपने जोन के अन्तर्गत समस्त अभियोगों की पैरवी के लिए उत्तरदायी बनाया गया। थाना स्तर पर प्रत्येक थाने में अभियोजन सेल का गठन किया गया, जो प्रतिदिन गवाहों की उपस्थिति, गवाहों के बयान कराये जाने हेतु उत्तरदायी बनाया गया।

■ सजा दिलवाने के लिए नोएडा पुलिस ने बनाया एक विशेष सेल

इस विशेष गठन के बाद स्थानीय पुलिस/पब्लिक के गवाहों की शत-प्रतिशत उपस्थिति माननीय न्यायालय में सुनिश्चित की गई। इसके परिणाम स्वरूप जनपद गौतमबुद्ध नगर में दिनांक 1 जुलाई 2023 से अब तक कुल 426 अभियोगों में अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है, जिसमें शासन के चिन्हित माफिया, सनसनीखेज अपराध, पाक्सो एक्ट के तहत विशिष्ठ मामलों के अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। सजा से सम्बन्धित समस्त विवरण को ऑपरेशन कन्विक्शन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त जनपदों में ऑपरेशन कन्विक्शन के मामले में जनपद गौतमबुद्धनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।



## महापौर ने किया पिंक टॉयलेट व ब्लू टॉयलेट का लोकार्पण

**गाजियाबाद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को वार्ड 22 लालकुआं आई एम एस कॉलेज के पास नगर निगम द्वारा निर्मित पिंक टॉयलेट एवं ब्लू टॉयलेट का लोकार्पण किया।

टॉयलेट में 5 शीट महिलाओं, 5 शीट पुरूष, 1 शीट दिव्यांग, बच्चों के लिए शीट, एक रूम फीडिंग के लिए, एवं ऊपर एक रूम स्टाफ के लिए बनाया गया है। जिसकी लागत लगभग 19 लाख है।

महिलाओं को मिलेगी सैनेटरी पेड़ एवं फीडिंग रूम की सुविधा

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि लालकुआं पर शहर में आने जाने वाले लोगो का स्टॉप है परन्तु शौचालय न होने की स्थिति में बहुत परेशान का सामना करना पड़ता है। शौचालय लोगो की सुविधा के लिए बनवाया गया है साथ ही महिलाओं के लिए अलग से सैनेटरी पेड़ एवं महिलाओं द्वारा फीडिंग की जगह की भी व्यवस्था है। जिससे यात्रियों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी, साथ ही दिव्यांगजनो के लिए 1 शीट की व्यवस्था की गई है। शौचालय को सभी लोगो की सुविधा के आधार पर बनाया गया है जिसमे बच्चे, महिलाएं, पुरूष, दिव्यांगजन सभी को अच्छी सुविधा उपलब्ध की जाएगी।

पार्षद विनिल दत्त ने बताया कि इस स्थल पर शौचालय न होने के कारण बहुत समय से मांग थी जो आज पूरी हुई है। अधिशासी अभियंता जैदी ने बताया कि उपरोक्त स्थल पर शौचालय के निर्देश महापौर द्वारा प्राप्त हुए थे जिसको आज लोकार्पण किया।

## सार संक्षेप

### कार्य में लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी निलंबित

**नोएडा।** नोएडा पुलिस के अधिकारियों द्वारा लापरवाह पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने का सिलसिला जारी है। कार्य और विवेचना में लापरवाही बरतने पर सेक्टर-18 चौकी प्रभारी मनोज मलिक को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि संबंधित प्रभारी द्वारा जनशिकायतों का भी सही से निस्तारण नहीं किया जा रहा था। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की ओर से चौकी प्रभारी के निलंबन की कार्रवाई की गई है। डीसीपी हरीश चंदर ने निलंबन की पुष्टि की है। इससे पहले महिला संबंधी अपराध की विवेचना में लापरवाही बरतने पर फेज दो थानाक्षेत्र स्थित एनएसईजेड चौकी प्रभारी रणधीर सिंह को निलंबित किया गया था। साथ ही लापरवाही बरतने पर ही शनिवार को अट्टा चौकी प्रभारी कृष्णवीर सिंह को भी लाइन हाजिर किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक आगे भी लापरवाही बरतने पर प्रभारियों के खिलाफ ऐसी ही सख्त कार्रवाई होती रहेगी।

### आवासी कल्याण समिति निर्विरोध चुनी गई



**नोएडा।** आवासीय कल्याण समिति सेक्टर-27 की निर्विरोध नवगठित टीम का रविवार को गठन हुआ है। कन्हैयालाल अवाना (अध्यक्ष) के, एस, कनक (महासचिव), भरत लाल (कोषाध्यक्ष), पन्ना लाल शर्मा (संरक्षक), महेन्द्र कटारिया, बीबी बलेचा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), वीके मेहरा, दिलीप जायसवाल (उपाध्यक्ष), अनिता निगम, मुद्रिका प्रसाद (सचिव), जेएस वर्मा, डॉ. कपिल त्यागी (संयुक्त सचिव), जीसी मिश्रा (सह कोषाध्यध), देवी राम, आरडी यादव, श्याम सुंदर गर्ग, राजेश वालिया, रामवीर सिंह सदस्य व दो मनोनीत सदस्य निखिल पांडे, संजय वर्मा भी बने। सभी का परिचय सम्मेलन में फूल माला पहनाकर, शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस मौके पर कन्हैयालाल ने कहा कि आप लोगों ने जो जिम्मेदारी दी है उसका अक्षर सा पालन किया जाएगा।

### यूपी अंडर-19 क्रिकेट टीम में अक्षय दुबे का चयन

**नोएडा।** सेक्टर-19 निवासी अक्षय दुबे का यूपी के अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन किया गया है। प्रदेश की टीम वीनू मांकड़ ट्राफी खेलेगी। यूपी का पहला मुकाबला 12 अक्टूबर को दिल्ली में है। पायनियर क्रिकेट क्लब के अक्षय दुबे को यूपी की टीम में बल्लेबाज विकेट कीपर के रूप में चुना गया है। अक्षय ने हाल ही में यूपी टी-20 लीग का भी हिस्सा थे। उन्हें काशी की टीम के लिए चुना गया था। साथ ही इससे पहले भी वह यूपी के अलग-अलग आयुवर्ग में खेल चुके हैं। प्रदेश की टीम में जिले से सिर्फ अक्षय दुबे का चयन किया गया है। वीनू मांकड़ ट्रॉफी में इस खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। अक्षय दुबे ने बताया कि प्रदेश की टीम में चुने जाने से खुश हूं। आने वाली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

## दुकान का शटर काटकर प्रोटीन सप्लीमेंट चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने दुकानों के शटर काटकर महंगे प्रोटीन सप्लीमेंट चोरी करने वाले गिरोह के 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रोटीन के डब्बे बरामद किए गए है। इसकी कीमत करीब नौ लाख रुपए आंकी जा रही है। एक चोरी की मारूती ईको कार, 1 मारूति अल्टो कार आदि बरामद की गई है। इनकी पहचान धीरेन्द्र उर्फ सुनील पुत्र राम जन्म कुशवाहा, सुलतान पुत्र लल्लू बक्स, मौहम्मद असलम पुत्र अफसर हुसैन और मौहम्मद शाकिर पुत्र हिमायत हुई है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि 27 सितम्बर 2023 को पीड़ित ने सूचना दी कि उनकी सेक्टर-117 स्थित जिम प्रोटीन सप्लीमेंट की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा शटर काट कर रात्रि के समय प्रोटीन सप्लीमेंट चोरी कर लिए गए। सूचना पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि गैंग लीडर धीरेंद्र उर्फ सुनील नजफगढ़ दिल्ली में जिम प्रोटीन/सप्लीमेंट की दुकान चलाता है। एनसीआर क्षेत्र में रैकी कर इस प्रकार की दुकान को चिन्हित कर लेता है। इन बदमाशों पर दिल्ली, हरियाणा और यूपी में मुकदमें दर्ज है।



■ बदमाशों में एक खुद दिल्ली में चलाता है सप्लीमेंट बेचने की दुकान

## आम आदमी पार्टी के सिपाही डरने वाले नहीं, संजय सिंह की लड़ाई पार्टी जारी रखेगी : भूपेन्द्र जादौन

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के उप्र प्रभारी सांसद संजय सिंह की ईडी द्वारा गिरफ्तारी से आम जनमानस में भारी रोष है। यह कार्रवाई, मोदी-अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह को दबाने की साजिश है। संजय सिंह की गिरफ्तारी से नाराज कार्यकर्ताओं ने पिछले दिनों में यूपी सहित पूरे देश भर में विरोध प्रदर्शन किया।

जिला प्रभारी सीएम चौहान ने प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी इंडिया गठबंधन से चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सीएम चौहान ने कहा कि फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए। लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नही लिया। सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं है क्या अभियुक्त को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नहीं आया? अचानक से ईडी द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के अंदर अभियुक्त को जमानत मिल गई और ईडी ने उसकी जमानत का कोई विरोध नहीं किया। जमानत के कुछ दिन बाद ही उसको सरकारी गवाह बना दिया गया। 12 घंटे ईडी की रेड चली जिसमें सांसद संजय सिंह के घर का कोना कोना छान मारा फिर भी कुछ नहीं मिला



इसके बावजूद गिरफ्तार किया। ईडी भाजपा के दबाव में काम कर रही है। इसलिए सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार करने से पहले सम्मन तक नहीं भेजा। संजय सिंह लगातार मोदी अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ते रहे है।

जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र जादौन ने कहा कि संजय सिंह ने मणिपुर हिंसा में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ सदन में आवाज उठाई तो उन्हे राज्य सभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। आज तक वो निलंबित है। सांसद संजय सिंह लगातार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यको व समाज के कमजोर वर्गों की आवाज लगातार उठाते रहे है। सरकार से सवाल पूछते रहे है। मोदी की तानाशाही से डरने वाले नहीं हैं इस तानाशाही के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## विहिप बजरंग दल ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

**गाजियाबाद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा पूरे महानगर में संचालित की गई। जिसमें श्री राम जी के मंदिर का रथ तथा हजारों बजरंगदल के कार्यकर्ता शामिल हुए।एक जनसभा भी की गई। सभा के मुख्य वक्ता सोहन सोलंकी (क्षेत्रीय संगठन मंत्री विहिप), विशिष्ठ अतिथि धर्मगुरु डॉ. पवन सिन्हा, क्षेत्रीय धर्म प्रसार प्रमुख यशपाल, राष्ट्रीय कवि कमल आग्नेय, कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष राम अवतार जिंदल, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राजेश राजोरा तथा विहिप महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता ने श्री राम मंदिर निर्माण कार्य तथा जनवरी, 2024 में मंदिर में राम लला की मूर्ति स्थापित कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया तथा सभी हिन्दू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। जातियों में बंट कर हमारा समाज कमजोर हो रहा है। हमें इससे बचने की अवश्यकता है। धर्मगुरु डॉ. पवन सिन्हा ने श्री राम भगवान के अस्तित्व पर प्रश्न करने वालों को चेतावनी के साथ सनातन धर्म की शक्ति के विषय में जानकारी प्रदान की। कवि कमल आग्नेय ने अपनी ओजस्वी और क्रांतिकारी आवाज में पूरे सदन का हृदय जीत लिया। 5000 के जन समूह का स्वागत महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने किया। कार्यक्रम में विहिप, बजरंगदल के क्षेत्रीय, प्रांतीय, विभाग के अधिकारीगण, महानगर संगठन मंत्री मनीष सिसोदिया, महानगर मंत्री श्री अनिल रावत, गाजियाबाद के विधायक अतुल गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा, सभी पार्षद बंधुओं के साथ बहुत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



जातियों में बंट कर कमजोर हो रहा है हमारा समाज : सोहन सोलंकी

## खुला आसमान है पंख पसारने के लिए बस उड़ान भरनी है : मारवाह

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। एशियन अकादेमी ऑफ़ आर्ट्स द्वारा आयोजित 9वें ग्लोबल साहित्य महोत्सव नोएडा के अंतिम दिन एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था भारतीय साहित्यिक परिदृश्य में महिला लेखिकाओं का योगदान और चुनौतियां, इस विषय पर चर्चा करते हुए ए.ए.एफ.टी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप मारवाह ने कहा वैसे तो हमारा साहित्य महिला लेखिकाओं से भरा हुआ है फिर चाहे वो सुभद्राकुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, शिवानी, कृष्णा सोबती, उषा प्रियंवदा, मन्नू भंडारी या अमृता प्रीतम हो लेकिन जहां तक मेरी सोच जाती है हिंदी साहित्य में अपनी पहचान बनाने के लिए अभी भी महिलाएं संघर्ष कर रही है जबकि उनकी लेखनी में वो ओजस्विता होती है।



इस अवसर पर कुछ कुछ होता है, बेटा, साजन, राजा हिंदुस्तानी, देवदास, कभी खुशी कभी गम, जैसी फिल्मो के गीतकार समीर अंजान, सिनीसा पविक दिल्ली में सर्बिया गणराज्य का दूतावास के प्रभारी, हिंदी उर्दू व अवधी के कवि प्रताप सहगल, लेखक तन्मय दुबे, उपन्यासकार ज्योति झा, जे.पी. सिंह साहनी, नरेश मुद्गल और भाजपा वरिष्ठ नेता विजय जौली ने इस विषय पर अपने अपने विचार रखे व छात्रों के सवालों के जवाब दिये। गीतकार समीर ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर आपके अंदर रिदम है, प्रेम, और संगीत के प्रति रूचि है तो लेखन में गीत ग़ज़ल लिखना आसान है, अंत में डॉ. रमा सिंह को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया साथ ही कवि कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भरतनाट्यम नृत्यांगना कुमारी सोमशेखरी, उस्ताद अकरम खान, तबला समीर शीतला पांडे, बॉलीवुड गीतकार पं. राम दयाल शर्मा, नौटंकी लोक कलाकार कृष्ण कन्हाई, चित्रकार देवेन्द्र राज अंकुर, रंगमंच सीतेश आलोक, लेखक डॉली डबराल, कवयित्री और लेखिका आदित्य आर्य, फोटोग्राफर को अटल बिहारी वाजपेयी पुरस्कार से नवाज़ा गया।

## स्तन कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए दौड़े लोग

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्तन कैंसर के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए रविवार को इक्रिस रन 2023 का आयोजन किया गया। ये आयोजन इक्रिस फार्मा नेटवर्क, नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन और सत्व शिल्प ने संयुक्त रूप से किया। स्तन कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है जिससे दुनिया भर में अनगिनत लोगों की जान जाती है। भारत में भी इस बीमारी का प्रकोप बहुत ज्यादा है। ग्लोबोकॉन 2020 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में हर चार मिनट में एक महिला में स्तन कैंसर का पता चलता है। हर साल लगभग 1,78,000 नए स्तन कैंसर के केस का पता चलता है। स्तन कैंसर का यह आंकड़ा सर्वाइकल कैंसर को पीछे छोड़ दिया है और अब स्तन कैंसर भारतीय महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर बन गया है। रविवार को आयोजित इस रन में लगभग 600 प्रतिभागियों ने चार अलग-अलग स्पर्धाओं में भाग लिया। इन स्पर्धाओं में 5 किलोमीटर की दौड़, 10 किलोमीटर की दौड़, और 3 किलोमीटर की पैदल दूरी शामिल थी। 3 किमी की पैदल दूरी नॉन कम्पीटीटिव (गैर-प्रतिस्पर्धी) प्रतियोगिता थी। दौड़ के दौरान सटीक समय रिकॉर्ड करने के लिए सभी प्रतिभागियों को एक ई टैग दिया गया, दौड़ के समापन के दौरान धावकों को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।



## भांजी के साथ गंदी हरकत करने वाला युवक पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली इलाके में अपनी भांजी के साथ गन्दी हरकत कर उसकी गला दबाकर हत्या करने वाले 27 वर्षीय युवक कोतवाली पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया। उसे शनिवार की देर रात्रि जिला एमएमजी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए लाई थी, तभी उसने पुलिस कर्मी ।की पिस्टल छीनने की कोशिश की थी। उसे घायल अवस्था मे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डीसीपी सिटी अंकुर अग्रवाल ने रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली में शनिवार को एक 27 वर्षीय युवक ने अपनी ही 07 वर्षीय भांजी के साथ अश्लील हरकत करने के बाद उसका गला घोट कर हत्या कर दी थी। पुलिस द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया था।



मेडिकल परीक्षण के दौरान पुलिस कर्मी की पिस्टल छीनकर चलाई चलाई गोली

इसी क्रम में अभियुक्त का मेडिकल परीक्षण कराने हेतु उसको जिला एमएमजी अस्पताल लेकर गए थे। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद वापिस लाने के दौरान आरोपी ने उसके साथ मौजूद पुलिसकर्मी का पिस्टल छीन कर भाग जाने की कोशिश की, इसी दौरान उसने पुलिस के ऊपर फायरिंग भी की, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर के गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ग्लोबल आयुर्वेदिक शिखर सम्मेलन विदेशी प्रतिनिधियों में दिखा उत्साह



**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्लोबल आयुर्वेदिक शिखर सम्मेलन में पंद्रह देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों ने वन सन, वन अर्थ एड वन फैमिली थीम के तहत ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेन्टर में शामिल हुए। सम्मेलन में मॉरीशस, फिजी, मंगोलिया, गाम्बिया, किर्गिज गणराज्य, इथियोपिया, इरिट्रिया, नाइजीरिया, गिनी, सेचलीस, लेसोथो, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, अंगोला, सूरीनाम ने हिस्सा लिया। उजबेकिस्तान के राजदूत सदरिद्दीन एल सुयारोव ने कहा कि उनका देश आयुर्वेद शैक्षिक और उपचार, संकाय आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के साथ संबंध बनाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर जड़ी-बूटियों की प्रदर्शनी, शुष्क आयुर्वेद चिकित्सा प्रदर्शनी और पंचकर्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. महेश शर्मा सांसद, डॉ. डी.के. गर्ग चेयरमैन, प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र बी. खेडेकर, तुषार आर्य, अमन मौजूद रहे।

## रामलीला की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई समीक्षा बैठक

**नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित होने वाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज सेक्टर-9 स्थित समिति के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था, मंचन व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि मंच के निर्माण का कार्य जोरों से चल रहा है। मंच को पूरा भव्य बनाया जाएगा। तीन मंजिला मंच होगा। पुतला बनाने का भी काम चल रहा है। रावण, कुंभकरण, मेघनाद का पुतला दहन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के अतिरिक्त 100 स्वयंसेवक हमेशा तैनात रहेंगे। बैठक में समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, बजरंगलाल गुप्ता, राजकुमार गर्ग, तरुण राज, अनिल गोयल, पवन गोयल, मोतीराम गुप्ता, एस एम गुप्ता, सुधीर पौडवाल, ललित सिंघल, विनय हिन्दू, अर्जुन अरोड़ा, किशनलाल आदि उपस्थित थे। श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला मंचन का भव्य आयोजन कर रही है। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। 15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा। समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग ने बताया कि 19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी। 24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। 25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।



उवाच

सफलता तभी प्राप्त होती है जब आप समस्याओं को समझ उनका हल भी निकाल सकते हो। हर काम को जोश एवं सच्चाई के साथ करे और अपने देश की सम्मान करे।

**पी.के. गुप्ता, शारदा विश्वविद्यालय वाइस चांसलर**

# कैपिटल ज़ोन

## अवनी ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई



**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दसवीं कक्षा की छात्रा अवनी सिंह ने कुफरी हिमाचल प्रदेश के मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 25वीं ऑल इंडिया सुरेंद्र कुमार इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में क्वालिफाई किया है। स्कूल की प्रिंसिपल मीता शर्मा और उनके कोच सुभाष राणा ने उन्हें बधाई दी और कर्णी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दीं। अवनी सिंह ग्रेटर नोएडा के एसोटेक सोसाइटी में अपने परिवार के साथ रहती है, जो जेनसिस स्कूल में दसवीं की छात्रा हैं। अवनी की इस उपलब्धि के लिए उनके माता-पिता, दोस्त और परिवार उसकी उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते हैं। इनके माता पिता ने अपनी बच्ची को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्ची आगे बढ़ते हुए ऊंची मुकाम हासिल करे, परिवार की तरफ से पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

## किसानों के लीजबैक का प्रकरण ग्रेनो प्राधिकरण के लिए बना मुसीबत

■ **लीजबैक के 237 मामलों को शासन द्वारा खारिज किए जाने का विरोध**

■ **किसानों का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना एवं प्रदर्शन आज**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन स्तर पर एसआईजी की जांच रिपोर्ट पर किसानों के 237 लीजबैक प्रकरणों को निरस्त किए जाए पर एक बार फिर ग्रेटर नोएडा में किसानों का आंदोलन उबाल पर आया गया है। किसानों के आंदोलन से एक बार फिर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों के लिए मुसीबत बन सकती है। किसान सभा ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। किसान सभा की जिला कमेटी ने 7 अक्टूबर की बैठक में फैसला लिया था कि 9 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि शासन ने नवम्बर 2020 में बिसरख जलालपुर के प्रकरणों में जांच के लिए डॉक्टर अरुण वीर की अध्यक्षता में एसआईटी जांच का गठन किया था जिसका दायरा बाद में बढ़ाकर लीज बैक के सभी प्रकरणों के लिए कर दिया गया था। एसआईटी की जांच लंबे समय तक चली तत्कालीन एसीईओ केके गुप्ता ने किसान विरोधी रुख अपनाते हुए किसानों के खिलाफ अपने रिपोर्ट एसआईटी अध्यक्ष अरुण वीर को सौंप दी थी, डॉ. अरुण वीर ने वही रिपोर्ट शासन के लिए अग्रसारित कर दी और शासन ने उस रिपोर्ट को मानते हुए 237 प्रकरणों में लीजबैक को खारिज करने का पत्र प्राधिकरण को 4 अक्टूबर 2023 को प्रेषित कर दिया। गौरतलब है कि 21 सितम्बर 2021 के कार्यक्रम में किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने मुख्यमंत्री से शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए लंबित लीज बैक प्रकरणों के अनुमोदन की मांग उठाई थी जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 23 सितम्बर 2021 को 1451 मामलों में लीज बैक करने के निर्देश जारी कर दिए थे किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा अभी हाल ही में किसान सभा के ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन में 533 प्रकरणों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था जिसमें पूरी उम्मीद थी कि सभी प्रकरणों में शासन स्तर से अनुमोदन हो जाएगा परंतु शासन द्वारा प्रेषित पत्र में 237 किसानो की लीजबैक के प्रकरणों को खारिज करने की बात कही गई है इससे किसानों में भारी आक्रोश है और किसान सभा ने इस मुद्दे पर 9 अक्टूबर को प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

## तीन हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे से पुलिस पूरे जिले पर रखेगी नजर

■ **महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों की सुरक्षा के लिए जिले में 322 डार्क स्पॉट चिन्हित**

■ **सेफ सिटी परियोजना के तहत जिले मे डार्क स्पॉट, स्ट्रीट लाइट व पेट्रोलिंग के लिए चिन्हित स्थानों पर लगेंगे कैमरे**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सेफसिटी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार पैनी नजर रखने के लिए पूरे प्रदेश में करीब 22 हजार कैमरों की पहचान की है। गृह विभाग ने सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण के तहत 17 नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में इन्टीग्रेशन के लिए 21,968 कैमरों की पहचान की है, जिसमें से 15,732 को कंट्रोल रूम से इन्टीग्रेट किया जा चुका है। इसके अलावा नए कैमरों के लिए 4,150 हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। यहां नए कैमरे लगाने का काम जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 1861 हॉट-स्पॉट को चिन्हित कर 656 पीआरवी द्वारा पेट्रोलिंग करायी जा रही है। इस दौरान 2324 डार्क स्पॉट्स को भी चिन्हित किया गया है, जिसमें से 1416 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट स्थापित की जा चुकी है। यूपी पुलिस ने सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 3139 सीसीटीवी की पहचान की है जबकि दूसरे नंबर पर कानपुर में 3019, तीसरे नंबर पर मेरठ में 2120, चौथे नंबर पर गाजियाबाद में 1464 और पांचवे नंबर पर लखनऊ में 1461 सीसीटीवी की पहचान की है। इसी तरह महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए एक सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण देने के लिए 2324 डार्क स्पॉट चिन्हित किये हैं। इनमें पहले नंबर पर गौतमबुद्धनगर में 322, दूसरे नंबर पर कानपुर में 268, तीसरे नंबर पर गाजियाबाद में 263, चौथे नंबर पर वाराणसी में 196 और पांचवे नंबर पर अलीगढ़ में 182 डार्क स्पॉट चिन्हित किये हैं। इसके अलावा यूपी पुलिस ने 4150 हॉट स्पॉट सीसीटीवी के लिए चिन्हित किये हैं। इनमें पहले नंबर पर वाराणसी में 728, दूसरे नंबर पर लखनऊ में 509, तीसरे नंबर पर कानपुर में 449, चौथे नंबर पर अलीगढ़ में 353 और पांचवे नंबर पर मेरठ में 316 हॉट स्पॉट स्थानों की सीसीटीवी के लिए पहचान की गई है। वहीं यूपी-112 की ओर से पेट्रोलिंग के लिहाज से 1861 स्थानों की पहचान की गयी। इनमें सबसे ज्यादा लखनऊ में 299, दूसरे नंबर पर गोरखपुर में 190, तीसरे नंबर पर सहारनपुर 183, चौथे नंबर पर कानुपर और प्रयागराज में 173 और पांचवे नंबर पर मेरठ में 151 स्थानों की पहचान की गई है। वहीं इन स्थानों पर पेट्रोलिंग के लिए 656 पीआरवी को लगाया गया है। इनमें सबसे ज्यादा लखनऊ में 87, दूसरे नंबर पर कानपुर 80, तीसरे नंबर पर गौतमबुद्धनगर 63, चौथे नंबर पर मरेठ में 51 और पांचवे नंबर पर गाजियाबाद में 50 पीआरवी को पेट्रोलिंग के लिए लगाया गया है।

## सार संक्षेप

### ईंटों के ढेर से टकराई कार, चालक की मौत

**रबूपुरा।** रविवार सुबह अपने गांव लौट रहे व्यक्ति की कार अनियंत्रित होकर ईंटों के ढेर से जा टकराई। हादसे में गम्भीर रूप से घायल हुए कार सवार की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी अनुसार रविवार सुबह गांव फलैदा निवासी हुशियार पुत्र रिछपाल किसी काम से पड़ोस के गांव गया था। बताया जाता है वहां से लौटते समय गांव सिरौली बांगर के समीप उसकी कार अनियंत्रित होकर ईंटों के ढेर से जा टकराई। दुघर्टना में हुशियार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए ले जाने लगे लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। उधर पुलिस का कहना है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में शिकायत मिलने पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय जन अधिकार पार्टी की बैठक संपन्न



**जेवर।** कस्बे के जेवर बांगर स्थित आर एंड आर कॉलौनी स्थित रोही गांव में रविवार को राष्ट्रीय जन अधिकार पार्टी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी को मजबूत करने के लिए विस्तार किया गया। राष्ट्रीय जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष सुमित गुहेर ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी रणवीर झंगारा का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। बैठक में पार्टी का विस्तार करते हुए विवेक बेनीवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित राजपूत को प्रदेश महासचिव, आशीश भारती को जिला महासचिव व योगेष बाल्मीकि को जिला सचिव मनोनीत किया गया। इस मौके पर विकास राघव, अनिकेत बेनीवाल, वरूण बाल्मिकी, प्रशांत बेनीवाल, हेमंत, दिनेश व शिवा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस की मुस्तैदी से बची आठ वर्ष के बच्चे की जान


**दनकौर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर पुलिस की मुस्तैदी के चलते आठ वर्ष के



बच्चे की जान बची है। दरअसल, बच्चे का पड़ोसी उसको देर रात को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। जहां जंगल में जाकर आरोपी उसके साथ घिनौनी घटना को अंजाम देने वाला था। उससे पहले पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसको देखकर आरोपी बच्चे को छोड़कर मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने बच्चे को परिजनों के सुपर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि आठ वर्ष का बच्चा बिलासपुर में शनिवार की रात घर के नजदीक खेल रहा था। उसी दौरान पड़ोस का एक युवक उसे साइकल पर घूमाने के बहाने जंगल में ले गया। जहां आरोपी उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम देने वाला था। उसी दौरान परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि उनका बेटा गायब हो गया है। जिसे कोई उसे जंगल की तरफ ले गया है। जिसके बाद पुलिस रात को ही जंगल में पहुंची। जहां पुलिस को देखकर आरोपी बच्चे को छोड़कर भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी घटना को अंजाम देकर बच्चे की हत्या भी कर सकता था। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है, जिसको गिरफ्तार किया जाएगा।

## खुशी कुमारी मॉस्को में कैडेट यूथ एम्बेसडर के रूप में भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व



■ **31वीं यूपी गर्ल्स वाहिनी एनसीसी, गलगोटियास यूनिवर्सिटी की हैं सीनियर अंडर ऑफिसर**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। 31वीं यूपी गर्ल्स वाहिनी एनसीसी, गलगोटियास यूनिवर्सिटी की सीनियर अंडर ऑफिसर खुशी कुमारी को 20 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक मॉस्को रूस में कैडेट यूथ एम्बेसडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। लेफ्टिनेंट गार्गी त्यागी एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर ने कहा कि वह 31 यूपी गर्ल्स बीएन एनसीसी और गलगोटियास यूनिवर्सिटी से यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए विदेश जाने वाली पहली कैडेट बनने जा रही हैं। यह हम सबके लिये बहुत ही अद्भुत पल हैं। खुशी के माता पिता ने भी बताया कि वह शुरुआत से ही सेना में जाना चाहती है। और एनसीसी ने उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का एक माध्यम दिया है। विवि के वाइस चांसलर डा. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने खुशी की इस बड़ी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन की परिधि में रहकर कठिन परिश्रम करने से आपको ये महान उपलब्धि हासिल हुई है। विश्वविद्यालय से चॉसलर सुनील गलगोटिया ने खुशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत की बेटियां राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। आप अपने जीवन में नए नए कीर्तिमानों की स्थापना करें। ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है।

विवि के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि खुशी का रूस में भारत का प्रतिनिधित्व करना गलगोटियाज विश्वविद्यालय के लिए एक गौरव का क्षण है।

## संतोष ट्रॉफी फुटबॉल चैंपियनशिप ग्रुप सी में यूपी ने झारखंड को 2-1 से किया पराजित





■ **शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में अरविन्द मेनन अध्यक्ष सांसद सुरेन्द्र नागर ने किया उद्घाटन**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। 77वीं सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी ग्रुप सी का मैच गौतम बुद्ध नगर फुटबाल संघ के सहयोग से शहीद विजय पथिक स्पोर्ट्स फुटबाल मैदान पर रविवार को नेशनल सिनीयर फुटबाल चैंपियनशिप (सन्तोष ट्राफी) में उद्घाटन मैच मे उत्तर प्रदेश टीम ने झारखण्ड फुटबल टीम को संघर्षपूर्ण मैच में 2-1 से हरा दिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अरविन्द मेनन अध्यक्ष उ.प्र. फुटबाल संघ ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत यूपी फुटबाल संघ के महासचिव मो. शाहिद ने किया।। इस अवसर पर सुरेन्द्र नागर, सांसद (राज्यसभा), सुजीत कुमार सांसद, तेजपाल नागर विधायक दादरी, पुष्कर शर्मा उपाध्यक्ष यूपी फुटबाल संघ, मो. कमरूद्दीन उपाध्यक्ष यूपीएफएस, आशुतोष द्विवेदी एसीओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, एसडीएम सदर, अमित पवार, हिमांशू व्यास आदि विशिष्ट अतिथियों ने उत्तर प्रदेश व झारखंड टीम का मैच का आनन्द लिखा। विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत सम्मान गौतमबुद्ध नगर फुटबाल संघ के सचिव वाजिद अली ने किया। इस मैच में यूपी टीम की ओर से राधा रमन व आदित्य राज सिंह ने 16 व 30 मिनट में गोल किया तथा झारखंड की ओर से एक मात्र गोल लाल हिरयात पुरिया ने किया। उद्धाटन मैच से पूर्व सुबह मणिपुर व तामिलनाडू के मध्य व नागालैण्ड व मध्य प्रदेश के मध्य मैच खेला गया, जिसके मणिपुर ने तामिलनाडु के 1-0 से तथा नागालैण्ड ने मध्यप्रदेश टीम को से पराजित किया। मणिपुर के एक मात्र गोल 89 वे मिनट में सैमसन ने किया।

## उप्र प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने ब्लॉक में की बैठक

**जेवर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लॉक सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें 18 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले शिक्षा मित्र संघ के धरने को सफल बनाने के बारे में चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया गया। जगवीर भाटी ने बताया कि शिक्षा मित्रों के नियमितीकरण को लेकर 18 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। धरने को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी से बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने की अपील की।



उन्होंने कहा कि वह निराशावादी न बने आशावादी बने, तभी लड़ाई जीती जा सकती है। किसी को मानदेय की समस्या हो, बीएलओ की समस्या हो, किसी को विद्यालय में परेशान किया जा रहा हो या कोई अन्य समस्या हो वह संगठन को अवगत कराये, संघठन उस समस्या को निस्तारण करने का काम करेगा।

बैठक का संचालन दादरी ब्लॉक अध्यक्ष नरेश खारी ने किया। इस मौके पर रवि करण, राजीव शर्मा, कृष्ण अवतार, सुनील भाटी, राजीव, कालूराम, महेश, नीलम, रेखा, हेमलता, गीता, ममता, खेमानद, नीरज सिवारा गोपी, वीरपाल, नेमो, सुधा, सविता, सत्यप्रकाश, अर्चना, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

## किसान नेता के आवास पर आशाओं की बैठक

**रबूपुरा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेवर के प्रभारी के तबादले के मामला तूल पकड़ता जा रहा है।



पहले कुछ आशाओं द्वारा एक पत्र जारी कर महिला किसान नेता पर अनावश्यक दबाव बनाकर तबादला कराने का आरोप लगाते हुए उक्त प्रभारी की जेवर में तैनाती की मांग की गई थी। लेकिन अब मामले में नया मोड़ आता दिख रहा है। जेवर स्वास्थ्य केंद्र से सम्बंधित आशाओं ने किसान एकता संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी के आवास पर बैठक का आयोजन कर गीता भाटी पर लगाये आरोपों को गलत बताया है। साथ ही तबादला हुए स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी नवीन राजोरिया व एक अन्य कर्मचारी अंजुम निगार पर आशाओं का विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न करने, फर्जी हस्ताक्षर करने एवं धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रभारी की पुन: तैनाती का विरोध किया है। आशाओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर कहा है नवीन राजोरिया की पुन: तैनाती जेवर में नहीं करते हुए दूसरे कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटा कर आशाओं की समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग की है।

## बैक्सन कॉलेज व जीबीयू मिलकर आयोजित करेंगे विश्व मानसिक जन जागरुकता सप्ताह

■ **जागरूकता सप्ताह में नि:शुल्क परामर्श सेवा, मानसिक विशलेषण, योग, कॉउसिलिंग, उपचार एवं औषधि का होगा वितरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा डिपार्टमेन्ट ऑफ साइकोलॉजी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के द्वारा संयुक्त रूप से विश्व मानसिक जन जागरूकता सप्ताह का आयोजन 10 से 13 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्थान बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, प्रज्ञान स्कूल, एवं ग्राम घोड़ी बछेड़ा पर होना निर्धारित हुआ है। 14 अक्टूबर को जीबीयू में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। इस दौरान लोगों के लिए नि:शुल्क परामर्श सेवा, साईकोलॉजी एवं साईकेटरीक असैसमेन्ट (मानसिक विशलेषण), योग अभ्यास, कॉउसिलिंग (मार्गदर्शन), उपचार एवं औषधि वितरण शामिल है।

## आरडब्ल्यूए चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने किया नामांकन



■ **अध्यक्ष पद के लिए दो, महासचिव पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा वन में आरडब्ल्यूए के चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन पत्र जमा किए गए। अध्यक्ष पद के लिए दो, महासचिव के लिए तीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक 15 अक्टूबर को सेक्टर में आरडब्ल्यूए के तीन पदों के लिए चुनाव होना है। जिनमें अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद भाटी और जितेंद्र भाटी ने पर्चा दाखिल किया है। महासचिव पद के लिए ऋषिपाल सिंह, दीवान शर्मा और देवेंद्र भाटी ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार सतीश शर्मा और ठाकुर विजय सिंह ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। इन सभी प्रत्याशियों के बीच खड़ा मुकाबला है। 15 अक्टूबर को मतदान के बाद चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। रविवार को सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा करने के दौरान समर्थकों के काफी भीड़ दिखाई दी। सेक्टर के लोगों में भी काफी उत्साह दिखा।

## शिक्षा का मकसद डिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि व्यक्ति का समग्र विकास होना चाहिए : योगेन्द्र उपाध्याय

■ **शारदा विवि में 7 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, 3099 विद्यार्थियों को मिली डिग्रियां**

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, शारदा विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षात समारोह में सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे तकनीकी क्षेत्रों में बदलाव हो रहे हैं, वैसे ही बदलाव शिक्षा क्षेत्र में भी देखे जा रहे हैं और आपको बस अपडेट रहने की जरूरत है। नए विचारों को अपनाएं, नई सीख के लिए तैयार रहें। हमेशा



नए क्षेत्रों में रुचि लें जिससे आपका ज्ञान बढ़ेगा। इसके अलावा छात्रों को अपने कोर्स के साथ-साथ अन्य कोर्स के बारे में भी कुछ जानकारी होनी चाहिए। शिक्षा का मकसद डिग्री हासिल करना नहीं है बल्कि व्यक्ति का समग्र विकास होना चाहिए। जिन स्टूडेंट्स को डिग्री मिली है वो देश को विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करें। भविष्य में उच्च शिक्षा और नई तकनीक पर की जानकारी देश हित के लिए प्रयोग करें। शारदा ग्रुप शिक्षा को मिशन के रूप में कार्य कर रही है। समारोह में सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि जिंदगी में टीचर ही जो आपको अपने से बेहतर देखना चाहते है। डिग्री लेने के बाद आप अपने देश, समाज को दे सकते है उस पर ध्यान देना चाहिए। कुछ लोग पद चिन्ह बनाते है और कुछ पद चिन्हों पर चलते है, जीवन में आपका लक्ष्य अलग करना, नया करना अगर अलग करते है तो दुनिया आपके कदम चुमेगी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला, एआईसीटीई के पूर्व वाइस चेयरमैन डॉ. एमपी पुनिया, प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. श्रीनिवासन, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया डॉ. राजीव रघुवंशी, इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज के सेंटर फॉर पॉलिसी एंड गवर्नेंस हेड रुमकी बासु, नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट के वाइस चांसलर डॉ. योगेश प्रताप सिंह अपने संबोधन से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। शारदा विश्वविद्यालय के चांसलर पी.के. गुप्ता ने छात्रों को सलाह देते कहा कि सफलता तभी प्राप्त होती है जब आप समस्याओं को समझ उनका हल भी निकाल सकते हो। हर काम को जोश एवं सच्चाई के साथ करे और अपने देश की सम्मान करे। दीक्षांत समारोह में कुल 3099 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गई। इसमें अंडर ग्रेजुएट 2264 डिग्री, पोस्ट ग्रेजुएट 798 डिग्री और पीएचडी की 37 डिग्री प्रदान की की गई।

## कोचिंग के लिए जा रहे दो छात्रों की लाठी डंडो से पीटा, मामला दर्ज

**जेवर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्बे के मोहल्ला दाउजीवाला में कोचिंग के लिए जा रहे दो छात्रों ने चार युवकों पर लाठी डंडो से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। अलीगढ़ के थाना टप्पल के गांव वैना के रहने वाले मनवीर सिंह का पुत्र राज तालान अलावलपुर गांव के रहने वाले अपने साथी भूपेश के साथ शनिवार को कस्बा जेवर के मोहल्ला दाउजी वाला में कोचिंग के लिये जा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान दाउजी मंदिर के समीप चार युवकों ने रास्ता रोककर लाठी डंडो से मारपीट शुरू कर दी। सिर व कान में चोट लगने से दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने जुगनू, भारत, प्रशांत उर्फ चिंटू व ललित निवासीगण अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 9 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# रोकना होगा इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध

लगभग पौने दो वर्षों से दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के रुकने का बेसब्री से इंतज़ार कर ही रही है, वहीं उसके सामने एक और बड़ी लड़ाई आकार लेती हुई नज़र आ रही है। फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा शनिवार के तड़के केवल 20 मिनटों में इजराइल पर पांच हजार रॉकेट दाग दिये गये। इससे इजराइल व गाजा पट्टी में 500 लोगों के मरने की खबर है, जिनमें 26 इजराइली सैनिक हैं। दक्षिणी इजराइल के बिर्शेबा नामक शहर में 750 इजराइली नागरिक घायल हुए हैं। अनेक बेहद गम्भीर है। इसका जवाब देते हुए इजराइल ने गाजा पट्टी के 17 फिलिस्तीनी मिलिट्री शिविरों और चार सेना मुख्यालयों पर बड़ा हमला बोल दिया। दक्षिणी लेबनान पर उसने बम बरसाए हैं। इससे करीब 200 फिलिस्तीनियों की मौत हुई तथा डेढ़ हजार से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि 'उनका देश युद्ध में शरीक हो गया है।' अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के साथ यूरोपियन यूनियन ने इजराइल का समर्थन किया है। दूसरी तरफ ईरान ने हमास को इस हमले के लिये बधाई देते हुए उसे आश्वस्त किया है कि इजराइल के खिलाफ लड़ाई में वह फिलिस्तीन व यरूशलम की आजादी तक उसका साथ देगा।

अरब देशों के साथ इजराइल की लड़ाई का इतिहास करीब एक सदी पुराना है, यानी इजराइल को स्वतंत्र देश बनने के भी पहले से। अनेक बार इजराइल अपने मुस्लिम बहुल 8 पड़ोसी मुल्कों से उलझता रहा है जिस दौरान इनके बीच कई जंगें हो चुकी हैं। हालांकि 1978 के मध्य में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निमंत्रण पर तब के इजराइली पीएम मेनाकेम बेगिन एवं एक युद्धरत देश मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात के बीच कैंप डेविड में शांति समझौता हुआ था लेकिन अन्य देशों के साथ ऐसा कोई माहौल कभी नहीं बन पाया। इन देशों के साथ इजराइल के हुए अनेक छोटे-बड़े संघर्षों ने फिलिस्तीन को अपनी जमीन खोने पर मजबूर ही किया। जहां तक ताज़ा लड़ाई की बात है, तो इसके आसार इस साल के अप्रैल से बनने लगे थे जब इजराइली पुलिस ने अल अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंककर इसे अपवित्र किया था। इस धर्म स्थल पर दोनों (इजराइल-फिलिस्तीन) अपना हक जताते हैं। यहूदी इसकी पश्चिमी दीवार को यहूदी मंदिर का अंतिम अवशेष मानते हैं तो वहीं फिलिस्तीनियों की मान्यता है कि यह अल बराक मस्जिद की दीवार है। उनके लिहाज से मक्का व मदीना के बाद यह मुस्लिमों के लिये सबसे पवित्र स्थान है। 1970 के दशक में एक समझौता हुआ था कि गैर मुस्लिम यहां आ सकते हैं परन्तु वे कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर सकेंगे। पिछले दिनों इसलिये विवाद भड़का क्योंकि यहां आकर कुछ यहूदियों ने पूजा करने की कोशिश की थी। हमास ने यह आक्रमण ऐसे दिन पर (शनिवार को) बोला जब यहूदियों का पवित्र त्यौहार सिमचैट टोरा मनाया जा रहा था। इजराइल इन दिनों अपने अंदरूनी विवादों में भी व्यस्त है। सरकार द्वारा न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती करने वाले कदमों के खिलाफ वहां जन आंदोलन जारी हैं। इतना ही नहीं, 6 अक्टूबर को 1973 के युद्ध की 50वीं वर्षगांठ भी थी।

वैसे तो युद्ध की स्थिति तक पहुंचने के कई कारण हैं लेकिन इसके सम्भावित परिणामों पर विचार किये जाने की आवश्यकता है। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध में नाटो के तहत जो तमाम पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं वे इजराइल के भी साथ हैं। इसके कारण एक बार फिर से दुनिया के देश ईसाई और मुस्लिम खेमों में बंट जायेंगे। ईसाई देशों का समर्थन स्वाभाविकत: इजराइल के साथ है तो वहीं मुस्लिम देश फिलिस्तीन के साथ हैं। इसमें भी जिस प्रकार से ईरान ने खुलकर हमास द्वारा किये गये हमलों का स्वागत किया है, अगर वह फिलिस्तीन के समर्थन में बाकायदे लड़ाई के मैदान में उतर आता है तो स्थिति विकट हो सकती है। तुर्किए भी फिलिस्तीन को समर्थन दे सकता है तो वहीं चीन का झुकाव भी फिलिस्तीन की ही ओर होगा। भारत ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखलाई है। मध्य पूर्व के इन देशों के पास खतरनाक हथियारों के ज़खीरें हैं। स्वयं हमास, जिसकी गतिविधियां संचालित करने का केन्द्र गाजा पट्टी है, ड्रोन और रॉकेटों से हमले करने में सक्षम है।

यूक्रेन की लड़ाई बहुत लम्बे समय तक न चलने के अनुमान लगाए गए थे लेकिन अब इस लड़ाई को पौने दो वर्ष होने को आए हैं, तो भी कोई संकेत दिखलाई नहीं पड़ रहे हैं कि यह थमेगा। इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कैसा पड़ा है- यह सभी देख रहे हैं। ऐसे में अगर दुनिया को एक और युद्ध झेलना पड़े तो वह उसे झेल नहीं पाएगा। युद्ध केवल परस्पर विरोधी देशों के सैनिकों के बीच का ही मसला नहीं होता बल्कि इससे निर्दोष नागरिकों को ज्यादा तकलीफें उठानी पड़ती हैं। हमास के व इजराइली हमलों में जनसामान्य को जान-माल की हानि उठानी पड़ी है। हमास की अंधाधुंध फायरिंग में कई लोग मारे गये तथा महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें पैरों से रौंदा गया है। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। उनमें से कई जीवन भर के लिये अपाहिज हो सकते हैं या आजीवन शारीरिक तकलीफों से गुजरेंगे। विकास के लिये शांति ज़रूरी है और युद्ध विकास का अवरोध है। यह समग्र मानवता के खिलाफ है। युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं वरन अपने आप में समस्या है। दुनिया के सभी शांतिप्रिय देशों व नागरिकों को चाहिये कि वे इस लड़ाई को रुकवाएं। राष्ट्र संघ को तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए युद्धरत दोनों देशों को वार्ता की टेबल तक लाना चाहिये।

# इजराइल के समर्थन के बहाने देश में नफरत को बढ़ावा!

देश की सत्तारुढ़ पार्टी भाजपा सिर्फ इजराइल का इकतरफा समर्थन ही नहीं कर रही है बल्कि इस बहाने देश में नफरत और विभाजन को और बढ़ावा भी दे रही है। उसने एक वीडियो जारी किया है। जिसमें वह घटनाओं को इस तरह दिखा रही है जिससे राजनीतिक रूप से कांग्रेस के खिलाफ माहौल बने और धार्मिक रूप से मुसलमानो के खिलाफ।

इजराइल के मामले में नेहरू से लेकर इन्दिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी की भी एक ही नीति थी कि इजराइल ने अरब देशों की जमीन पर अवैध कब्जा किया है जो उसे खाली करना होगा। अभी तक मोदी सरकार भी फिलिस्तीन का समर्थन करती थी। वहां के मामले में संतुलित रूख अपना रही थी।

मगर अब जातिगत जनगणना के बाद पिछड़ों में आए फिर से उभार के बाद उसने अचानक अपनी नीति बदल ली। प्रधानमंत्री मोदी ने खुल कर इजराइल का समर्थन कर दिया। और उनकी पार्टी भाजपा ने इसके बहाने मुस्लिम विरोध का नया अभियान शुरू कर दिया।

इजराइल-फिलिस्तीन समस्या अलग है मगर इसके बहाने भाजपा और दूसरे साम्प्रदायिक लोगों की राजनीति अलग। अन्ना हजारे के साथ झूठ का एक आन्दोलन चला भाजपा को सत्ता में लाने वाले कुमार विश्वास जैसे लोग अन्तरराष्ट्रीय स्थिति के बहाने सीधे भारतीय मुसलमानों पर सवाल उठाने लगे। आश्चर्यजनक रूप से ओबीसी की राजनीति कर रहे कुछ लेखक पत्रकार सोशल मीडिया के इनफ्लूएंसर ( प्रभावित करने वाले) भी मुसलमानों को टारगेट करने लगे। यह लोग देवरिया में तो प्रेमचंद यादव के परिवार के साथ हैं। मगर दूसरी तरफ अडानी के भी, मणिपुर के मामले में सरकार की चुप्पी के भी, ब्रजभूषण शरण सिंह के भी और वहां इजराइल के साथ भी हैं।

जातिगत जनगणना करवाने की सबसे जोरदार मांग राहुल गांधी की थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उसे करवा भी दिया। जाहिर है यह ओबीसी के राजनीतिक सशक्तिकरण में सबसे ज्यादा फायदेमंद होगी। लेकिन फिलहाल तो ओबीसी के तथाकथित बुद्धिजीवी लोग- आएगा तो मोदी ही- का माहौल बनाने में लगे हुए हैं। उनके लिए मुसलमान से नफरत सबसे जरूरी चीज है। यही भाजपा के लिए भी है। इसलिए उसने महिला बिल में ओबीसी महिलाओं को जगह नहीं दी क्योंकि वह जानती है कि मुसलमान विरोध के चलते ओबीसी अपनी महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण पर ध्यान नहीं देगा। बल्कि इजराइल-फिलिस्तीनियों को कैसे मारे इस पर ही ध्यान लगा कर रखेगा।

नफरत और विभाजन की राजनीति ने देश में किस तरह जहर भर दिया है यह रोज-रोज नए -नए रूपों में सामने आ रहा है। मगर कोई सोचने वाला नहीं है। हर चीज को मुस्लिम विरोध की तरफ मोड़ दो यही सोच बना हुआ है। मगर यह समस्या का हल नहीं है। नफरत और विभाजन के जहर का प्रवाह आप नियंत्रित नहीं कर सकते।

अभी देवरिया में जो हुआ और उसके बाद जिस तरह जातीय विभाजन हुआ उसमें आप मुसलमान एंगल चाहकर भी नहीं जोड़ सकते। मणिपुर में बहुत कोशिश की मगर वहां कोई मुस्लिम एंगल नहीं है। ब्रजभूषण शरण सिंह के मामले में नहीं है। किसान आंदोलन में नहीं था। वास्तव में यह कहीं नहीं है। मगर मुसलमान के खिलाफ माहौल बनाकर 80 प्रतिशत लोगों को एक करने की राजनीति के लिए यह बनाया जाता है।



शकील अख्तर

> प्रेम, भाईचारे, मेल-मिलाप से ही इतनी विविधताओं वाला यह देश एक रहा है। आगे बढ़ा है। अभी जातिगत जनगणना में देखा कि कितनी जातियां हैं! याद रखना मुश्किल है। इनके बीच समानता बराबरी के अधिकार देने से ही बात बनेगी। देवरिया जैसा विभाजन करने से तो नहीं! अगर हर जगह राहुल के शब्दों में इतना केरोसिन नहीं छिड़का होता तो देविरया में और उसके बहाने पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी जातिगत ध्रुवीकरण नहीं हो रहा होता।

अब जब जातिगत जनगणना 80 बनाम 20 का झूठा नरेटिव ( कहानी) तोड़ रही है तो इजराइल-फिलिस्तीन के बहाने फिर ओबीसी और दलितों को धर्म की राजनीति की तरफ खींचा जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी दलित आदिवासी मिलकर 84 प्रतिशत होते हैं। यह सच्चाई है। उन्होंने यह नहीं कहा कि यह 84 प्रतिशत किसी एक गठबंधन के साथ आएंगे। हां यह जरूर कहा कि अपनी आबादी के हिसाब से अपना हक लेंगे।

इसी बात ने भाजपा की सारी राजनीति को गड़बड़ा दिया। और वह सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को वापस धर्म के मैदान में खींचने में जुट गई। ताजा फिलिस्तीन-इजराइल युद्ध उसे इसके लिए बहुत मौजूं लगा। सरकार ने अपनी पुरानी सारी विदेश नीतियों को भूलते हुए अरब देशों का हमेशा पाकिस्तान के मामले में भारत का समर्थन भूलते हुए और यहां तक कि फिलिस्तीन के नेता यासेर अराफात को हर मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने को भूलते हुए इजराइल का समर्थन कर दिया। यह विदेश नीति नहीं है। घरेलू राजनिति में वोट का जुगाड़ है।

भारत का मुसलमान पिछले साढ़े 9 साल से यह सब देख और भुगत रहा है। अब तो लोकसभा के अंदर तक मुसलमानों को गालियां दी जा रही हैं। 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद सबसे पहले घर वापसी के नाम पर उन्माद फैलाया गया। फिर लव जिहाद लाया। और उसके बाद तो लीचिंग और खुल कर हमें मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए। केन्द्रीय मंत्रियों के कथन पाकिस्तान चले जाओ, गोली मारो, जुमे के दिन सड़कों पर कब्जा हो जाता है और प्रधानमंत्री तक के श्मशान-कब्रिस्तान, कपड़ों से पहचानो जैसे एक से बढ़कर एक साम्प्रदायिक बयान आने लगे। वोट और सिर्फ वोट! इसके लिए गिरने की कोई सीमा नहीं। न ही यह चिंता कि यह नफरत और विभाजन की राजनीति कहां जाकर रुकेगी। हिन्दू-मुसलमान कब तक चलेगा?

देवरिया में देख ही लिया कि जब चारों तरफ केरोसिन छिड़का हुआ था तो वहां किस तरह हत्याकांड हुए और उसके बाद तत्काल मामला जातिगत विभाजन में बदल गया। राहुल की मोहब्बत की दुकान का मतलब ही यही है कि नफरत का बाजार बंद करो। यह नफरतें तुम्हें कहीं नहीं ले जाएंगी। और यह बात तो रोहित वेमुला को आत्महत्या करने पर मजबूर करने, गुजरात में दलितों को नंगा करके खंबे से बांधकर पीटने, मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर पेशाब करने से लेकर देवरिया में एक पक्ष प्रेमचंद यादव के मकान पर नोटिस चिपकाकर उसे बुलडोजर चलाकर गिराने की कोशिशों से साबित हो ही गई कि यह नफरत केवल मुसलमान तक सीमित नहीं रहेगी। नफरत की आग सबको जलाएगी। अगर हिन्दू-मुसलमान की राजनीति नहीं रोकी तो जाति की राजनीति भी नहीं रुकेगी। अगर हिन्दू-मुसलमान में केवल फर्क ही बताते रहे तो फिर जातियों में क्या और कितना फर्क है यह रोक पाओगे?

प्रेम, भाईचारे, मेल-मिलाप से ही इतनी विविधताओं वाला यह देश एक रहा है। आगे बढ़ा है। अभी जातिगत जनगणना में देखा कि कितनी जातियां हैं! याद रखना मुश्किल है। इनके बीच समानता बराबरी के अधिकार देने से ही बात बनेगी। देवरिया जैसा विभाजन करने से तो नहीं! अगर हर जगह राहुल के शब्दों में इतना केरोसिन नहीं छिड़का होता तो देविरया में और उसके बहाने पूरे प्रदेश और उसके बाहर भी जातिगत ध्रुवीकरण नहीं हो रहा होता।

अभी भी समय है। मुसलमानों, यादवों, ब्राह्मणों, दलित आदिवासी, मणिपुर की पीड़ित महिलाओं किसी के खिलाफ भी नफरत फैलाने से बाज आओ। यह दुनिया नफरत से नहीं चल सकती। देश की राजनीति के लिए विदेश नीति को मत बदलो। वहां भारत का जो सम्मान है वह उसकी न्यायप्रियता के लिए है। वहां हम हमेशा कहते रहे हैं कि कितने फिलीस्तिनियों को मारा गया। हजारों तो बच्चे हैं।

पहली बार हमास ने हमला किया है इतना बड़ा। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार बहुत बुरा है। महिला की डिग्निटी चाहे जीवित या मृत किसी भी अवस्था में रखना चाहिए। नग्न इजराइली महिला के शव पर नारे लगाते हुए हमास के लोगों की जितनी निंदा की जाए कम है। मगर अफसोस यही होता है कि सही सोच समझ वाले सब ने उस वीडियो की निंदा की। मगर मणिपुर में महिलाओं के साथ नग्न परेड निकालते हुए हरकत करते हुए, पहलवान लड़कियों के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामले जिसे अब कोर्ट में पुलिस ने भी मान लिया है, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जमानत देने, स्वागत करने के मामले में वह लोग चुप रहे जो इजराइल के मामले पर बोल रहे हैं।

दो पैमाने भी यह पिछले साढ़े 9 साल की ही देन है। नहीं तो पहले देश की मानसिकता में इतना जहर नहीं भरा हुआ था। निर्भया के समय पूरा देश एक हो गया था। लेकिन अब भाजपा विधायक सेंगर के मामले से लेकर हाथरस महिला पहलवानों और मणिपुर की महिलाओं तक पीड़िताओं पर ही सवाल उठाए गए, उन्हीं पर जुल्म हुए और आरोपियों को समर्थन मिला।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज पर सियासत का अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों?

पिछले सप्ताह मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर दखल देने को लेकर दायर याचिकाओं की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यक्ष तौर पर हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है। फ्री बीज मुद्दे (चुनाव से पहले की जाने वाली लोक लुभावनी घोषणाओं) पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि 'राजनीतिक दलों को चुनावी वादे करने से नहीं रोक सकेते हैं।' चुनाव पूर्व सभी राजनीतिक दल चुनावी वादे करते हैं, जिस पर अदालतें रोक नहीं लगा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस मसले पर पहले तो राज्यों के हाईकोर्ट में याचिका लगाई जानी चाहिए थी। इसके बाद मामले को यहां तक आना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के मुख्यमंत्री कार्यालयों को पार्टी कार्यालय की तरह उपयोग किए जाने पर भी आपत्ति जताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री आवास सह कार्यालयों को 'मुख्यमंत्री ऑफिस-सीएमओ' की जगह 'राज्य सरकार कार्यालय' लिखें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों के नवंबर-दिसंबर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जमकर हो रही चुनावी घोषणाओं से सुप्रीम कोर्ट भी हरकत में आती दिखती है। याचिकाकर्ताओं के तर्क है कि हर बार सरकारें चुनावी घोषणाएं करती हैं, इससे अंतत: करदाताओं पर बोझ बढ़ता है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि चुनाव से पहले सरकार का लोगों को पैसे बांटना प्रताड़ित करने जैसा है। यह हर बार होता है और इसका भार टैक्स चुकाने वाली जनता यानि करदाताओं पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है।



डॉ. लखन चौधरी

> सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर सियासत या अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों लगाया जाता है? यह सवाल केन्द्र सरकार के लिए क्यों नहीं है? क्या केन्द्र सरकार मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज की सियासत नहीं कर रही है? यदि इन पर रोक लगाने की बात आती है, तो सबसे पहले केन्द्र सरकार पर रोक लगनी चाहिए, इसके बाद राज्य सरकारों की बारी आनी चाहिए।

ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी याचिका में चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्री बीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की गई है। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों की मान्यता रद्द करनी चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्री बीज की परिभाषा तय करने की अपील की है। केंद्र ने कहा कि अगर फ्री बीज का बंटना जारी रहा तो यह देश को 'भविष्य की आर्थिक आपदा' की ओर ले जाएगा, लेकिन यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि क्या स्वयं केन्द्र सरकार भी यही नहीं कर रही है?

मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार अपनी कुल कर कमाई का 35 फीसदी हिस्सा फ्री बीज पर खर्च करते हैं। आरबीआई की 31 मार्च 2023 तक की रिपोर्ट में सामने आया है कि मप्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य टैक्स की कुल कमाई का 35 फीसदी तक हिस्सा फ्री की योजनाओं पर खर्च कर देते हैं। पंजाब सरकार 35.4 फीसदी के साथ सूची में शीर्ष पर है। मप्र में यह हिस्सेदारी 28.8 फीसदी, राजस्थान में 8.6 फीसदी है। आंध्रप्रदेश अपनी आय का 30.3 फीसदी, झारखंड 26.7 फीसदी और बंगाल 23.8 फीसदी फ्री बीज के नाम कर रहे हैं। इसमें केरल 0.1 फीसदी हिस्सा फ्री बीज को देता है।

इससे सरकारों का बजट घाटा बढ़ता है, जिससे राज्य ज्यादा कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में आय का बड़ा हिस्सा ब्याज अदायगी में चला जाता है। पंजाब, तमिलनाडु और पं. बंगाल अपनी कमाई का 20 फीसदी, मप्र 10 फीसदी और हरियाणा 20 फीसदी से ज्यादा ब्याज भुगतान पर खर्च कर रहे हैं। राजस्थान, पंजाब, बंगाल में 35 फीसदी हिस्सा लुभावनी योजनाओं में खर्च हो रहा है। इस समय पंजाब सरकार पर जीएसडीपी का 48 फीसदी, राजस्थान पर 40 फीसदी, मध्यप्रदेश पर 29 फीसदी तक कर्ज है, जबकि यह 20 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। मप्र, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने पिछले सात सालों में करीब 1.39 लाख करोड़ की फ्री बीज दीं या घोषणाएं कीं है। पंजाब का घाटा 46 फीसदी बढ़ चुका है, और सबसे खराब स्थिति में है। पंजाब में बिजली सब्सिडी 1 साल में 50 फीसदी बढ़कर 20,200 करोड़ रूपए हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्री बीज मुद्दे पर फैसले के लिए एक समिति गठित की जानी चाहिए। इसमें केंद्र, राज्य सरकारें, नीति आयोग, फाइनेंस कमीशन, चुनाव आयोग, आरबीआई, सीएजी, और राजनीतिक पार्टियां शामिल हों। इस मसले पर सुको कह चुका है कि 'गरीबों का पेट भरने की जरूरत है, लेकिन लोगों की भलाई के कामों को संतुलित रखने की भी जरूरत है, क्योंकि फ्री बीज की वजह से इकानॉमी पैसे गंवा रही है। हम इस बात से सहमत हैं कि फ्री बीज और वेलफेयर के बीच अंतर है।' कुछ लोगों का कहना है कि राजनीतिक पार्टियों को वोटर्स से वादे करने से नहीं रोका जा सकता, पर अब ये तय करना होगा कि फ्री बीज क्या है? क्या सबके लिए हेल्थकेयर, पीने के पानी की सुविधा...मनरेगा जैसी योजनाएं, जो जीवन को बेहतर बनाती हैं, क्या उन्हें फ्री बीज माना जा सकता है? कोर्ट ने इस मामले के सभी पक्षों से अपनी राय देने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट केंद्र से पूछ चुका है कि इस मसले पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाते हैं? राजनीतिक दलों को ही इस पर सब कुछ तय करना है। सुनवाई के दौरान कहा कि कमेटी बनाई जा सकती है, लेकिन क्या कमेटी इसकी परिभाषा सही से तय कर पाएगी? इस केस में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस मसले पर चुनाव आयोग ने कहा कि फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्री बीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्री बीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करे कि फ्री स्कीम्स क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

इस मामले पर सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज मामले पर सियासत या अड़ंगा राज्य सरकारों पर ही क्यों लगाया जाता है? यह सवाल केन्द्र सरकार के लिए क्यों नहीं है? क्या केन्द्र सरकार मुफ्त उपहार यानि फ्री बीज की सियासत नहीं कर रही है? यदि इन पर रोक लगाने की बात आती है, तो सबसे पहले केन्द्र सरकार पर रोक लगनी चाहिए, इसके बाद राज्य सरकारों की बारी आनी चाहिए।

## गुरवाणी विचार

# हरि जस रे मन गाये ले जो संगी है तेरो

जिनी ऐसा हरिनाम नूं चेतियो से काहै जग आये रामराजे।
ऐ मानस जनम दुर्लभ है, नाम बिना बिरथा सब जाये।
हुन वते हरिनाम नूं बीजियो-अगे भुखा किया खाये।
मनमुखा नूं फिर जनम है- नानक हरि भाये।।

यह शब्द भासा दी वार से लिया गया है। इसमें गुरु देव मानव मन को न केवल समझा रहे हैं बल्कि ताड़ना भी दे रहे हैं। हम इस संसार में हमारे किसी पूर्व जन्म के किए गए अच्छे सतकर्मों के कारण मानुष जनम प्राप्त हुआ है क्योंकि चौरासी लाख योनियों में मानव जनम सर्वश्रेष्ठ है, इसे पाने के लिए बड़े-बड़े देवतागण भी तरसते रहते हैं बिना मानुष जीवन पाए सिमरन, भजन, बंदगी भी नहीं हो सकती और जब हमें बड़े भाग से मानव योनि की प्राप्ति हो ही गई है तो फिर हमें चाहिए कि अपने सिरजनहार को हमेशा याद करते रहें इसे हम न बिसारें नहीं परन्तु यहां आकर हम सांसारिक नुमायमान पदार्थों के मोह में फंसकर उस असली कार्यों को भूल गए हैं जिसके लिए प्रभु परमात्मा ने हमें यहां भेजा है और हम हैं कि अपना कीमती जीवन ऐसे ही गंवा रहे हैं-

प्राणी तूं आयो लाहा लैन,
लगाकित कुफकड़े सब मुकट्टी चली रैन।।

इन पंक्तियों में गुरदेव फरमा रहे हैं कि ऐसे मनुष्य जो प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। वे इस संसार में आये ही क्यों? क्योंकि नाम सिमरन किए बिना यह जीवन व्यर्थ ही बीता जा रहा है। हमें मानव जीवन मिला ही इसलिए है कि हम अपना मानव जनम संवार सकें। जिसने इस जनम में हरिनाम का सिमरन नहीं किया उसका मानव जन्म पाना ही व्यर्थ है। जिस तरह एक किसान बीज ही नहीं बोना चाहता और फसल काटने की आस रखता है तो क्या वह फसल काट सकेगा। असंभव है। अतएव हमें मानव जनम को सार्थक बनाते हुए प्रभु सिमरन बंदगी में मन रमाए रखना चाहिए।

गुरवाणी द्वारा बार-बार इस बात को समझाया गया है कि-
हरि जस रे मन गाये ले जो संगी है तेरो।
अवसर बीतियो जात है, कहा मान लियो मेरो।।

हर वक्त प्रभु परमात्मा की सिमरन भक्ति में लगे रहो ऐसा न हो कि हमने सारी उमर यह अपनी मानवदेही जो हमें बड़े भाग्य से प्राप्त हुई है को ऐसे ही विषय विकारों में गवां दें फिर इतना पछताना पड़ेगा कि जिसका बयान ही नहीं किया जा सकता। इसीलिए हर वक्त प्रभु परमात्मा की भक्ति में लगे रहना चाहिए। फिर हमारी निंदा करने वाले लोग भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेंगे। निंदा करने वाले तो हमारा भला ही करते हैं। इससे हमारे पाप धुलते जाते हैं और निंदा करने वाले के खाते में चढ़ते जाते हैं तभी तो कबीर दास जी ने समझाया है कि-

निंदओ निंदओ मोको लोग निंदओ।
निंदा करे सो हमरा मीत-निंदक मोह हमारा चीत।
जन कबीर को निंदा सार,निंदक डूबा हम उतरे पारि।।

इन निंदकों के गले में यम की फांसी लटकती रहती है। इसलिए इंसान को प्रभु नाम सिमरन करते रहना चाहिए। प्रभु सिमरन करते रहने से यमराज भी हमें सजा नहीं दे पाएंगे। तभी तो गुरवाणी में हमें समझाया गया है कि-

मेरे राय राय तूं संता का संत तेरे।
तेरे सेवक को भओ किछ नाहीं जम नहीं आवे नेड़े।।

जो ना भजते नरायणा-तिनका है न करौ दरसना। इसलिए इस संसार समुंद्र से पार उतर कर प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त करने का एक मात्र तरीका है प्रभु नाम सिमरन करते रहें। प्रभु हमें अपने लोक में जगह देते हैं जहां आनंद ही आनंद की अनुभूति हमें मिलती रहेगी।

चंगिआइयां बुरिआइयां वाचे धरम हदूर।
करमी आपो आपनी किया नेड़े किया दूर।।

जिस जिस ने भी प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन किया है वही उजले मुख से प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में गया है और उसी का मानव जीवन पाना सार्थक हुआ है। अतएव हर वक्त सिमरन भजन में हमें लगे रहना चाहिए तभी हम भवसागर से पार उतर पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# कुदरत की मार से सहम उठा सिक्किम, बादल फटने से सिक्किम की तबाही

कहावत है कुदरत की लाठी में आवाज नही होती है, वो किस रूप में आती है इसका कोई जवाब नही है। सिक्किम में बादल फटने की घटना से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। सैन्य कैम्प तबाह हुआ है तथा जवानों और 82 लोग लापता हुए है। फंसे पर्यटकों को बचाया जा रहा है। दो घण्टे में उतर सिक्किम में पानी-पानी हो गया। ग्लोबल वार्मिंग के असर के कारण नमी के कारण बारिश का आना स्वाभाविक है। अखबार ग्लोबल वार्मिंग के लिए सरकार को हमेशा चेतावनी देते रहते हैं। जलवायु पर सरकार और अन्य देश बातचीत के दौरान तालियां पीटने के बाद हमेशा के लिए भुला दिया जाता है। मोदीजी ने जी-20 के दौरान जलवायु पर लम्बी बात की थी। आफत घेरने लगती है तब उपाय सुझाया जाता है लेकिन उस समय बहुत देर हो जाती है। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को दुनिया कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो ग्लेशियरों के पिघलने से आने वाले खतरे को हम नजरअंदाज कैसे कर सकते हैं। सैनिकों के लापता होने और गांव पानी के बहाव में बर्बाद होने के बाद प्रशासन राहत कार्य मे लग गया है। बाढ़ का अलर्ट जारी करने के बाद भी प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। ग्लेशियरों के निचले इलाकों में बनी झीलें बड़ी आपदाएं ला सकती है। बादल फटने के बाद आई बाढ़ ने पूरे गांव को पानी में डूबो दिया। कुदरत के रौद्ररूप को हम नजरअंदाज कैसे कर सकते हैं। गंगटोक का देश के बाक़ी हिस्से से संपर्क टूटने की इस आपदा को निपटने में कई दिन लग जाएंगे। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। सड़कें पल पानी में बहने के बाद सरकार की परेशानियां बढ़ती गई है जो आहत हुए हैं उनके लिए सरकार मदद की राशि मुहैया करवाई जाए। अचानक आई बाढ़ ने लोगों को खतरे में डाल दिया है। चीन सीमा पर बादल फटने से तबाही मची हुई है। चीन का बॉर्डर होने के कारण सामरिक रूप से इलाका काफी अहम है और लापता सैनिकों की। युद्धस्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। 120 लोग लापता हुए है जिसकी तलाश जारी है। केंद्र द्वारा एनडीआरएफ की टीम भेजी गई है। संदेश व्यवहार का आदान प्रदान रुक गया है। सिक्किम में स्कूलों की छुट्टियां घोषित की गई है। तीन हजार लोगों को एयरलिफ्ट कर बचाया जा चुका है। कुदरत के इस रूप से सिक्किम की हालत खराब हो गई है। सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा देकर उनकी मदद करे जिनका बाढ़ के बहाव में सब कुछ बह गया है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## इजराइल में 12 नेपाली नागरिक लापता : एनपी सऊद

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मामलों के मंत्री एनपी सऊद ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा गाजा पट्टी से इजरायल पर आक्रमण शुरू करने के बाद इजरायल में कम से कम 12 नेपाली नागरिक लापता हो गए हैं। उन्होंने संसद में एक बयान देते हुए कहा, ऐसा संदेह है कि उनमें से कुछ को मार दिया गया होगा। सऊद ने कहा, नेपाली नागरिकों के बारे में पता लगाने के लिए, हमने सभी राज्य तंत्रों को सक्रिय कर दिया है।

# अब हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर मोर्टार दागे

## हिजबुल्लाह ने हमास के हमले के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए दर्जनों रॉकेट और गोले दागने का दावा किया

**बेरूत,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने रविवार सुबह लेबनान सीमा के पास इजरायली सैन्य स्थलों पर मोर्टार दागे। उधर, गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आतंकवादी समूह के हमले के मद्देनजर दक्षिणी इजरायल में लड़ाई जारी है। इजरायली मीडिया ने ये जानकारी दी।



टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमास के हमले के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए माउंट डोव क्षेत्र में तीन इजरायली ठिकानों पर दर्जनों रॉकेट और गोले दागने का दावा किया है। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि ये हमला, फिलिस्तीनी प्रतिरोध के साथ एकजुटता के लिए था। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, दावा किया गया है कि इजरायली ठिकानों पर सीधा हमला किया गया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए फुटेज में उस पल को दिखाया गया जब मोर्टारों में से एक ने सीमा पर इजरायली सैन्य स्थल पर हमला किया। इज़राइल रक्षा बलों ने किसी के घायल होने की सूचना नहीं दी है, और कहा कि उसने हिज़्बुल्लाह बुनियादी ढांचे के खिलाफ ड्रोन हमले कर जवाब दिया है। एक सैन्य सूत्र के अनुसार, ड्रोन हमले में जिस स्थान को निशाना बनाया गया वह एक तंबू था जिसे आतंकवादी समूह ने महीनों पहले इजरायली क्षेत्र में स्थापित किया था। लेबनान में हताहतों के बारे में फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल ने कहा कि वह स्थिति को नियंत्रित करने और अधिक गंभीर होने से बचने के लिए दोनों पक्षों के संपर्क में है। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने इजरायल और फिलिस्तीनी समूहों के बीच पिछले दौर की लड़ाई में भाग नहीं लिया था, हालांकि इसने स्थानीय फिलिस्तीनी गुटों को दक्षिणी लेबनान में अपने क्षेत्र से बाहर काम करने की अनुमति दी थी।

## इजराइल-सऊदी समझौते को खत्म कर सकता है हमास को ईरान का समर्थन



**वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शीर्ष सैन्य सलाहकार ने कहा है कि तेहरान इजरायल के खिलाफ हमास के हमलों का समर्थन करता है और फिलिस्तीन और यरूशलेम की मुक्ति तक इस्लामी लड़ाकों का समर्थन जारी रहेगा। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के पूर्व कमांडर याह्या रहीम सफवी की टिप्पणी से यह संदेह पैदा होगा कि तेहरान ने सुनियोजित हमलों में अपने पारंपरिक सहयोगी हमास का समर्थन करने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई है। पोलिटिको ने बताया, रहीम सफ़वी और अन्य वरिष्ठ ईरानी नीति निर्माताओं के हस्तक्षेप को ईरान के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी सऊदी अरब द्वारा एक धमकी भरे संकेत के रूप में देखा जाएगा कि तेहरान रियाद को इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य करने से रोकने के लिए क्षेत्रीय संघर्ष को भड़काने के लिए तैयार है, जैसा कि अमेरिका चाहता है। हाल के हफ्तों में, ईरान के नेताओं ने इज़राइल और सऊदी अरब के बीच अमेरिका समर्थित प्रस्तावित समझौते का विरोध किया है। खामेनेई ने 3 अक्टूबर को कहा था कि इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का लक्ष्य रखने वाले देश एक बड़ा जोखिम उठा रहे हैं। ईरान से जुड़ा एक अन्य आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह भी हमास की हिंसा को सऊदी मेल-मिलाप से जोड़ता हुआ दिखाई दिया। उसने एक बयान में कहा कि यह हमला इज़राइल के निरंतर कब्जे के लिए एक निर्णायक प्रतिक्रिया और इज़राइल के साथ सामान्यीकरण चाहने वालों के लिए एक संदेश है।

## इजराइल के लड़ाकू विमानों ने हमास खुफिया प्रमुख को बनाया निशाना



**गाजा।** इजरायली वायु सेना का कहना है कि उसके लड़ाकू विमानों ने हमास आतंकवादी संगठन के खुफिया विभाग के प्रमुख के परिसर पर हमला किया है। शनिवार को हमास के फाइटरों के इजरायल में घुसने के बाद से इजरायली विमानों ने गाजा पट्टी के कई ठिकानों पर हमले किए हैं। फ़िलिस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि 250 से अधिक लोग मारे गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा सिटी में लगातार धमाकों की आवाजें आ रही हैं। इज़राइल की सेना का कहना है कि उसके क्षेत्र के अंदर हमास के आतंकवादियों के साथ अभी भी आठ जगह लड़ाई चल रही है, हालांकि उसका दावा है कि उसने देश के दक्षिण में 22 स्थानों पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है। उधर हमास ने कहा, भीषण लड़ाई जारी है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 9 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष -अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

वृषभ -आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आप थकान, चिंता एवं प्रसन्नता का मिला-जुला अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। धन के मामले में आपको नुकसान हो सकता है।

कर्क -आज आपका दिन हर प्रकार से आनंदित रहेगा। तन और मन दोनों दृष्टि से आप स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजन, स्नेहीजन एवं मित्रों से सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। उनकी ओर से उपहार मिलेंगे।

सिंह -आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे। चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यर्थ के वाद-विवाद को टालें।

कन्या -आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। विविध क्षेत्रों से यश, कीर्ति तथा लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए आज का दिन शुभ है। मित्रों से लाभ होने के संकेत हैं। प्रियजनों के साथ मुलाकात आनंददायी रहेगी।

तुला -आज का दिन शुभफलदायी है। आपके घर तथा कार्यालय में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। गृहस्थ जीवन में माधुर्य छाया रहेगा।

वृश्चिक -आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यापार में बाधा खड़ी होगी। संतान से मतभेद रहेगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आज विरोधियों से वाद-विवाद न करें। अनावश्यक खर्च बढ़ेगा।

धनु -आज के दिन आपको अत्यंत सावधानी से रहने की सलाह दी जाती है। आज कोई भी नए काम एवं बीमारियों का उपचार शुरू ना करें। अत्यंत संवेदनशीलता के कारण आपकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। पानी से संभलकर चलें।

मकर -आपके विचार तथा व्यवहार में इमोशन बहुत अधिक रहेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी से समय व्यतीत कर सकेंगे। शारीरिक, मानसिक ताजगी का अनुभव होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। विविध स्रोतों से इनकम में वृद्धि होगी।

कुंभ -काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे। परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा। घर का वातावरण अच्छा रहेगा। तन-मन से प्रफुल्लित रहेंगे।

मीन -कल्पना के लोक में विचरण करना पसंद करेंगे। साहित्य लेखन में आपकी सृजनात्मकता प्रकट कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त कर सकेंगे। कामुकता रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका खुफिया जानकारी साझा करने सहित इजराइल का समर्थन करना रखेगा जारी

**वाशिंगटन,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गाजा में तनाव के बीच अमेरिका इजरायल को करीबी और गहरी खुफिया जानकारी साझा करना जारी रखेगा। अमेरिकी अधिकारी ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान शनिवार को कहा, हम इस महत्वपूर्ण समय के दौरान इज़राइल को करीबी, गहन खुफिया जानकारी साझा करने सहित सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। इजराइल पर शनिवार सुबह गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला हुआ। इज़रायली सेना ने कहा कि हमास ने 3,000 से अधिक रॉकेट दागे, साथ ही कहा कि दर्जनों हमास सैनिकों ने दक्षिणी इज़राइल में सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की। तब से इज़रायली सेना ने फ़िलिस्तीनी बलों से दक्षिणी क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने के लिए सेनाएँ भेज दी हैं। इज़रायली मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि फ़िलिस्तीनी-इज़राइली संघर्ष के बढ़ने के परिणामस्वरूप इज़रायल में 300 से अधिक लोग मारे गए और 1,500 से अधिक अन्य घायल हो गए। वहीं, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में 195 से अधिक लोग मारे गए हैं और 1,600 से अधिक घायल हुए हैं।

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन युद्ध में भारत को अमेरिका से हाथ मिलाने पर दिया जोर



**वाशिंगटन,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी सांसद यूक्रेन को सैन्य सहायता के मुद्दे पर बंटे हुए हैं, लेकिन वे रूस के साथ अपने लंबे और ऐतिहासिक संबंधों के बजाय भारत को अमेरिका के साथ जुड़ने के आह्वान पर कुछ हद तक एकजुट हैं। प्रतिनिधि सभा के चार भारतीय-अमेरिकी सदस्यों में से एक रो खन्ना ने मार्च 2022 में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस या पुतिन की तुलना में नियंत्रण रेखा पर चीनी आक्रामकता के खिलाफ कहीं अधिक खड़ा होगा और हमें वास्तव में भारत पर दबाव डालने की जरूरत है कि वह रक्षा सौदों के लिए रूस पर निर्भर न रहे और यूक्रेन में पुतिन की आक्रामकता की निंदा करने के लिए तैयार रहे जैसे हम नियंत्रण रेखा से परे चीनी आक्रामकता की निंदा करते हैं। तब से भारत ने यूक्रेन के सभी चुनावों में भाग नहीं लिया है। एक अन्य भारतीय-अमेरिकी सांसद अमी बेरा अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रतिबंधों की अनदेखी कर भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से निराश थे। उन्होंने एक बयान में कहा, इससे भी बुरी बात यह है कि भारत अब अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार कर भारी रियायती दर पर रूसी तेल खरीदना चाह रहा है, जिससे संभावित रूप से पुतिन को ऐसे समय में आर्थिक जीवनदान मिलेगा जब रूसी अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से जूझ रही है। सभी पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की है और यूक्रेन को अपनी रक्षा में मदद करने के लिए सैन्य सहायता का समर्थन किया है।

■ सभी पांच भारतीय अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की

## नेपाल, भारत ने सुरक्षा और सैन्य मुद्दों पर की चर्चा

**काठमांडू,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुरक्षा मुद्दों पर नेपाल-भारत द्विपक्षीय सलाहकार समूह (बीसीजीएसआई) की 15वीं बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।



काठमांडू में भारतीय दूतावास ने कहा कि चर्चा में आपसी सुरक्षा, रक्षा आपूर्ति, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, संयुक्त सैन्य अभ्यास और दौरों सहित आदान-प्रदान से संबंधित कई मुद्दे शामिल हैं। नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (दक्षिण एशिया) भृगु धुंगाना ने किया और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (उत्तर) अनुराग श्रीवास्तव ने किया।

प्रतिनिधिमंडल में संबंधित रक्षा, विदेशी मामलों और गृह मामलों के मंत्रालयों और भारतीय सेना तथा नेपाली सेना के निदेशालयों के अधिकारी शामिल थे।

वर्ष 2003 में स्थापित बीसीजीएसआई द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण संस्थागत तंत्र है। इसी तरह, श्रीवास्तव ने शनिवार को भारतीय अनुदान सहायता से नेपाल में शुरू की गई तराई सड़क परियोजनाओं पर 5वीं संयुक्त परियोजना निगरानी समिति की बैठक की भी सह-अध्यक्षता की। नेपाल सरकार के भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव अर्जुन जंग थापा ने नेपाली पक्ष का नेतृत्व किया था। भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों पक्षों ने नोट किया कि परियोजना संतोषजनक ढंग से पूरी हो गई है। इसमें कहा गया कि इस बात पर भी सहमति हुई कि नेपाल सरकार द्वारा परियोजना को अपने हाथ में लेने की औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाएंगी।

## राजनाथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए इटली फ्रांस का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 से 12 अक्टूबर तक इटली और फ्रांस का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। अपने दो देशों की यात्रा के पहले चरण के दौरान राजनाथ सिंह का रोम में इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रिसेटो से मुलाकात का कार्यक्रम है। मंत्रालय ने कहा कि मार्च में इटली के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान भारत और इटली के बीच संबंध साझेदारी तक बढ़ गए थे। दूसरे और अंतिम चरण के दौरान सिंह पेरिस में अपने समकक्ष, फ्रांसीसी सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वें वार्षिक रक्षा वार्ता का संचालन करेंगे। भारत और फ्रांस ने हाल ही में 25वें साल का जश्न मनाया। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक और व्यापक रक्षा संबंध हैं, जिनमें महत्वपूर्ण औद्योगिक सहयोग भी शामिल है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि रोम और पेरिस के स्थानों पर रक्षा मंत्री औद्योगिक सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए रक्षा उद्योग के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेंगे।



## आज का इतिहास

1876 – पहली बार टेलीफ़ोन पर आउट वायर के जरिए दो तरफा बातचीत हुई थी।

1947 में चलती हुई कार और प्लेन में बैठे दो लोगों ने बातचीत की ।

1959 में ऑटोरिक्शा और प्लेन में चलते हुए लोगों ने बात की।

1962 – अफ्रीकी देश युगांडा गणतंत्र बना।

1967 – अर्जेंटीना के प्रसिद्ध मार्क्सवादी क्रांतिकारी चे ग्वेरा की हत्या।

1997 – इटली के अभिनेता और लेखक डारियो फो को साहित्य का नोबल पुरस्कार दिया गया।

1998 – पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने इस्लामी शरीयत क़ानून को देश के सर्वाच्च क़ानून के रूप में अनुमोदित किया।

2002 – वर्ष 2002 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के रैमण्ड डेविस और जापान के कोषिबा को संयुक्त रूप से देने की घोषणा की गई।

2005 – यूरोपीय उपग्रह %क्रायोसेट% का प्रक्षेपण विफल।

2006 – गूगल ने यू-ट्यूब के अधिग्रहण की घोषणा की। उत्तर कोरिया ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

2007 – चीन ने भारत पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया।

2008 – केन्द्र सरकार ने तेल को माफ़िया से बचाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई।

2012 – लड़कियों की शिक्षा के प्रचार में अहम भूमिका अदा करने वाली मलाला को स्कूल जाते वक्त तालिबान ने समय गोली मारी।

**जांच** महादेव गेमिंग ऐप मनी लॉन्ड्रिंग मामला में कसता शिकंजा

## ईडी की जांच के दायरे में 30 से ज्यादा सितारे

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई मशहूर हस्तियों सहित 30 से ज्यादा बॉलीवुड स्टार्स की पहचान की है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में और इस साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी प्रमोटरों के दो इवेंट्स में हिस्सा लिया था।

ईडी के सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने एमओबी के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को नए समन जारी किए, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हैं, उसी दिन उन्होंने कॉमेडियन कपिल शर्मा, अभिनेत्री हुमा कुरेशी और हीना खान को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। ईडी ने बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।

सूत्र ने कहा कि बॉलीवुड, टेलीविजन इंडस्ट्री और साउथ फिल्म इंडस्ट्री सहित 30 से ज्यादा मशहूर हस्तियों को गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज करने के लिए तलब किए जाने की संभावना है।

सूत्र ने कहा कि उनमें से कई लोग पिछले साल सितंबर में एमओबी की सक्सेस पार्टी में शामिल हुए थे, जबकि कई अन्य इस साल फरवरी में दुबई में चंद्राकर की शादी की पार्टी में शामिल हुए थे।



■ संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी प्रमोटरों के दो इवेंट्स में लिया था हिस्सा

सूत्र ने बताया कि इन हस्तियों से सितंबर 2022 में दुबई के एक होटल में आयोजित इवेंट में शामिल होने के बदले उन्हें दिए गए कथित भुगतान के बारे में पूछा जाएगा।

सूत्र ने कहा कि यूएई में एमओबी के इवेंट्स में भाग लेने वाले मशहूर हस्तियों के बयान दर्ज करने के बाद, एजेंसी यह तय करने के लिए उनके दावों को वेरिफाई करेगी कि उन्हें उनके खिलाफ आगे बढ़ने की जरूरत है या नहीं।

सूत्र ने कहा कि एजेंसी ने जांच के दौरान तीन से चार मशहूर हस्तियों के समूह की पहचान की है जो इवेंट्स में भाग ले रहे थे, अपने मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन को प्रोमोट कर रहे थे और अपने प्रोडक्ट का प्रचार भी कर रहे थे।

सूत्र ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी को पिछले महीने की गई तलाशी के दौरान होटल्स की पेमेंट्स और ट्रांसपोर्ट डिटेल्स मिली थी।

आरोप है कि एमओबी ने दुबई में मैरिज सेरेमनी प्रोग्राम पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें परिवार के सदस्यों को नागपुर से संयुक्त अरब अमीरात तक ले जाने के लिए प्राइवेट जेट किराए पर लिए गए।

## सुडोकू 6341


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6341



**बायें से दायें:-**

१. अनुशंसा (उर्दू)
३. कोंपल, नवपल्लव
५.गर्भ (उर्दू)
६. रसीला
७. किसी पद पर बने रहने या काम करने का समय
८. पक्षपात (उर्दू)
१३. अच्छा-बुरा
१५. हिंसक पशु (उर्दू)
१६. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१७. भेद, फर्क, फासला
१८. अनुचर, नौकर, खिदमतगार
२०. देखने योग्य
२२. पथिक, बटोली (उर्दू)
२३. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजनीति (उर्दू)
२. रईस की हुकूमत, छोटा राज्य (उर्दू)
३. बच्चों या बंदरों के मुंह से निकलने वाली एक तरह की आवाज
४. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जाने वाली चुनौती
५. शपथ (उर्दू)
९. श्रृंगार रस, पारा
१०. विदेश (उर्दू)
११. स्वयं, निज (उर्दू)
१२. चीरने वाला धारा के मध्य में स्थित वृक्ष या चट्टान
१४. आय (उर्दू)
१७. अंधकार
१९. वाणी, वाद्य
२०. द्वार, दरवाजा
२१. कीर्ति

### वर्ग पहेली-6340



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### कनाडा की मौसम सेवा ने जारी की दिवाली की एडवाइजरी

**टोरंटो,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने दिवाली की आतिशबाजी के कारण पिछले अक्टूबर में खराब हुई वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए इस साल एक एडवाइजरी जारी की है। कनाडाई प्रेस द्वारा प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, पर्यावरण कनाडा ने दो मौसम विज्ञानियों की चेतावनी के बावजूद सलाह प्रकाशित की, इसमें कहा गया कि इसे भेदभावपूर्ण माना जा सकता है। गौरतलब है कि एडवाइजरी प्रकाशित करने की प्रक्रिया नवंबर 2021 के दिवाली समारोह के बाद शुरू हुई, जब एक वायु गुणवत्ता मॉनिटर ने ब्रैम्पटन और मिसिसॉगा सहित ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के कुछ हिस्सों में वायु प्रदूषण में एक वृद्धि देखी और इसके कारण में आतिशबाजी सामने आई। अक्टूबर 2022 में दिवाली से चार दिन पहले चेतावनी जारी करने की चर्चा शुरू हो गई नेशनल पोस्ट अखबार ने कनाडाई प्रेस का हवाला देते हुए बताया कि मौसम विज्ञानियों ने कहा कि चेतावनी जारी करने का कोई भी निर्णय मौसम संबंधी स्थितियों पर आधारित होना चाहिए, न कि केवल इस तथ्य पर कि दिवाली हो रही है।

# प्रादेशिकी

## सीएम योगी ने किये नीलकण्ठ पर्वत के दर्शन

**चमोली।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बद्रीनाथ धाम में रात्रि प्रवास किया। जिसके बाद रविवार सुबह उन्होंने बैकुण्ठ धाम के सौन्दर्य एवं मनमोहक प्राकृतिक सुन्दरता की प्रशंसा करते हुए नीलकण्ठ पर्वत के दर्शन किये। रविवार को वे सुबह केदारनाथ के लिए प्रस्थान कर गए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा तत्पश्चात आर्मी हैलीपैड पर देश के प्रथम गांव माणा के स्थानीय निवासियों द्वारा पारम्परिक परिधानों में उनका तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। जिसके पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा आईटीबीपीए सेनाए प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों के साथ फोटो खिचवायीं गयी। मुख्यमंत्री द्वारा आर्मी हेलीपैड माणा में सैरिमोनियल ड्रेस में सजे चमोली पुलिस के जवानों की सलामी गार्द का मान प्रणाम ग्रहण किया गया।

## खेल गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अनुशासित भी करती हैं : सुक्खू

**शिमला,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के बिशप काटन स्कूल में आईएएस-इलेवन और आईपीएस-इलेवन के बीच टी-20 क्रिकेट मैच का शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल व्यस्त जीवन के तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। खेल गतिविधियां युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखती हैं। खेल गतिविधियां व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन जैसे मूल्यवान गुण भी विकसित करती हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हिमाचल के खिलाड़ियों और एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश के युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने मैच की विजेता टीम आईएएस-इलेवन को ट्राफी से भी सम्मानित किया और पुरस्कार भी वितरित किये।



श्री सुक्खू ने आबिद हुसैन सादिक को मैन-आफ-द-मैच की ट्रॉफी भी दी। उन्होंने शानदार 82 रन बनाए और अपनी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। आईपीएस-इलेवन के विवेक चहल को उनके उत्कृष्ट 59 रन की पारी के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया, जबकि आईएएस-इलेवन के अपूर्व देवगन को शानदार गेंदबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की ट्राफी से सम्मानित किया गया।

आईएएस-इलेवन के लिए सुमित किमटा ने 35 रन बनाए, जबकि विवेक भाटिया ने 32 रन का योगदान दिया। आईपीएस-इलेवन टीम के लिए शालिनी अग्निहोत्री ने 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए, जबकि अशोक रतन 47 रनों के साथ आईपीएस-इलेवन के लिए दूसरे शीर्ष स्कोरर रहे, लेकिन 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएस-इलेवन 167 रन ही बना सकी।

मैच से पूर्व अभ्यास में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को बीसीएस के निदेशक साइमन वीले ने गेंदबाजी की।

मैच का संचालन बीसीएस खेल शिक्षक तथा क्रिकेट कोच लोकपाल ठाकुर और अमोद तलवलकर ने अंपायर की भूमिका निभाई।

इस अवसर पर बीसीएस विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट संगीत प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और सुरिंदर काकू, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, बीसीएस स्कूल के हेडमास्टर मैथ्यू पी. जान और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### आपदा में हिमाचल को 862 करोड़ की मदद दी : अनुराग

केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल की हर संभव मदद की है। करीब 11,000 घर बनाने के मामले स्वीकृत किए हैं तथा साथ ही 862 करोड़ रुपए की मदद दी गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए एनडीआरएफ की टीमें और भारतीय वायु सेवा के हेलीकॉप्टर भेजे गए। लेकिन सुक्खू सरकार कह रही है कि केंद्र ने एक पाई नहीं दी। श्री ठाकुर रविवार को यहां गौतम गर्ल्स कॉलेज हमीरपुर में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में 61 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें 732 खिलाड़ी कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान आपस में भिड़ेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।

## हिमाचल समृद्ध स्थानीय विरासत का खजाना : सिंह

**शिमला,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल के लोक निर्माण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार शाम शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की पंचायत में युवक मंडल गीरब एवं मेला कमेटी द्वारा आयोजित पारंपरिक दो दिवसीय मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पारंपरिक मेले हमारे जीवन में सामाजिक मेल-मिलाप के साथ-साथ समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश समृद्ध स्थानीय विरासत का खजाना है जो प्रदेश की परंपराओं, कला व संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार स्थानीय लोगों के आपसी मेल मिलाप के साथ-साथ सामुदायिक व व्यापारिक रूप से भी लोगों की आकांक्षाओं व आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहायक होते हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए युवक मंडल एवं मेला कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी धार्मिक व सामाजिक मेले यहां के लोगों के लिए धर्म और आस्था का प्रतीक हैं जिन्हें बड़ी धूमधाम से आयोजित करना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है इसलिए उन्होंने पिछले पांच साल विपक्ष में रहते हुए भी 100 करोड़ से अधिक की राशि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण पर खर्च की है जबकि वर्तमान सरकार के नौ महीनों के कार्यकाल में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 45 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों के भीतर हर गांव को सड़क से जोड़ने के साथ-साथ पंचायत क्षेत्र के लोगों की हर समस्या का समाधान



किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गीरब-राही-नेरी गांवों को सिंचाई सुविधा देने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि गीरब पंचायत के तीन वार्डों को शीघ्र ही सीवरेज लाइन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने नाल्टू से गीरब गांव तक सड़क निर्माण के लिए जॉइंट इंस्पेक्शन करवाने का आश्वासन दिया तथा इस सड़क की मरम्मत के लिए पांच लाख रुपये देने तथा मेला कमेटी को मेले के सफल आयोजन के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। दो दिवसीय मेले में पुरुषों के कनिष्ठ वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में 28 टीमों व वरिष्ठ वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया जबकि महिलाओं की कनिष्ठ वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता में चार टीमों ने तथा वरिष्ठ वर्ग में पांच टीमों ने भाग लिया। कबड्डी वरिष्ठ वर्ग में नालागढ़ विजेता तथा कसौली उपविजेता रही, इसी तरह कनिष्ठ वर्ग में बिलासपुर विजेता तथा शोघी उपविजेता रही जबकि वरिष्ठ महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में ढैंडा टीम विजेता और गीरब खुर्द उपविजेता रही। कनिष्ठ वर्ग में गीरब विजेता तथा क्यार उपविजेता रही।

## सार संक्षेप

### 50 महिलाएं सोमवार से लेंगी हर्बल धूपबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

**हल्द्वानी।** हर्बल धूपबत्ती प्रशिक्षण के लिए 50 महिलाओं का चयन किया गया है। गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था की ओर से एक्सचेंजर एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के सहयोग से कमलुवागांजा में प्रशिक्षण के लिए 100 महिलाओं का साक्षात्कार लिया गया। नौ अक्टूबर से महिलाओं को निरूशुल्क हर्बल धूपबत्ती प्रशिक्षण बनाने का दिया जायेगा। साक्षात्कार के दौरान इडीआई परियोजना अधिकारी चंचल कुमार सिंह, बालकृष्ण जोशी, जिला उद्योग केन्द्र के पूर्व महाप्रबंधक योगेश पांडे, नैनीताल डिस्ट्रिक कोआपरेटिव महिला शाखा मैनेजर योगिता उपाध्याय, पार्षद चंद्र प्रकाश मौजूद थे। इडीआई परियोजना अधिकारी सिंह ने महिलाओं को प्रशिक्षण के लाभ बताये। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष गीता सत्यवली, सोनाली, रेनू बैरागी, प्रशिक्षिका नीमा गोस्वामी, लीला गोस्वामी, इंदिरा तिलारा, आशा देवी आदि मौजूद थे।

### बर्थ डे केक को लेकर हुए बवाल मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में बर्थ डे केक को लेकर हुए बवाल मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। बनभूलपुरा में हुए बवाल का मामला देर रात लगभग 12 बजे का है। गांधी नगर के कुछ युवक लाइन नंबर 8 स्थित एक दुकान पर बर्थ डे केक लेने के लिए गए हुए थे। दुकान बंद मिली तो युवकों का पारा चढ़ गया और उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें रोका तो वह तैश में आ गए।और विवाद बढने लगा जिस पर लोगों ने उन्हें मारपीट कर भगा दिया। कुछ देर बाद दूसरे पक्ष के युवक कुछ और युवकों को लेकर वहां पहुंच गए और उन्होंने पथराव कर दिया। इसके बाद दूसरे पक्ष ने भी पथराव शुरू कर दिया। दोनों ओर चले ईट पत्थर से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बवाल की सूचना मिलने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और किसी तरह से स्थिति को संभाला। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया। इधर पुलिस को दूसरे पक्ष से रिफ्का पत्नी आशीष निवासी गांधी नगर ने तहरीर सौंपी है। जिसमें इमरान निवासी ला0न0 12, सुहैल गैस वाला, फरहत व दर्जनों अज्ञात लोगों पर पुत्र के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

### सुडोकू 6339 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

## शादी में फिजूल खर्ची से बचा जाए: शहर काजी

- मुस्लिम वह है जिस के हाथ और जुबान से किसी को नुकसान न पहुंचे: मन्नान
- मायूसी और बुजदिली इस्लाम का हिस्सा नही
- सीरत-उन-नबी का 12वां जलसा कांवली में हुआ आयोजित

**देहरादून,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। शादी में होने वाली फिजूल खर्ची से बचा जाए, नाच गाने से परहेज किया जाए, आन-बान शान के लिये दिखावा करने से खुदा नाराज होता है। यह बात शनिवार रात जमीअत उलेमा-ए-हिंद की देहरादून इकाई की जानिब से सीरत-उन-नबी के उनवान से कावली मदरसे में आयोजित जलसे को संबोधित करते हुए शहर काजी व जमीअत के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना मौहम्मद अहमद कासमी ने कही।

इस मौके पर पैगंबर मौहम्मद साहब के जीवन को आत्मसात करने और उनके बताए सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। मुफ्ति नाजिम अशरफ ने हमें चाहिए कि मौहम्मद साहब के जीवन को पढ़ा जाए, अपनी नसलों को भी उनकी शिक्षा से रूबरु कराया जाए।

मौलाना अब्दूल मन्नान कासमी सचिव प्रदेश सचिव जमीअत ने कहा कि पैगंबर साहब ने हमेशा खुद भी इंसानियत के मार्ग पर चल कर दिखाया है, और सभी को सत्य की राह पर चलने का संदेश दिया है। अल्लाह के




रसूल (स.) ने मानवता का जो सबक पढ़ाया है, उसे याद कर अपने जीवन में उतारना पड़ेगा, तभी उम्मती होने का दावा किया जा सकता है।

इस मौके पर मदरसा फैजुल कुरआन कावंली के प्रबंधक मौलाना हुसैन अहमद, मुफ्ति मौहम्मद जुबैर अहमद कासमी, मौलाना मौहम्मद गुलशेर, मुफ्ति खुशनूद, मौलाना नूर इलाही, मौलाना अमानतुल्लाह, मुफ्ति एजाज मजाहिरी, मुफ्ति शाहबाज आलम, मौलाना आमिर, जमीअत के जिला उपाध्यक्ष मास्टर अब्दुल सत्तार, शहर सदर मुफ्ति राशिद, सचिव शहर जमीअत मुफ्ति अयाज अहमद जामई, कारी अब्दुस समद, मौहम्मद शाहनजर, कारी नईम, कारी शाहवेज, तौसीफ खान, सय्यद मौहम्मद अरशी, शौकीन अली, शाकिर अली व वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## करोड़ों की ठगी मामले के आरोपी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**देहरादून,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुबई से फर्जी शेल कंपनियों के जरिए भारत भर में करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले एक शातिर को एसटीएफ/साइबर क्राइम पुलिस द्वारा पंजाब से गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी द्वारा देशभर में 18 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पी2पी क्रिप्टो ट्रेडिंग घोटाले से जुड़े इस साईबर क्रिमनल के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में 392 फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड के मामलें दर्ज हैं। जिसकी तलाश 18 राज्यों की पुलिस कर रही थी। उत्तराखण्ड एसटीएफ के अनुसार इस मामले की प्रारंभिक जांच में न्यूनतम 18 करोड़ का घोटाला सामने आया है। हालांकि अभी कितने बड़े पैमाने में यह घोटाला हुआ है इसकी जानकारी अन्य राज्यों की साइबर पुलिस के साथ सामंजस्य से पता चल पाएगा। क्योंकि गिरफ्तार आरोपी हरमीत सिंह बेदी को आंध्र प्रदेश,असम,बिहार,दिल्ली,कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल, केरल,



ओडिशा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हरियाणा व छत्तीसगढ़ जैसे 18 राज्यों की पुलिस तलाश कर रही थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बीते दिनों साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को एक शिकायत मिली थी। जिसमें अज्ञात लोगो द्वारा शिकायतकर्ता सन्नी जैन से व्हाट्सएप के माध्यम से सम्पर्क कर स्वंय को कैरियर बिल्डर कम्पनी के एच.आर. बताकर प्रतिदिन 3कृ8 हजार रुपये कमाने का प्रलोभन दिया गया। इसके बाद एक जॉब ऑफर कर 2 लिंक भेजकर टेलीग्राम एप डाउनलोड करवाकर अपने टेलीग्राम ग्रुप में जोडकर शिकायत कर्ता (वादी) का मोबाईल हैक लिया गया। इसके उपरांत बीते 25 जून को वादी के फोन पर पहले 30 हजार रुपये कटने का टैक्सट मैसेज आया और फिर पता करने पर वादी के खाते से एकाएक अज्ञात व्यक्ति द्वारा 25 जून 2023 को ही अलगकृअलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 14,18,127 की धोखाधडी कर हड़प लिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहरीर के आधार पर देहरादून साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तत्काल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। देहरादून साइबर क्राइम पुलिस ने इस मामले में घटना में प्रयुत्तफ मोबाईल नम्बर और साइबर क्रिमिनलों द्वारा शिकायतकर्ता से प्राप्त धनराशि की जानकारी प्राप्त की गयी तो पता चला कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता से यूकृट्यूब वीडियो लाईक सब्स्क्राईब कर लाभ कमाने के नाम पर धोखाधडी की। ऐसे में जब विस्तृत तकनीकी जांच की गई तो पता चला संदिग्ध साइबर आरोपी लुधियाना (पंजाब) में बैठ कर साइबर ठगी का गोरखधंधा चला रहा हैं।

## वर्तमान प्रदेश सरकार है कर्मचारी हितैषी सरकार: नेगी

**रिकांगपिओ,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां) हिमाचल के राजस्व बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी रविवार को जिला किन्नौर के रिकांग पियो स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय पुरानी पेंशन बहाली आभार समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। श्री नेगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारी हितेषी सरकार है। प्रदेश सरकार द्वारा लगभग डेढ़ लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव के दौरान किए गए ओपीएस बहाली के वादे को मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में पुरानी पेंशन बहाल कर पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों के सहयोग से प्रदेश सरकार सफलता पूर्वक विकास की गाथा लिखी रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों ने प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसलिए सरकार ने कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की है। उन्होंने कहा कि 76 हजार करोड़ रुपये का कर्ज विरासत में मिलने के बावजूद वर्तमान प्रदेश सरकार ने ओपीएस बहाल की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार प्रदेश का संपूर्ण विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों से ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से निरंतर कार्य करते रहने को कहा ताकि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के उत्थान व विकास के लिए चलाई जा रही नीतियों को अमली जामा पहनाया जा सके।

## पहाड़ी से गिरी चट्टान के नीचे दबा वाहन नौ लोगों के मारे जाने की आशंका

- मालपा और पेलसिती झरने के बीच के हिस्से में सड़क हुई क्षतिग्रस्त
- पहाड़ी से विशालकाय चट्टान जीप के ऊपर गिरने से हुआ हादसा



**पिथौरागढ़,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार दोपहर पिथौरागढ़ के धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग में थक्ती झरने के समीप पहाड़ी से गिरे चट्टान की चपेट में आने से बोलेरो कैंपर दब गया। इस दर्दनाक हादसे में चालक सहित नौ लोगों की दबकर दर्दनाक मौत की आशंका जताई जा रही हैं। सूचना पाकर पुलिस, एसएसबी, सेना, एसडीआरएफ की टीम मौके पर घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। जिस स्थान पर घटना हुई है वह स्थान मालपा और पेलसिती झरने के बीच में स्थित है। बताया जा रहा है कि दिन में डेढ़ बजे जब कैंपर वाहन यात्रियों को लेकर धारचूला को लौट रहा था, तभी पहाड़ी से विशालकाय चट्टान जीप के ऊपर गिर गई। जीप नाबि गांव में होम स्टे चलाने वाले हरीश नबियाल की बताई जा रही है। जिस स्थान पर हादसा हुआ है उस क्षेत्र में भारतीय संचार कंपनियों का कोई नेटवर्क काम नहीं करता है। धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग सड़क आवाजाही के लिहाज से खतरनाक है। इस सड़क पर कम से कम 50 स्थान ऐसे हैं जहां से सुरक्षित निकलना किसी चुनौती से कम नहीं है। सताचार लिखे जाने तक रेस्क्यू करने वाली टीम मौके पर पहुंची थी।

## भूखंड बेचने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप

**रुद्रपुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भूखंड बेचने के नाम पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से 2-30 लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

इंदिरा कालोनी गली पांच रुद्रपुर निवासी गोपाल सिंह पुत्र चन्दन सिंह ने हरकेश्वर रॉव पुत्र विभूति प्रसाद, विभूति प्रसाद निवासी ग्राम कोलडा कीरतपुर रुद्रपुर,नीरज जायसवाल निवासी सिंह कालोनी, रूद्रपुर के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी जान पहचान का एक व्यत्तिफ नीरज जायसवाल आया और बोला कि उसके दोस्त हरकेश्वर रॉव ने एक कालोनी, काटी है, उसमें प्लाट खरीद लो। बताया कि उनकी बातों पर विश्वास करते हुये दो लाख रूपये में एक भूखंड खरीदने का सौदा किया और 1-40 लाख रुपये बतौर ब्याना हरकेश्वर रॉव को अदा कर दिये। जिस संबंध में एक इकरारनामा भी नीरज जायसवाल ने टाईप करवाकर उसे दिया तथा 60 हजार रूपये नगद तथा रजिस्ट्री के लिये 30 हजार रूपये अदा कर दिये। बताया कि पिछले काफी समय से नीरज जायसवाल एवं हरकेश्वर रॉय तथा उनके पिता से भूखंड देने व भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिये कहता चला आ रहा है। पता चला कि इन्होंने कोई कालोनी नहीं काटी है। यह दलाली करते है। पीडित के मुताबिक उक्त लोगों से अपना रूपया वापस मांगा तो इन लोगों ने अपनी गलती मानते हुये जल्दी रूपये अदा करने का वायदा करते हुये विभूति प्रसाद ने अपने खाता का चैक 2-30 लाख रूपये का जारी करके दिया।

## केदारपुरी में जय श्री राम के नारों से हुआ मुख्यमंत्री योगी का स्वागत

■ अमरनाथ तिवारी

- बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक कर विश्व में सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना

**रुद्रप्रयाग,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने केदारनाथ धाम पहुंच कर बाबा केदार के दर्शन एवं रूद्राभिषेक किया।

उन्होंने भगवान केदारनाथ से विश्व में सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। तकरीबन दो घंटे के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान केदारपुर में लगातार जय श्री राम एवं हर-हर महादेव के नारे लगते रहे। जहां से भी मुख्यमंत्री योगी गुजरते गए, वहां उनके अभिवादन को खड़े श्रद्धालु जयकारे लगाते दिखे। जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं का अभिवादन कर जय श्री राम एवं बाबा केदार के जयकारे लगाए।

रविवार को करीब दस बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केदारनाथ हेलीपैड पर पहुंचे, जहां केदारनाथ हेलीपैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष



अजेन्द्र अजय, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्प भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। यहां पर तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी बीकेटीसी हट में मुख्य पुजारी शिवलिंग से मिले। पुजारी एवं अन्य तीर्थ पुरोहितों से भेंट के बाद तीर्थ पुरोहित समाज की अगुवाई में उन्हें मंदिर तक ले गए, यहां उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर विश्व की सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। करीब पौने घंटे चली पूजा के दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ का रूद्राभिषेक कर विशेष गो मुखी शृंघी से दूध एवं जल भी चढ़ाया।

रूद्राभिषेक के बाद उन्होंने बाहर आकर नंदी की पूजा की एवं शॉल चढ़ाया। यहां मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं के बीच बाबा केदारनाथ के नारे लगाने के बाद उन्होंने केदार सभा समेत अन्य तीर्थ पुरोहितों से भेंट की। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं, तीर्थ पुरोहितों, सुरक्षा एजेंसियों एवं व्यवस्थाओं से जुड़े हुए सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुए सभी के साथ फोटो भी खिंचाई।

## चोरी की वारदात को अन्जाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुखानी क्षेत्र के घरों में चोरी, नकबजनी की घटनाओं को अन्जाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से माल भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 28 जून को कुंवर सिंह चैहान पुत्र गोपाल सिंह चैहान निवासी नूतन कॉलोनी, हिम्मतपुर तल्ला के घर में चोरों ने धावा बोल दिया था। इसी तरह 16 सितम्बर को सुरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र किशन सिंह निवासी भगवानपुर रोड, लोहरियासाल तल्ला के घर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि मुखानी थानाध्यक्ष रमेश बोहरा के नेतृत्व में गठित टीम ने संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही करीब 120 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके आधार पर मुखबिर की सूचना पर चोर को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह चोरी का माल बेचने की फिराक में था। पुलिस ने पकड़े गए चोर राजकुमार राठौर निवासी राजविहार कालोनी, फेस-2 मुखानी के कब्जे से दो जोड़ी झुमके, एक जोड़ी टॉप्स, दो मंगलसूत्र, हाथ के कड़े और 3600 रुपये की नगदी बरामद की है।

# प्रादेशिकी

## कुरीतियों को छोड़कर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का किया आह्वान

**फर्रुखाबाद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कठेरिया समाज कल्याण समिति की ओर से नवभारत सभा भवन में रविवार को छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलित कर एवं भंते भीमरतन के द्वारा पंचशील व त्रिशरण पाठ करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में अधिकांश वक्तओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को छोड़ देने का सुझाव देते हुए कहा कि समाज के लोगों के पास बच्चों को पढ़ाने के लिए रुपए नहीं होते हैं। लेकिन वह लोग नशा करने पर व्यर्थ में धन खर्च करके परिवार में अशांति फैलाते हैं। बेटियों से कहा गया कि वह अपने परिवार के लोगों को नशा करने से रोके कर परिवार को बर्बादी से बचाए। वक्ताओं ने समाज के पिछड़ जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बेटियों को सुझाव दिया कि वह हाई स्कूल इंटर करने के बाद भी अनवरत पढ़ती रहें।

## विवेकानंद के सपनों का भारत बना रही नई शिक्षा नीति : डॉ. सुधीर

**मेरठ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वर संस्थान में एनईपी 2020 पर परिवर्तनकारी शिक्षा के लिए प्रयास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस नेशनल समिट में देश के विभिन्न केंद्रीय एवं

- वेंकटेश्वरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित
- शिक्षकों, वैज्ञानिको समेत उद्योग जगत की हस्तियों ने की शिरकत



स्टेट यूनिवर्सिटी के कुलपतियों, विख्यात वैज्ञानिको समेत उद्योग जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। इस शानदार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन पर मंथन करते हुए सभी ने इसके बल पर भारत को फिर से दुनिया का सिरमौर बनने की वकालत की। सेमिनार का शुभारंभ समूह अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरी, मुख्य अतिथि भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो.डीएस चौहान, प्रधान सलाहकार प्रो.वी पी.एस.अरोड़ा, प्रतिकुलाधीपति डॉ. राजीव त्यागी, यूपीटीयू के पूर्व कुलपति प्रो आर के खांडल, तेजपुर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके जैन, अमेजॉन के रीजनल हेड साउथ एशिया प्रो लोकेश मेहरा, उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोओ पी नेगी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

### नई शिक्षा नीति परिवर्तनकारी शिक्षा के लिए प्रयास विषय पर चर्चा

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो.डीएस चौहान, यूपीटीयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आरके खांडाल, दून विश्वविद्यालय एवं तेजपुर सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो वीके जैन, उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफे ओपी नेगी, अमेजॉन के साउथ एशिया रीजनल हेड लोकेश मेहरा, समेत देश के दो दर्जन से अधिक विश्वविद्यालय के कुलपतियों, शिक्षाविदो एवं उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियों ने शिरकत कर नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारत को फिर से दुनिया का सिरमौर बनने की वकालत की। डॉ. सुधीर गिरी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐतिहासिक एवं बहुत ही क्रांतिकारी साबित होगी। इस शानदार नीति से विवेकानंद के सपनों का भारत बनेगा।

## रेडियोलॉजी व न्यूक्लियर मेडिसिन का किया उद्घाटन

**मेरठ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल में विश्व की उच्चतम आधुनिक रेडियोलॉजी व न्यूक्लियर मेडिसिन मशीनों का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेरठ कैन्ट विधायक अमित अग्रवाल एवं एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने फीता खोल कर किया। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एचएस मिन्हास, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति ने मशीनो के अवलोकन हेतु आए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी को मशीनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि मेरठ कैन्ट विधायक अमित अग्रवाल ने सुभारती अस्पताल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रेडियोलॉजी व न्यूक्लियर मेडिसन की आधुनिक तकनीक वाली मशीनों से कैंसर रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक मशीनें रोगियों हेतु संजीवनी साबित होगी एवं चिकित्सीय सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगी। विशिष्ट अतिथि एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने सुभारती परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचएस मिन्हास, डॉ.आकांशा सिंह, डॉ.पवन पाराशर, डॉ.सौरभ शर्मा, डॉ. रवि प्रताप सिंह, डॉ. अर्चिता कंसल तिवारी, डॉ. अनुराग तोमर, डॉ एम के मित्तल, डॉ मुक्ता मित्तल, डॉ. सचिन, डॉ.सलोनी मेहता, संजीव त्यागी, राजकुमार सागर सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



## सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में अमेठी के पौने दो लाख खिलाड़ी जुड़े

- पुरस्कार वितरण समारोह 13 अक्टूबर को

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमेठी के खेलकूद प्रतियोगिता में स्मृति ईरानी के पौने दो लाख खिलाड़ी हैं। कहने के लिए संख्या छोटी है। बाकी पौने दो लाख खिलाड़ियों को खेल के मैदान में लाना कठिन काम है। लेकिन स्मृति ईरानी इस काम को पूरा कर चुकी हैं। अब खिलाड़ियों को पुरस्कार देने की तैयारी में जुटी है। पहला पुरस्कार दो लाख 21 हजार नगद राशि का है। लड़कों के लिए मोटर साइकिल और लड़कियों के लिए स्कूटी भी खड़ी हो गई है। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की खबर है। जिससे प्रशासन और भाजपा दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। इसके लिए स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता अमेठी में डेरा डाल रखा है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र ने बताया कि सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में अमेठी के पौने दो लाख खिलाड़ी जुड़े हैं। 270 न्याय पंचायतों में खेल हो रहा है। इस खेल में किक्रेट प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता, वालीबाल प्रतियोगिता, बैडमिंटन, शतरंज, रंगोली प्रतियोगिता, ऊंची कूद, दौड़ आदि दर्जनों खेल हो रहें हैं। इसका समापन 13 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण समारोह से खत्म होगा। पहला टीम पुरस्कार 2 लाख 21 हजार रुपए,दूसरा 1 लाख 11 हजार रुपए,तीसरा 51 हजार रुपए है। इसी तरह बेस्ट प्लेयर को मोटर साइकिल, लड़कियों को स्कूटी, एकल विजेता को एलीडी टीबी, फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि है। अमरेंद्र सिंह पिंटू ने बताया कि अलग-अलग खेल के अलग-अलग पुरस्कार है। सभी खिलाड़ियों को सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।इतने बड़े खेल महाकुंभ की निगरानी खुद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कर रही है। बाकी विजय गुप्ता अमेठी में एक महीने से जमे हुए हैं। जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की दबी प्रतिभा को निखारने के लिए सांसद खेलकूद प्रतियोगिता हो रही है। अमेठी में कांग्रेस संजय गांधी अस्पताल खुलवाने के लिए धरना प्रदर्शन में जुटी थी। लेकिन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी खेल के बहाने वोट-बैंक जोड़ने में जुटी है। खेल के नाम पर नए वोटरों को साधने के लिए हर जिले में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता हो रही है। लेकिन जहां भाजपा के सांसद नहीं है। वहां सांसद खेलकूद प्रतियोगिता नहीं हो रही है।



### सार संक्षेप

#### स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच कर की दवा वितरित

**मेरठ।** रविवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान भव के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेंले में चिकित्सकों ने संचारी रोगों की जांच की। मेंले में विभिन्न रोगों से सबधिंत लगभग 50 मरीज की जांच के उपंरात दवाइयों को वितरण किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अरुण कुमार ने बताया कि हमारे यहां मेले में सर्वाइकल स्कैनिंग भी की जा रही है जिसमें कोई भी आदमी स्वास्थ्य मेले का लाभ ले सकता है स्वास्थ्य मेल चिकित्सा विशेषज्ञों की देख रखे में प्रत्येक रविवार को सीएचसी में आयोजित किया जायेगा। परिसर में आयोजित स्वास्थ्य मेले का दोपहर बाद एसीएमओ डॉक्टर सुभाष ने भी निरीक्षण किया। डॉक्टर आजाद वीर, हिस्ट्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता चौहान आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

#### प्लॉट में मिली युवक की लाश

**मेरठ।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने का मामला सामने आया है। मृतक की उम्र करीब 30 साल के आसपास बताई जा रही है। डेडबॉडी का चेहरा ईंटों से बुरी तरह कुचला गया है। कूचने के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मृतक की शिनाख्त कर रही है। लाश के पास ही एक ठेला मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उसकी पहचान करने में जुट गई है। लोहिया नगर स्थित एक खाली प्लॉट में बने कमरे में अज्ञात युवक का शव पाया गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास खड़ा हुआ एक कबाड़ का तीन पहियों का ठेला भी मिला है मृतक की उम्र लगभग तीस वर्ष के आसपास है और उसने पेंट और काले रंग की शर्ट पहनी हुई थी।

#### घर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**मेरठ।** में एक युवक का शव घर में फंदे पर लटका मिला है। उसकी गर्दन रेती हुई है। पुलिस को हत्या करके शव फंदे पर लटकाने की आशंका है। युवक रविवार सुबह नमाज पढ़ने गया था। वहां से लौटकर घर आया। घर के अगले हिस्से में पॉवरलूम की मशीन लगी है। वहीं, एक कमरे में शव मिला। कोतवाली व अमित राय ने कहा है कि शुरुआती जांच के आधार पर हत्या की आशंका है। फिलहाल, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पूछताछ के लिए मृतक के छोटे भाई को हिरासत में लिया है। पूरी वारदात लोहिया नगर थाना क्षेत्र के आशियाना कॉलोनी गली नंबर-18 की है। मृतक की शिनाख्त शहजाद के तौर पर हुई है।

#### पत्नी से विवाद के चलते लगाई आग, मौत

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र स्थित गांव ललियाना में एक डॉक्टर ने पत्नी से विवाद के चलते खुद पर तेल छिड़क आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे डॉक्टर को मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया। किठौर थाना क्षेत्र स्थित गांव ललियाना निवासी 38 वर्षीय शाहआलम पुत्र वहाब गांव असीलपुर में निजी क्लीनिक चलाते हैं।

## प्रशिक्षण शिविर में अन्तर स्क्वायड ड्रिल प्रतियोगिता आयोजित

**मवाना,**8 अक्टूबर (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कॉलिज मवाना के प्रांगण में 73 यूपी बटालियन एनसीसी मवाना के तत्वावधान में एवं कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल के निर्देशन में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रविवार को अन्तर स्क्वायड ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिन निकलते ही समस्त स्क्वायड के कैडेट अपने रेजिमेंटल झालर, कमरबन्द के साथ सज धजकर कदम से कदम मिलाते हुए पूर्ण जोश के साथ परेड स्थल पर पहुंचे।

शिविर कमाण्डेंट से अनुमति मिलने के उपरांत ड्रिल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ। ड्रिल प्रतियोगिता में सभी कैडेट्स ने अपने पिछले आठ दिन में मिले महत्वपूर्ण प्रशिक्षण का शानदार प्रदर्शन किया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने कहा कि ड्रिल किसी भी बल का आधार स्तम्भ है। ड्रिल से स्क्वायड के सभी जवानों में समानता, टीम भावना, समयबद्धता का संचार होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ये कैडेट्स किसी भी क्षेत्र में अपना प्रतिनिधित्व देंगे तो अपनी अलग छवि का प्रदर्शन अवश्य करेंगे। सभी कैडेट्स की ड्रिल का गहन निरीक्षण करने के उपरान्त हमारे निर्णायक मण्डल के सदस्यों को परिणाम घोषित करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सभी कैडेट्स का प्रदर्शन अति उत्तम है।

## ब्रेस्ट कैंसर के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**मेरठ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। गढ रोड स्थित न्यूटिमा हॉस्पिल में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग तथा ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता व निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में महिलाओं को विस्तार से ब्रेस्ट कैंसर के बारे में अवगत कराया गया

- न्यूटिमा हॉस्पिल में लगा निःशुल्क जांच शिविर
- स्क्रीनिंग कर सावधानियों के दिए टिप्स
- कैंसर को मात दे चुकी महिलाओं को किया सम्मानित

तथा ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूक किया गया, साथ ही साथ रंगारंग कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनको ब्रेस्ट कैंसर का इलाज न करने के दुष्परिणानों के बारे में तथा आकर्षक डांस, ड्रामा के माध्यम से उनको प्रोस्ताहित व उत्साहित किया गया कि वो अपने स्तन की जांच तथा इलाज समय पर कराएं। डिपार्टमेंट ऑफ ब्रेस्ट एडं एंडोक्रोनी सर्जरी विशेषज्ञ डा.सुधि काम्बोज ने बताया कि कार्यक्रम



के माध्यम से जिन ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों ने अपना इलाज पूरी लगन से कराया व ब्रेस्ट कैंसर से लड़कर उस पर अपनी जीत हांसिल की उन मरीजों को कार्यक्रम में (ब्रेस्ट कैंसर सुपर हीरो का दर्जा दिया गया) तथा सम्मानित किया गया। आयोजन न केवल स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा और शीघ्र पता लगाने और शिक्षा प्रदान करेगा, बल्कि स्तन कैंसर से लड़ने वाले सुपर हीरोज को उनकी हिम्मत तथा लगन और समर्पण के लिए तथा स्तन कैंसर से बचाने वालों को उनकी निष्ठा के लिए सम्मानित करके आभार व्यक्त करने और समर्थन करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। हमारे महानायकों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हार्दिक, सहानुभूतिपूर्ण और जिम्मेदार सेवा। जांच शिविर में 100 से अधिक महिलाओ में ब्रेस्ट कैंसर में अपना नामांकन कराया तथा सभी ने जांच कराई। न्यूटीमा हॉस्पिटल के डायरेक्टर्स व डॉक्टर्स रोहित कंबोज, वी बेम्बी, मीना बेम्बी, संदीप गर्ग, श्वेता, उपाध्याय, अनुपमा उपाध्याय, प्रियांक, प्रियंका, हरिराज तोमर आदि ने शोभा बढ़ाई।

### नुक्कड़ नाटक से महिलाओं को किया जागरूक

ब्रेस्ट फीडिंग न कराने वाली महिलाओं के लिए अस्पताल के महिला कर्मचारियों ने नुक्कड़ नाटक व डांस के कार्यक्रम में आई महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने नाटक के माध्यम से बताया कि महिलाए ब्रेस्ट फीडिंग कराने में परहेज न करें। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## अनीता राणा मलिक को स्थाई लोक अदालत मेरठ का सदस्य बनाया

**मेरठ,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनीता राणा का स्थाई लोक अदालत मेरठ में सदस्य के रूप में चयन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के द्वारा किया गया है। अनीता राणा मलिक पिछले 25 वर्षों से जनहित फाउंडेशन एनजीओ के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण, महिला एवम बाल अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए समाज सेवा का कार्य कर रही है। अनीता राणा मलिक को उनके समाज सेवा के कार्यों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। इस से पहले अनीता राणा साढ़े चार साल वर्ष तक बाल कल्याण समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुकी है। स्थाई लोक अदालत की सदस्य बनने पर बहुत से शुभचिंतक द्वारा उनको ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई है। अनीता राणा मलिक द्वारा सभी शुभचिंतकों का इस अवसर पर विशेष आभार व्यक्त किया गया।



## कृत्रिम उपकरण पाकर खिले दिव्यागों के चेहरे



**फर्रुखाबाद,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसएन साध ट्रस्ट के बैनर तले नाला मछरट्टा स्थित ऐने केपी कालेज के सामने तीन दिवसीय आयोजित निःशुल्क दिव्यांग शिविर में राजपूत रेजिमेंट के बिग्रेडियर एच,एस सन्धु सेवा इण्टरनेशनल के क्वॉर्डीनेटर एंव एआरएसपी के संगठन मंत्री श्याम पाण्डेय ने शिविर का उद्घाटन कर दिव्यांगों को लाभ पहुंचाया। डा.रजनी सरीन ने बताया कि ईएनटी के डॉक्टर शिखर सक्सेना अपनी टीम के साथ दिव्यागों को निःशुल्क दवाएं एंव कान की मशीने उपलब्ध करवा रहे है। इस शिविर में जयपुर फुट नामक संस्था के 7 विशेषज्ञ अपनी सेवा दे रहे हैं। यह शिविर तीन दिवसीय है जिसकी शुरुआत हो गई। शिविर में 214 रजिस्ट्रेशन हुए है। इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगों का इलाज कराकर 40 व्हील चेयर, 30 छड़ी, 32 ट्राइ साइकिल, 38 कैलीपर, 28 कृत्रिम पैर, 32 वैशाखी, 11 वॉकर, 62 जोड़ी जूते एंव 52 कान मशीन उपलब्ध कराए गए है। शिविर में चमकेश साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शेखर साध एंव रोविन साध सहित कई अन्य ने शिविर में सेवा दी।

- निःशुल्क दिव्यांग शिविर राजपूत रेजिमेंट के बिग्रेडियर ने किया शुभारंभ

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत का शुभारंभ

**मेरठ/हस्तिनापुर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाभारत कालीन तीर्थ नगरी हस्तिनापुर स्थित न्यू ब्लॉक शांति चौराहा पर नित्यानन्द सेवाश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्री नीलांषुदास जी श्रीधाम वृंदावन ने श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का रविवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा की शुरुआत नगर पचांयत अध्यक्षा सुधा खटीन समाज सेवी सुशील नागर ने समुहिक रूप से पूजा अर्चना कर की। रविवार को आयोजित कलश यात्रा में कस्बें की सैकडों महिलाओं ने कथा स्थल पर पूजा अर्चना के साथ की। तदोपरांत कलश यात्रा कस्बें के विभिंन मार्गो से होती हुई पूजा स्थल पहुचकर समापत हुई। महाराज श्री के निर्देश में विशाल कलश यात्रा में 251 महिला श्रद्धालु सिरों पर कलश लेकर चल रही थी। कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा कस्बें के बी ब्लाक, बगाली बजार, सी ब्लाक आदि से होते हुए मुख्य मार्ग स्थित गंग नहर पहुंची।



- 251 कलशों के नगर से होकर गुजरी कलश यात्रा

## भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली

**मवाना,**8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भगवान श्री रामलीला का शुभारंभ समारोह से पहले मवाना हस्तिनापुर रोड स्थित झारखंडी मंदिर से भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में विभिन्न झांकियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। बैंड बाजे और डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भगवान श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मवाना में भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का उद्घाटन रामलीला कमेटी अध्यक्ष अखिल कौशिक, तहसीलदार आकांक्षा जोशी एवं ब्लाक प्रमुख योगेश गुर्जर, राजेन्द्र चौहान आदि ने फीता एवं नारियल फोड़ कर किया। भगवान शिव की भव्य शोभा यात्रा में हनुमानजी, राधा-कृष्ण, भारत माता, श्रीगणेश आदि झांकियां दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दौरान भक्तों ने जलपान भी कराया। शोभायात्रा में बैंड बाजों और डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु




झूमते हुए नजर आए। मवाना इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे तो वहीं तहसीलदार आकांक्षा जोशी भी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई। शोभा यात्रा मवाना हस्तिनापुर रोड स्थित झारखंडी मंदिर से शुरू होकर नगर के तहसील तिराहा, चौहान चौक, फलावदा तिराहा, सुभाष चौक, गोल मार्केट, दयानंद बाजार आदि से होती हुई देर रात रामलीला मैदान में जाकर संपन्न हुई।

## दीपोत्सव में सवा करोड़ की लागत का जलेगा एक लाख लीटर खाद्य कड़ुआ तेल

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। छोटी दीपावली के दिन राम की पैड़ी पर होने वाले सातवें दीपोत्सव की अद्भुत छटा देखने के लिए दुनिया भर में कौतूहल जाग उठा है। रिकार्ड बनाने के इंवेट में तब्दील दीपोत्सव के लिए इस बार इक्कीस लाख दीयों को जलाने का लक्ष्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रखा है। इसे पूरा करने के लिए अवध विश्वविद्यालय वालंटियर्स चौबीस लाख दीए बिछाएंगे। घाटों पर दीयों से सजने वाली रंगोलियों में इस बार प्रभु श्री राम के विजय स्वरूप के साथ उगते सूर्य के बीच बन रहे राम मंदिर का थ्री डी चित्रण किया जाएगा। इस पूरे आयोजन में लगभग दस करोड़ से ज्यादा खर्च का अनुमान है जिसमें से सवा करोड़ का तो सिर्फ कड़ुआ तेल ही जल जाएगा। जिस दिव्य दीपोत्सव पर योगी सरकार इतराती है, अयोध्या इठलाती है उसके कई स्याह पक्ष भी हैं। दीयों की ठेकेदारी प्रथा से खरीद, वालंटियर्स को सम्मान का अभाव, सुरक्षा कारणों से जनसहभागिता ना होना स्याह पक्ष हैं। इसके बाद भी लाखों दीयों की जगमगाहट में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व रिकॉर्ड बनाने की घोषणा करते हैं तो दीयों को जलाने वाले वालंटियर्स अपना दर्द भूल चहक उठते हैं। जय श्रीराम के उद्घोष से वालंटियर्स आसमान गूंजा देते हैं। सूर्य भी दीपोत्सव के दिन अस्त नहीं होना चाहता। उसकी मंशा उन्हें निहारने की होती है जो अपनी उर्जा से लाखों दीयो को रोशन करते हैं। दीयों का जलना ही दीपोत्सव है। बाकी लेजर लाइट, आतिशबाजी, रामलीला, राम कथाएं, अन्य तमाम सरकारी तामझाम इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए होते हैं। वालंटियर्स दो दिन तक दीयों को बिछाते हैं। मुख्य पर्व के दिन दीयों में तेल डालने के साथ कपूर लगी बाती लगाते हैं। छोटे बड़े साइज के दीयों में तेल डालते समय ध्यान रखना होता है कि तेल फर्श पर गिरने ना पाए, नहीं तो फिसलन हो जाती है। सबसे दुष्कर कार्य दीयों को जलाते समय कम जगह में उनके साथ खड़ा रहना होता है। एक वॉलिंटियर्स लगभग 80 दीयों को जलाता है और जब आधे दिए जल जाते हैं तो घाट पर उष्मा का प्रभाव बहुत तेज हो जाता है। सभी दीयों के प्रज्वलित होने के बाद ही वालंटियर्स दीयों की व्यूह रचना से बाहर आते हैं। राम नगरी के अवध विश्वविद्यालय सहित उत्तर प्रदेश शासन के तमाम विभागों ने सातवें दीपोत्सव के लिए कमर कस लिया है। दीयों को जलाने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के जिम्मे है। तेल, दीया, बाती, कपूर, बाल्टी, मग, मोमबत्ती, ठेला, वॉलिंटियर्स के भोजन पर ही लगभग चार करोड़ खर्च हो जाएगा। यूं तो उत्तर प्रदेश शासन अयोध्या के विभिन्न मंदिरों को लेकर लगभग तीस लाख से ज्यादा दीयों को जलाने की व्यवस्था कर रहा है लेकिन मुख्य कार्यक्रम स्थल राम की पैड़ी व घाटों पर चौबीस लाख दीए सजाए जाएंगे। इन दीयों के लिए एक लाख लीटर तेल, लगभग पच्चीस लाख बाती की व्यवस्था विश्वविद्यालय कर रहा है। रिकॉर्ड बनाने के लिए इन दीयों को पांच मिनट तक जलना होता है। प्रतिवर्ष दीपों की संख्या बढ़ने व राम की पैड़ी पर घाटों की संख्या और लंबाई सीमित होने के कारण इस बार चुनौती विकट है। राम की पैड़ी के अलावा इस बार सरयू नदी के कुछ घाट भी रिकॉर्ड की चुनौती पूरी करने के लिए इस्तेमाल किए जाएगें। दीपोत्सव का प्रमुख आकर्षण इस बार भी मुख्य मंच के सामने घाट संख्या दस पर होगा। अवध विश्वविद्यालय फाइन आर्ट के एक सौ सत्तर विद्यार्थी यहां इस बार सूर्यवंश राजा मर्यादा पुरुषोत्तम राम के विजय स्वरूप को दर्शाएंगे। जिसमें उगते सूर्य के बीच भव्य मंदिर का थ्री डी चित्रण करेंगे। फाइन आर्ट समन्वयक डाक्टर विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस रंगोली को बनाने व घाट संख्या दस को सजाने में लगभग एक लाख दीयों का इस्तेमाल किया जाएगा।

ड्रोन कैमरे से ली गई तस्वीरें हर किसी को मोहित कर लेंगी। मुख्यमंत्री की चुनौती को पूरा करने के लिए दीप प्रज्वलन के नोडल अधिकारी संतशरण मिश्र ने अपनी टीम का गठन कर कार्य प्रारंभ कर दिया है। लगभग पच्चीस हजार वालंटियर्स दीप प्रज्वलन के लिए तैयार किए जा रहे हैं। नए वालंटियर्स के साथ अनुभवी वालंटियर्स को लगाया गया है। एनजीओ के वालंटियर्स लापरवाही ना करें, इसके लिए नोडल अधिकारी ने दिशा निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय स्तर से दीपोत्सव के लिए कमेटियां गठित कर दी गई है और उन्हें उनके कार्यों से अवगत करा दिया गया है। बीस अक्टूबर तक दीए एवं अन्य सामग्री को संग्रहित कर लिया जाएगा। इसके लिए राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह घाटों पर पांच स्टोर बनाए गए हैं। वॉलिंटियर्स की सूची भी लगभग बन गई है। आठ नवंबर से चिह्नित स्थानों पर दीए बिछाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

- पचास हजार जलते दीयों से उगते सूर्य के बीच उभरेगा राममंदिर का थ्री डी चित्रण
- रिकॉर्ड बनाने को राम की पैड़ी व पचास घाटों पर सजेंगे 24 लाख दीप



देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 9 अक्टूबर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

### राम चरण ने नहीं की कोई भी बॉलीवुड फिल्म साइन, अटकलों को किया खारिज

**मुंबई।** तेलुगु स्टार राम चरण ने अयप्पा मंदिर के दर्शन किए। मुंबई की उनकी यात्रा ने अफवाहों को हवा दी, कि वह सुपरस्टार निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ एक संभावित बॉलीवुड प्रोजेक्ट में भी काम कर सकते हैं। हालांकि, यह पुष्टि हो गई है कि उन्होंने कोई भी बॉलीवुड प्रोजेक्ट साइन नहीं किया है। एक सूत्र ने खुलासा किया कि 'आरआरआर' एक्टर की फिलहाल बॉलीवुड में काम करने की कोई प्लानिंग नहीं है और वह अन्य प्रोजेक्ट में बिजी हैं। सूत्र ने कहा कि राम चरण के बॉलीवुड प्रोजेक्ट साइन करने की कोई खबर नहीं है। वह फिलहाल अपने काम में बिजी हैं और उनकी अन्य प्राथमिकताएं भी हैं। अभिनेता मुंबई यात्रा पर है, जहां उन्हें अयप्पा दीक्षा पूरी करने के लिए नंगे पैर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेकते हुए देखा गया।

स्लीप एपनिया को लेकर एम्स के शोधकर्ताओं का अध्ययन

## 10.4 करोड़ भारतीय ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया से हो सकते हैं पीड़ित

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) एक वैश्विक स्वास्थ्य बोझ बन गया है। भारतीय वयस्कों में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की व्यापकता की एक व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण से पता चला है कि कामकाजी उम्र के लगभग 104 मिलियन (10.4 करोड़) भारतीय इस बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, लगभग 11

■ महिलाओं की तुलना में पुरुषों को अधिक खतरा

प्रतिशत भारतीय वयस्क ओएसए से पीड़ित हैं, जिनमें महिलाओं (5 प्रतिशत) की तुलना में पुरुषों (13 प्रतिशत) को अधिक खतरा है। स्लीप मेडिसिन रिव्यूज जर्नल में प्रकाशित स्टडी में कहा गया है कि



ओएसए एक कॉमन स्लीप डिसऑर्डर है जो मोरबिडिटी से जुड़ा है। एम्स में पल्मोनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. अनंत मोहन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने कहा कि ओएसए प्रसार की वैश्विक समीक्षाओं में भारत और अन्य विकासशील देशों के डेटा का कम प्रतिनिधित्व है। इस व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण ने भारत में ओएसए की व्यापकता की जांच की।

एम्स नई दिल्ली के अन्य रिसर्च टीम के सदस्य तेजस मेनन सूरी, तमोघना घोष, सौरभ मित्तल, विजय हड्डा और करण मदान थे।

टीम ने उन लेखों के लिए मेडलाइन, एम्बेस और स्कोपस डेटाबेस की खोज की, जिनमें स्लीप स्टडी का इस्तेमाल करके सामान्य भारतीय वयस्क आबादी में ओएसए की व्यापकता की जानकारी दी गई थी। आठ स्टडीज को शामिल किया गया, जिसमें 35.5 से 47.8 वर्ष की औसत आयु वाले 11,009 विषय शामिल थे और रेंडम-इफेट्स मॉडल का इस्तेमाल कर मेटा-एनालिसिस किया गया।

## आस्था शर्मा ने डांस सीखने के लिए की 16 घंटे तक अभ्यास

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'नीरजा एक नई पहचान' में नीरजा की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस आस्था शर्मा को नॉन-डांसर होने के चलते लगातार 16 घंटे प्रैक्टिस करनी पड़ी। शो में अपने परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए आस्था ने कहा कि मुझे डांस प्रैक्टिस की जरूरत थी। जब आप अच्छे डांसर नहीं हैं तो कैमरे पर ग्रेट डांसर के रूप में खुद को पेश करना आसान नहीं होता है। जो लोग डांसर नहीं हैं उनके लिए डांस मूव्स बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन मुझे इस अवसर पर खरा उतरना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपना फोन बंद कर लिया था और मुझे लगातार 16 घंटे तक सीक्वेंस की रिहर्सल करनी पड़ी। मुझे हैरानी है कि मुझे डांस करना मजेदार लग रहा था, और मैं बेवजह डर रही थी। मुझे खुशी है कि इस शो के माध्यम से मैंने एक नया स्किल हासिल किया। मैं कोरियोग्राफर को मेरे साथ धैर्य रखने और मूव्स सीखने के दौरान सहज महसूस कराने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। जिस दिन मैंने इस सीक्वेस की शूटिंग की, वह दिन एक परीक्षा की तरह लगा।



## सांस्कृतिक संध्या में कुलदीप शर्मा की नाटियों ने बांधा समां

**सोलन,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल उत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में कुलदीप शर्मा की नाटियों का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला। कुलदीप ने अपनी नई नाटियों से जैसे ही कार्यक्रम की शुरूआत की तो ठोडो ग्राउंड में नाच रहे युवाओं के पैरों से उड़ती धूल नाटियों की हिमाल उत्सव में लोकप्रियता का बखूबी बयान कर रही थी। कुलदीप ने अपनी नई पुरानी नाटियों से ऐसा समां बांधा की सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो कार्यक्रम का आनंद लेते दिखे। इससे पहले संध्या में आए ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक हरिदत्त भारद्वाज के बांसुरी वादन ने खूब वाहवाही बटोरी। सातवीं संध्या में आकर्षण के तौर पर पंजाब के गायक देवेंद्र गिल का कार्यक्रम हुआ। जूनियर गुरदास मान के नाम से मशहूर देवेंद्र गिल की अपने साजिंदों के साथ जबरदस्त जुगलबंदी से हिमाचल उत्सव पंजाब की समृद्ध संस्कृति से सराबोर हो गया। सोलन के पुरस्कार विजेता लोक गायक जिया लाल ठाकुर की अगुवाई में सरगम कला मंच के कलाकारों ने पारंपरिक हिमाचली नाटियों को पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पेश कर बेहतरीन प्रस्तुति दी।

इसके अलावा आनी से आए पहाड़ी गायक विनेश जोशी ने भी हिंदी गीतों और नाटियों से खूब रंग जमाया। कुल्लू के लोक गायक अमर राठौर और राजगढ़ की गायिका रीना ठाकुर और सुनिता शांडिल की नाटियों पर भी युवा खूब नाचे। सातवीं सध्या में कामेडियन प्रिस गर्ग ने अपनी शानदार कामेडी और मिमिक्री पेश कर अपने हुनर का लोहा मनवाया। प्रिंस ने कॉमेडी के साथ साथ पक्षियों की तरह तरह की आवाजें निकाल कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। संध्या में एसजे डांसिंग जोन, नृत्यांगना एकडेमी, रूद्रम डांस एकेडमी, युवल शर्मा और संगीता शर्मा का डांस भी खूब पसंद किया गया। सातवी संध्या में मुख्य अतिथि के तौर पर हिमाचल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉक्टर धनीराम शांडिल और विशेष मेहमान के तौर पर मेरेडियन मेडिकेयर के चेयरमैन विनोद गुप्ता अपनी धर्मपत्नी के साथ मौजूद थे।

## इजरायल-फिलीस्तीन जंग पर गौहर खान ने कहा, 'दमन करने वाला कब से पीड़ित हो गया?'

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। गाजा के आतंकवादी समूह हमास की ओर से किए गए रॉकेट हमलों के बाद इजरायल और फिलीस्तीन के बीच जंग जारी है। तमाम हस्तियां युद्ध को लेकर अपना गुस्सा जाहिर कर रही हैं। इसी कड़ी में एक्ट्रेस गौहर खान ने बढ़ते तनाव पर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने रविवार को एक्स पर अपना रुख साझा किया और लिखा, 'दमन करने वाला कब से पीड़ित हो गया?' गौहर खान के अलावा, एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने अपने इंटाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रतिक्रिया दी और लिखा कि अगर किसी ने इजरायल की पूर्व में आलोचना नहीं की है तो अब उसे हमास के हमले पर दुखी नहीं होना चाहिए।



बता दें कि इजराइल और हमास के बीच जंग तेज हो रही है। हमास द्वारा रात भर किए गए रॉकेट हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने गाजा पर हमला करना शुरू कर दिया है। इजराइल ने हमास के ठिकानों पर बुलडोजर चला दिया है। फिलिस्तीन आतंकवादी समूह हमास ने इजराइल पर हमला बोलते हुए कई मिसाइलें दागी, जिसके चलते इजराइल के 300 से अधिक नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, वहीं 1,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके अलावा, दर्जनों लोगों का अपहरण कर लिया गया।

## मौसम: जरा सी लापरवाही डाल सकती है परेशानी में

### बदलता मौसम कर रहा बेहाल, रखें ख्याल

**बुलंदशहर,** 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बदलते मौसम में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है । सरकारी और निजी अस्पतालों में भी बुखार और सर्दी जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं। अक्टूबर माह में मौसम में तेजी के साथ परिवर्तन होने लगा है। मौसम में उतार-चढ़ाव से बच्चों और बुजुर्गों को वायरल बीमारियां भी तेजी से जकड़ने लगी है। बच्चों को डायरिया वायरल फीवर निमोनिया का खतरा बढ़ा है तो बुजुर्ग को सबसे अधिक सांस फूलने की बीमारी हो रही है। इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव बच्चों की सेहत पर असर डाल रही है। दिन में गर्मी सुबह-शाम ठंडा मौसम हो जाता है। सरकारी चिकित्सालयों समेत निजी अस्पतालों में बुखार, सर्दी जुखाम, और अन्य बीमारियों से पीड़ित उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक बदलते मौसम में खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सतर्कता बरतने के लिए परिजनों को सलाह दे रहे हैं जरा सी लापरवाही बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं। मौसम में आए परिवर्तन के चलते लोगों को बीमारियों ने चपेट में लेना शुरू कर दिया है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मलेरिया वायरल खांसी जुखाम एलर्जी टाइफाइड जैसे खतरनाक बुखारो के मरीज पहुंचने शुरू हो गए हैं। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से मौसम के बदलते मिजाज के चलते लोगों की सेहत बिगड़ रही है। प्रीति दिन हो रहे मौसम में परिवर्तन से लोगों को परेशानी भी बढ़ रही है।



## भारत-बांग्लादेश सीमा पर नो मैन्स लैंड में हिंदू, मुस्लिम दुर्गा पूजा के लिए तैयार

**करीमगंज (असम),** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। असम के करीमगंज जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित गोबिंदपुर गांव के 44 परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य नहीं है क्योंकि यह गांव दोनों देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के बीच नो मैन्स लैंड जोन में कांटेदार तार की बाड़ द्वारा मुख्य भूमि से अलग किया गया है। असम के बराक घाटी इलाकों में 124 किलोमीटर लंबी कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम 1994 में शुरू हुआ। हालांकि गोबिंदपुर गांव के निवासियों को मतदान का अधिकार है, वे भारतीय नागरिक हैं, फिर भी गांव वालों को कई नियमों का पालन करना पड़ता है। बाड़ के गेट सुबह खोले जाते हैं और शाम होने से पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा बंद कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों को इस समय के भीतर अपने घरों को लौटना होगा। इसके अलावा, बाहरी लोग अधिकारियों की उचित अनुमति के बिना गांव में प्रवेश नहीं कर सकते।





हालांकि, गांव पूरे उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाता है। गोबिंदपुर गांव में दुर्गा पूजा के आयोजन का इतिहास 100 साल से भी अधिक पुराना है। गांव में एक छोटा सा मंदिर है जहां हर साल पूजा का आयोजन किया जाता है। इस साल भी दुर्गा पूजा मनाने के लिए गांव में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीणों में से एक, बीरेंद्र नामसुद्र ने बताया कि विभाजन के कारण हम भारतीय मुख्य भूमि से अलग हो गए थे। हालांकि, हम अपना पुश्तैनी घर नहीं छोड़ना चाहते थे। सीमा पर कई नियम हैं। बीएसएफ की ओर से दी गई पॉलिसी के मुताबिक हमें शाम होने से पहले गांव लौटना है परिणामस्वरूप, हमें दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में घूमने का अवसर नहीं मिलता है। ग्रामीणों के मुताबिक इस गांव में 100 साल से भी ज्यादा समय से देवी दुर्गा की पूजा होती आ रही है. उन्होंने दावा किया कि उन्हें देवी दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त है और इसीलिए वे पूजा जारी रख सकते हैं। ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान पूरे गांव को सजाया जाता है और शाम को मंगल आरती भी होती है। अष्टमी और नवमी की रात को छोटी-छोटी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। चार दिनों तक ग्रामीणों के बीच प्रसाद बांटा जाता है।

एक अन्य ग्रामीण, बिपुल दास ने दावा किया कि हालांकि सीमा सुरक्षा बल कुछ हद तक सख्त हैं, लेकिन वे ही हैं जो पूजा के आयोजन में मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के जवान वित्तीय दान, पीने के पानी की व्यवस्था, पंडालों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और विभिन्न सामग्री प्रदान करके मदद के लिए आगे आते हैं।

## AIDAT 2023 : रचनात्मक भविष्य को आकार देने के लिए अखिल भारतीय डिजाइन एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑल इंडिया डिज़ाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (AIDAT) 2023 देश भर के इच्छुक डिजाइनरों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बनने की तैयारी कर रहा है। 28 अक्टूबर, 2023 को होने वाली प्रवेश परीक्षा रचनात्मक संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलेगी। AIDAT परीक्षा का परिणाम 3 नवम्बर 2023 को आएगा।

CODE की फाउंडर डॉ. स्वेता चौधरी ने कहा, डिजाइन शिक्षा परिदृश्य में एक गेम-चेंजर है। यह छात्रों को सफलता के लिए एक व्यापक टूलकिट प्रदान करता है, जिसमें अध्ययन सामग्री, उद्योग अंतर्दृष्टि और व्यक्तिगत करियर मार्गदर्शन शामिल है। मंच न केवल डिजाइन योग्यता का मूल्यांकन करता है बल्कि ज्ञान के साथ उम्मीदवारों को सशक्त भी बनाता है। सफल होने के लिए उन्हें जिन संसाधनों की आवश्यकता है। AIDAT डिज़ाइन शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है।

स्नातक (यूजी) डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों के लिए : संभावित उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से 10+2 की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करनी होगी। यह आवश्यकता उन युवा प्रतिभाओं के पोषण की नींव तैयार करती है जो डिज़ाइन की जीवंत दुनिया में प्रवेश करने की इच्छा रखते हैं।

स्नातकोत्तर (पीजी) डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों के लिए- स्नातकोत्तर स्तर के लिए लक्ष्य रखने वाले उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थानों या कॉलेजों से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। यह मानदंड डिज़ाइन में उन्नत अध्ययन करने के लिए तैयार व्यक्तियों की शैक्षणिक कौशल को स्वीकार करता है।

AIDAT 2023 तकनीकी नवाचार की दिशा में एक साहसिक कदम है जो पूरी तरह से ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। यह प्रगतिशील कदम उम्मीदवारों को अपने पसंदीदा डिजिटल उपकरणों से परीक्षा में भाग लेने में सक्षम बनाता है, चाहे वह मोबाइल फोन, लैपटॉप या डेस्कटॉप हो। यह लचीला दृष्टिकोण न केवल उम्मीदवारों की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित करता है बल्कि डिजिटल युग की मांगों और सुविधा के साथ मेल खाता है।

ग्रामीण खेलों के मिनी ओलंपिक का हुआ समापन

## सभी विजेता खिलाड़ी व टीम को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** 8 अक्टूबर को नेशन फस्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के आखिरी दिन सुबह क्रॉस कंट्री का आयोजन हुआ जिसमे हजारों की संख्या मे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जहां 7.2 किलोमीटर की दौर मे पुरुष वर्ग मे अश्विन (136) ने 25.59 मिनट मे पुरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर पंकज (245) व तीसरे स्थान पर अमित (53) रहे। वहीं महिला वर्ग मे निशा (89) ने 26.59 मिनट मे पुरा कर प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बनी! दूसरे स्थान पर प्रीति (44) रही वहीं तीसरे स्थान पर नीतू (84) रही। क्रिकेट के फाइनल मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड मे खेला गया जिसमे भोरगढ़ नरेला ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे 3 विकेट के नुक्सान पर 194 रन बनाया वहीं बवाना की टीम ने बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर मे 6 विकेट के नुक्सान पर 133 रन ही बना सकी जिससे भोरगढ नरेला ने 61 रनो से फाइनल मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शक्ति रहे जिसने शानदार बैटिंग करते हुये 32 गेंद मे 61 रन बनाया। कबड्डी के मैच के पहले सेमी फाइनल नरेला अ बनाम दादा मालदेव पालम के बीच खेला गया जिसमे नरेला अ ने जीतकर फाइनल मे जगह बनाया वहीं दूसरा मैच नरेला ब बनाम कैर के बीच खेला गया जिसमे कैर ने शानदार जीत हासिल कर फाइनल मे जगह बनाया। कबड्डी का फाइनल मैच नरेला अ बनाम कैर के बीच खेला गया जिसमें कैर की टीम ने 26-48 से फाइनल जीत लिया। फुटबॉल के मैच का फाइनल बवाना एवं हैदरपुर के बीच खेला गया जिसमे बवाना ने 3-0 से फाइनल मैच जीत लिया। नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि चौ. न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता मे खेलने वाले लगभग सभी खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है जिन्होंने अभी तक के खेल मे अपना-अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीम को जीत दिलाई, अभी तक हुये सभी खेलों मे सभी हारे जीते टीमो ने बेहतर खेल भावना के साथ खेल खेला है।



जन्मदिवस के अवसर पर

## दमदार अभिनय से राजकुमार ने दर्शकों के दिलों पर किया राज

**मुंबई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। संवाद अदायगी के बेताज बादशाह कुलभूषण पंडित उर्फ राजकुमार का नाम फिल्म जगत की आकाश गंगा में ऐसे ध्रुवतारे की तरह है, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज किया। राजकुमार का जन्म पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में आठ अक्टूबर 1926 को एक मध्यम वर्गीय कश्मीरी बाह्मण परिवार में हुआ था। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद राजकुमार मुंबई के माहिम पुलिस स्टेशन में बतौर सब इंस्पेक्टर काम करने लगे। राजकुमार मुंबई के जिस थाने में कार्यरत थे वहां अक्सर फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का आना-जाना लगा रहता था। एक बार पुलिस स्टेशन में फिल्म निर्माता कुछ जरूरी काम के लिए आए हुए थे और वह राजकुमार के बातचीत करने के अंदाज से काफी प्रभावित हुए। और उन्होंने राजकुमार से अपनी फिल्म 'शाही बाजार' में अभिनेता के रूप में काम करने की पेशकश की। राजकुमार सिपाही की बात सुनकर पहले ही अभिनेता बनने का मन बना चुके थे। इसलिए उन्होंने तुरंत ही अपनी सब इंस्पेक्टर की नौकरी से इस्तीफा दे दिया और निर्माता की पेशकश स्वीकार कर ली।

शाही बाजार को बनने में काफी समय लग गया और राजकुमार को अपना जीवनयापन करना भी मुश्किल हो गया। इसलिए उन्होंने वर्ष 1952 मे प्रदर्शित फिल्म 'रंगीली' में एक छोटी सी भूमिका स्वीकार कर ली। यह फिल्म सिनेमा घरों में कब लगी और कब चली गई। यह पता ही नहीं चला। इस बीच उनकी फिल्म 'शाही बाजार' भी प्रदर्शित हुई। जो बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।शाही बाजार की असफलता के बाद राजकुमार के तमाम रिश्तेदार यह कहने लगे कि तुम्हारा चेहरा फिल्म के लिये उपयुक्त नहीं है। और कुछ लोग कहने लगे कि तुम खलनायक बन सकते हो।

वर्ष 1952 से 1957 तक राजकुमार फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। 'रंगीली' के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली राजकुमार उसे स्वीकार करते चले गए। इस बीच उन्होंने 'अनमोल', 'सहारा', 'अवसर', 'घमंड', 'नीलमणि' और 'कृष्ण सुदामा' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई। महबूब खान की वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म 'मदर इंडिया' में राजकुमार गांव के एक किसान की छोटी सी भूमिका में दिखाई दिए। हालांकि यह फिल्म पूरी तरह अभिनेत्री नर्गिस पर केन्द्रित थी। फिर भी वह अपने अभिनय की छाप छोड़ने में कामयाब रहे। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति भी मिली और फिल्म की सफलता के बाद वह अभिनेता के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गए। अभिनय में एकरूपता से बचने और स्वयं को चरित्र अभिनेता के रूप में भी स्थापित करने के लिए उन्होंने स्वयं को विभिन्न भूमिकाओं में पेश किया।राजकुमार ने शायद यह महसूस कर लिया था कि मौत उनके काफी करीब है। इसीलिए अपने पुत्र पुरू राजकुमार को उन्होंने अपने पास बुला लिया और कहा कि देखो मौत और जिंदगी इंसान का निजी मामला होता है। मेरी मौत के बारे में मेरे मित्र चेतन आनंद के अलावा और किसी को नहीं बताना। मेरा अंतिम संस्कार करने के बाद ही फिल्म उद्योग को सूचित करना।'अपने संजीदा अभिनय से लगभग चार दशक तक दर्शकों के दिल पर राज करने वाले महान अभिनेता राजकुमार 3 जुलाई 1996 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।



## पुनपुन नदी घाट पर पिंडदानियों का तांता

■ पितृपक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों को प्रथम पिंडदान ■ करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का केन्द्र

**औरंगाबाद,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। पितृपक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों को प्रथम पिंडदान अर्पित करने के लिए इन दिनों औरंगाबाद जिले के सिरिस स्थित पुनपुन नदी घाट पर पिंडदानियों का तांता लगा हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पुनपुन नदी को पितृ तर्पण की प्रथम वेदी के रूप में स्वीकार किया गया है। परंपरा के अनुसार पितृपक्ष के दौरान पितरों के मोक्ष दिलाने हेतु गया में पिंडदान के पूर्व पितृ-तर्पण की प्रथम वेदी के रूप में मशहूर पुनपुन नदी में प्रथम पिंडदान का विधान है।

पुराणों में वर्णित 'आदि गंगा पुनः पुनः' कहकर पुनपुन को आदि गंगा के रूप में महिमामंडित किया गया है और इसकी महत्ता सर्वविदित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस स्थल पर गयासुर राक्षस का चरण है। गयासुर राक्षस को वरदान प्राप्त था कि सर्वप्रथम उसके चरण की पूजा होगी। उसके बाद ही गया में पितरों को पिंडदान होगा। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर पिंडदान करने के बाद ही गया में किया गया पिंडदान पितरों को स्वीकार्य होता है।



सिरिस स्थित पुनपुन नदी के पिंडदान की प्रथम वेदी पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तरांचल, झारखंड, बिहार, राजस्थान आदि प्रान्तों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंच चुके हैं और अपने पितरों को पिंडदान अर्पित कर चुके हैं। पौराणिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होने के बावजूद इस स्थल पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बिजली, पानी, सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, धर्मशाला आदि की कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे सिरिस पुनपुन घाट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद यह देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का केन्द्र बना हुआ है। बहरहाल, आवश्यक सुविधाओं की कमी का दंश झेल रहे सिरिस पुनपुन नदी घाट के विकास की जरूरत महसूस की जा रही है। पौराणिक महत्व वाले इस स्थल के विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, बल्कि सरकारी राजस्व में भी भारी वृद्धि होगी।

पुजारी कमलेश मिश्रा ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार इस पुनपुन घाट पर ही भगवान श्रीराम ने माता जानकी के साथ अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पहला पिंड का तर्पण किया थे, इसलिए इसे पिंड दान का प्रथम द्वार कहा जाता है। इसके बाद ही गया के फल्गु नदी तट पर पूरे विधि-विधान से तर्पण किया गया था।

प्राचीन काल से पहले पुनपुन नदी घाट पर पिंडदान तर्पण करने के बाद फिर गया के 52 वेदी पर पिंडदान तर्पण की परंपरा है तभी पितृपक्ष में पिंडदान को पूरा तर्पण संपन्न माना जाता है । यहां वर्ष भर में तीन बार पिंडदान किया जाता है लेकिन यह आश्विन माह वाला पिंड दान का विशेष महत्व है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।




# यदि युद्ध पश्चिम एशिया तक फैला, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति व मुद्रास्फीति का जोखिम

**चेन्नई,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। वरिष्ठ अर्थशास्त्री इजराइल-हमास युद्ध के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर प्रतीक्षा और निगरानी की स्थिति में हैं, जबकि इस बात पर सहमत हैं कि अगर युद्ध पूरे पश्चिम एशिया में फैल गया, तो कच्चे तेल की आपूर्ति में चुनौती हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रभाव पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी, हालांकि स्थिति पर नजर रखनी होगी।

सुमन चौधरी, मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान प्रमुख, एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड ने आईएएनएस को बताया, सबसे बुरी स्थिति में, इस संघर्ष के पूरे पश्चिम एशिया में फैलने और इसमें कई देशों के शामिल होने की भी संभावना है। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति में और चुनौतियां पैदा हो सकती हैं, जहां ओपेक प्लस (पेट्रोलियम निर्यातक देशों और अन्य तेल उत्पादक देशों का संगठन) द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण पहले से ही वैश्विक कीमतों में वृद्धि हुई है।

चौधरी ने कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष में वृद्धि के साथ, वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापार को मुद्रास्फीति के जोखिमों के पुनरुत्थान और वैश्विक बाजारों में उच्च अस्थिरता के साथ और मंदी का सामना करना पड़ सकता है, इसके परिणामस्वरूप रुपये पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा, हालांकि, संघर्ष



का प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित होने जा रहा है क्योंकि भारत के साथ इजरायल का व्यापार 10 बिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है, वित्त वर्ष 2023 में इजरायल को निर्यात 8.5 बिलियन डॉलर और आयात 2.3 बिलियन डॉलर है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने आईएएनएस से कहा, आर्थिक प्रभाव पहले तेल की कीमत और उसके बाद मुद्रा के माध्यम से देखा जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की संभावित कार्रवाई पर चौधरी ने कहा कि वह केवल उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा और इस समय कोई कार्रवाई करने की संभावना नहीं है।

सबनवीस ने कहा, जैसे-जैसे आरबीआई अधिक सतर्क होगा, बांड पैदावार ऊंची रहेगी। महंगाई का असर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर नहीं बल्कि थोक मूल्य सूचकांक पर दिखेगा. चूंकि खुदरा ईंधन की कीमतों में बदलाव नहीं किया जाएगा, अगर सरकार इसे अवशोषित करती है तो कच्चे तेल की ऊंची कीमतें तेल विपणन कंपनियों या राजकोषीय पर दिखाई देंगी।

चौधरी ने कहा, हालांकि, यह (आरबीआई) ओएमओ (खुले बाजार परिचालन) बिक्री जैसे उपकरणों के माध्यम से सिस्टम में तरलता को सख्त बनाए रखने का प्रयास करेगा, जिसका बांड पैदावार पर असर पड़ सकता है। चौधरी ने कहा, अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदल जाता है और नई आपूर्ति बाधाएं सामने आती हैं तो भारत सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करने के लिए कदम उठा सकती है। दूसरी ओर युद्ध के कारण सोने की कीमतें बढ़ने की आशंका है। मद्रास ज्वैलर्स एंड डायमंड मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और चैलेंजी ज्वेलरी मार्ट के पार्टनर जयंतीलाल चैलेंजानी ने आईएएनएस को बताया कि युद्ध के कारण शनिवार को कीमत बढ़ गई।

## मुफ्त डिलीवरी के साथ सभी प्रोडक्ट पर 150 रुपये तक की छूट देता है पेटीएम से ओएनडीसी नेटवर्क

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीईपीएल) ने रविवार को पेटीएम से ओएनडीसी नेटवर्क पर सुपर सेवर वीकेंड ऑफर की घोषणा की। इसके तहत यूजर्स ऑर्डर देते समय डिस्काउंट और एक्सक्लूसिव डील्स पा सकते हैं। कंपनी ओएनडीसी नेटवर्क पर एक अग्रणी खरीदार ऐप है और विभिन्न श्रेणियों में 200 से ज्यादा ब्रांडों की पेशकश करते हुए तेजी से आगे बढ़ रही है। पेटीएम ओएनडीसी फूड पर कंपनी 150 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दे रही है जिसमें फ्री डिलीवरी भी शामिल है। इसी तरह किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और एक्सेसरीज और होम एंड किचन एसेंशियल पर, यूजर 250 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर 125 रुपये की छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर पूरे भारत में लागू है और 31 अक्टूबर तक वैध है। इसके अलावा, कंपनी 1,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स पर 10 प्रतिशत की छूट दे रही है। पेटीएम ओएनडीसी नेटवर्क पर लाइव होने वाली पहली कंपनी है और उसने पीईपीएल द्वारा संचालित पेटीएम ऐप पर पेटीएम से ओएनडीसी नेटवर्क लॉन्च किया। पीईपीएल के प्रवक्ता ने कहा, ओएनडीसी




नेटवर्क पर सबसे लोकप्रिय खरीदार ऐप के रूप में हम यूजर्स को शीर्ष ब्रांडों पर अद्भुत ऑफ़र के साथ उनके ऑनलाइन खुदरा अनुभव को नया रूप देते हुए, निर्बाध रूप से खरीदारी करने में सक्षम बनाते हैं। इस सुपर सेवर वीकेंड डिस्काउंट सेल के साथ, हमारा लक्ष्य अपने उपयोगकर्ताओं को किफायती कीमतों पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद पेश करना है। सरकार द्वारा समर्थित, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) देश के मौजूदा ईकॉमर्स ईकोसिस्टम को लोगों तक पहुंचाने के लिए बनाया गया है। बेंगलुरु में लॉन्च होने के बाद से, ओएनडीसी ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, कांचीपुरम, हैदराबाद, बागलकोट और लखनऊ तक अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.8 अरब डॉलर घटकर 586.9 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.13 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 520.24 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 57.6 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 43.7 अरब डॉलर पर आ गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.94 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

## बिहार के मर्चा धान को मिला जीआई टैग, किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद

**बेतिया,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के एक और उत्पाद को अब अंतराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिलेगी। बिहार के पश्चिम चंपारण के उत्पाद मर्चा धान को शनिवार को केंद्र सरकार ने जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग दे दिया है। जीआई टैग मिलने से यहां के किसानों को अब काफी लाभ मिलने को संभावना है।



किसानों को अब मर्चा धान का बेहतर दाम मिल पाएगा। इससे पहले बिहार के पांच कृषि उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, जिसमें मुजफ्फरपुर की लीची, भागलपुर का जर्दालु आम, कतरनी चावल, मिथिला का मखाना शामिल है। अब मर्चा धान को जीआई टैग मिलने के बाद बिहार के कृषि उत्पादों की संख्या पांच से बढ़ कर छह हो गई है। केंद्र सरकार के जीआई रजिस्ट्रार, चेन्नई की ओर से जारी प्रमाण पत्र को शनिवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मर्चा धान उत्पादक सहयोग समिति के अधिकारियों एवं सदस्यों को प्रदान किया गया। वहीं, जीआई रजिस्ट्रार ने जिला प्रशासन को भी इसका प्रमाण पत्र प्रेषित किया है, जिसे जिलाधिकारी को समर्पित किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि मर्चा धान बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थानीय रूप से पाए जाने वाले चावल की एक किस्म है। यह काली मिर्च की तरह दिखाई देता है, इसलिए इसे मिर्चा या मर्चा राइस के नाम से जाना जाता है।

उन्होंने बताया कि इसे स्थानीय स्तर पर मिर्चा, मचया, मारीची आदि नामों से भी जाना जाता है। मर्चाधान के पौधे, अनाज और गुच्छे में एक अनूठी सुगंध होती है, जो इसे अलग बनाती है। इस चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र पश्चिमी चंपारण जिले के चनपटिया, मैनाटांड़, गौनाहा, नरकटियागंज, रामनगर एवं लौरिया है।

### सार संक्षेप

## भारत के साथ एफटीए वार्ता का अगला दौर आज शुरू करेगा ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन का 30 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भारत से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के शेष मुद्दों पर सोमवार से यहां भारतीय दल के साथ इसके अगले दौर की बातचीत शुरू करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों ने हाल ही में 13वें दौर की वार्ता संपन्न की है। वार्ता को गति देने के लिए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल के नेतृत्व में एक दल पिछले सप्ताह लंदन गया था। निवेश संबंधी मामलों से निपटने वाला ब्रिटेन का दल पहले से ही यहां है। उसकी वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत तेज गति से बढ़ रही है। अधिकारी ने कहा, 30 सदस्यीय दल कल यहां होगा। दोनों पक्ष उत्पत्ति के नियम सहित शेष मुद्दों को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। सब कुछ अंतिम चरण में है। उत्पत्ति के नियम के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि एफटीए देश में न्यूनतम प्रसंस्करण होना चाहिए ताकि अंतिम निर्मित उत्पाद को उस देश में उत्पन्न होने वाले सामान के रूप में बताया जा सके। इस प्रावधान के तहत, कोई भी देश जिसने भारत के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किया है, वह सिर्फ एक लेबल लगाकर किसी तीसरे देश के माल को भारतीय बाजार में नहीं भेज सकता है। भारत को निर्यात करने के लिए उसे उस उत्पाद में एक निर्धारित मूल्यवर्धन करना होगा। इसके मानदंड माल की डंपिंग को रोकने में मदद करते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच एक अलग समझौते के रूप में निवेश संधि पर बातचीत चल रही है। ये निवेश संधियां एक-दूसरे के देश में निवेश को बढ़ावा देने में मदद करती हैं।

## एअर इंडिया ने इजरायल के लिए रोकी उडान

**नई दिल्ली।** इजरायल और फिलिस्तीन के बीच भीषण संघर्ष जारी है. हमास आतंकवादी समूह के हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है. भीषण जंग के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एक बड़ा फैसला किया है. कंपनी ने 14 अक्टूबर तक इजराइली शहर तेल अवीव से आने-जाने वाली फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है. इससे पहले शनिवार को नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए फ्लाइट संख्या एआई 139 और वापसी की फ्लाइट एआई 140 को रद्द कर दिया गया था। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तेल अवीव जाने वाली और वहां से आने वाली सभी फ्लाइट्स 14 अक्टूबर तक रद्द कर दी गई हैं. एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, टिकट बुक कर चुके यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार पूरा सहयोग दिया जाएगा। बता दें कि एयर इंडिया तेल अवीव के लिए हर हफ्ते 5 बार फ्लाइट्स संचालित करती है. ये फ्लाइट्स- सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को होती हैं।

## एक्स यूजर्स क्लिकबैट विज्ञापन से हुए परेशान, ब्लॉक और रिपोर्ट करने का नहीं हैं ऑप्शन

**सैन फ्रांसिस्को,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। एलन मस्क के स्वामित्व वाले एक्स कॉर्प ने कथित तौर पर क्लिकबैट विज्ञापन लॉन्च किए हैं, जिन्हें यूजर्स न तो ब्लॉक कर सकते है और न ही रिपोर्ट। ऐसे में वे प्लेटफॉर्म पर पैसे कमाने के नए तरीके से परेशान हो गए हैं। मिसरेबल ने बताया कि एक्स यूजर्स के सामने स्क्रॉल करते समय अपने फीड में बिना लेबल वाले विज्ञापन आ रहे हैं।

जब यूजर्स उन विज्ञापनों पर टैप करते हैं तो वे उन्हें थर्ड-पार्टी वेबसाइट्स पर ले जाते हैं, जहां उन्हें ब्लॉक करने या रिपोर्ट करने का कोई तरीका नहीं होता है। रिपोर्ट में कहा गया है, नए विज्ञापनों से यह भी पता नहीं चलता कि विज्ञापनदाता कौन है या वे विज्ञापन भी हैं। पिछले कुछ दिनों में कई एक्स यूजर्स ने अपने फॉर यू फीड में एक नए प्रकार के विज्ञापन को देखने की रिपोर्ट करने के लिए मैशेबल से संपर्क किया है, जो पहले प्लेटफॉर्म पर उनके सामने नहीं आया था। ये नए एक्स विज्ञापन यूजर्स को विज्ञापन पोस्ट को लाइक या रीट्वीट करने की अनुमति नहीं देते हैं। नए विज्ञापन प्रारूप से यह भी पता नहीं चलता कि विज्ञापन के पीछे कौन है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विज्ञापनों में प्रमोट किए जा रहे कंटेंट का प्रकार



- जब यूजर्स उन विज्ञापनों पर टैप करते हैं तो वे उन्हें थर्ड-पार्टी वेबसाइट्स पर ले जाते हैं, जहां उन्हें ब्लॉक करने या रिपोर्ट करने का कोई तरीका नहीं होता है
- नए विज्ञापनों से यह भी पता नहीं चलता कि विज्ञापनदाता कौन है या वे विज्ञापन भी हैं

स्पैमयुक्त, लो क्वालिटी चुमबॉक्स विज्ञापन में पाए जाने वाले एडवरटाइजिंग के अनुरूप प्रतीत होता है। ये विज्ञापन अब एक्स मोबाइल ऐप्स पर यूजर्स को दिखाए जा रहे हैं। विज्ञापन राजस्व में गिरावट से निपटने के लिए, एक्स ने थर्ड-पार्टी के विज्ञापनदाताओं के साथ साझेदारी की है। सामान्य विज्ञापनों के विपरीत, जो केवल एक्स खातों से पोस्ट होते हैं और उन पर विज्ञापन लेबल होता है, इन नए विज्ञापनों में उनके साथ कोई खाता संबद्ध नहीं होता है। एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने पिछले महीने कहा था कि कंपनी 2024 की शुरुआत तक लाभदायक होगी, उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म पर अब 200-250 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स हो सकते हैं। याकारिनो ने कहा कि शीर्ष 100 विज्ञापनदाताओं में से 90 प्रतिशत अकेले पिछले 12 हफ्तों में प्लेटफॉर्म पर लौट आए हैं। उनके अनुसार, लगभग 1,500 विज्ञापनदाता प्लेटफॉर्म पर लौट आए हैं। एक्स ने अभी तक अपने 13 वर्षों में वार्षिक लाभ की घोषणा नहीं की है, और मुनाफा बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है।

## चीन के स्मार्टफोन बाजार में 2023 के पहले आठ महीनों में गिरावट : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, चीन में स्मार्टफोन बाजार में इस साल के पहले आठ महीनों में गिरावट देखी गई है, जनवरी से अगस्त तक केवल 679 मिलियन डिवाइस का निर्माण हुआ, जो 2022 की इसी अवधि से 7.5 प्रतिशत कम है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, काउंटरपॉइंट रिसर्च का कहना है कि देश में स्मार्टफोन की बिक्री भी धीमी हो गई है, 2023 के पहले आठ महीनों में 4 प्रतिशत (साल दर साल) की गिरावट आई है।

जून तिमाही में, चीन की स्मार्टफोन खपत 2014 के बाद से दूसरी तिमाही की सबसे कम बिक्री के आंकड़े पर गिर गई, क्योंकि व्यापक आर्थिक प्रतिकूलताओं ने उपभोक्ता भावनाओं पर असर डाला। हालांकि, 2023 के शेष समय में बाजार के परिदृश्य में सुधार की उम्मीद है।

अपकमिंग विंटर सेल्स सीजन के साथ-साथ हुवाई और एप्पल द्वारा नए 5जी स्मार्टफोन जारी करने से इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हुआवेई के मेट 60 प्रो सीरीज 5जी हैंडसेट ने विशेष रूप से चीनी स्मार्टफोन बाजार का



आत्मविश्वास बढ़ाया है। काउंटरप्वाइंट के अनुसार, साल के अंत तक हुआवेई के लेटेस्ट 5जी स्मार्टफोन की कुल बिक्री पांच से छह मिलियन यूनिट के बीच होगी।

हुआवेई का बड़ा घरेलू हार्मोनीओएस यूजर बेस इस ऑप्टिमिस्टिक फोरकास्ट में योगदान देने वाला एक फैक्टर है। कंपनी के नए 5जी डिवाइस से नए कस्टमर्स को आकर्षित करने और अन्य ब्रांडों पर स्विच करने वाले पूर्व यूजर्स को वापस लौटने के लिए आकर्षित करने की उम्मीद है। पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल के पहले आठ महीनों में हुआवेई के स्मार्टफोन की बिक्री 41 प्रतिशत बढ़ी है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9750-9850, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## स्थानीय और वैश्विक ग्राहकों के लिए भारत में विस्तार कर रहा है एस्सार का ब्लैक बॉक्स

**बेंगलुरु,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रौद्योगिकी और खुदरा क्षेत्र में एक प्रमुख निवेश के रूप में एस्सार के ब्लैक बॉक्स ने हाल ही में बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सलेंस स्थापित किया है। यह सेंटर वैश्विक ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है और ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, कमांड सेंटर, सर्विस डेस्क और कस्टमाइज्ड डिलीवरी ऑपरेशन से सुसज्जित है।

ब्लैक बॉक्स कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजीव वर्मा ने कहा, भारत हमारे लिए एक बाजार के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो भारतीय समूहों और वैश्विक ग्राहकों दोनों को सेवा प्रदान करता है। भारत में हमारी विकास क्षमता पर हमारा सकारात्मक दृष्टिकोण है और हम यहां निवेश करना जारी रखेंगे। भारत सरकार द्वारा चल रही डिजिटलीकरण पहल और डेटा सेंटर की मजबूत मांग ऐसे क्षेत्र हैं जिनका हाइपर-स्केल ग्राहकों के साथ काम करने में हमारी विशेषज्ञता को देखते हुए हम मूल्यांकन करना चाहते हैं।

कंपनी विकास को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यबल का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और 500 नई नौकरियों को जोड़कर अपने बेंगलुरु




सेंटर ऑफ एक्सलेंस को बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट योजना की रूपरेखा तैयार की है।

भारत में ब्लैक बॉक्स की 37 वर्षों से अधिक समय से मौजूदगी है, जो पहले एजीसी नेटवर्क्स के नाम से संचालित होता था। 35 से अधिक देशों तक फैले वैश्विक फुटप्रिंट के साथ, कंपनी भारत में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, बीमा, विनिर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)/आईटी-सक्षम सेवाएं सहित विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। वर्मा ने कहा, इनमें से कई ग्राहकों ने अच्छी ग्रोथ का अनुभव किया है और कई क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है। उन्होंने हमारे मजबूत रिश्तों और हमारे द्वारा लगातार दिए जाने वाले ठोस परिणामों से प्रेरित होकर ब्लैक बॉक्स के साथ साझेदारी करना चुना है। ब्लैकबॉक्स संयुक्त राज्य अमेरिका में बैंकिंग, बीमा, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, वितरण, ऊर्जा और यूटिलिटीज सहित उद्योग क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला के ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

वर्मा ने कहा, हमारा सबसे बड़ा बाजार, कई अन्य प्रौद्योगिकी कंपनियों की तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका है। अमेरिका में, हम प्रबंधित विस्तारित पहचान और प्रतिक्रिया सेवाओं, एंडपॉइंट पहचान और प्रतिक्रिया सेवाओं और भेद्यता प्रबंधन सेवा सहित कई सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं। हम राजस्व और मुनाफा बढ़ाने पर फोकस करते हुए अमेरिका में सक्रिय रूप से विस्तार और निवेश कर रहे हैं। हम अपने मजबूत बैकलॉग और पाइपलाइन के कारण दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने की उम्मीद करते हैं।

ब्लैक बॉक्स भारत सरकार द्वारा निर्धारित डिजिटल इंडिया पहल का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता अत्याधुनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे समाधान प्रदान करने के लिए व्यवसायों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने तक फैली हुई है, चाहे वे भारत में स्थित हों या विश्व स्तर पर संचालित हों।

# खेल जगत

## नीदरलैंड के खिलाफ विलियमसन बाहर, फर्ग्यूसन-साउथी के फिट होने की संभावना

**हैदराबाद,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन सोमवार को नीदरलैंड के खिलाफ विश्व कप-2023 मैच में नहीं खेलेंगे। विश्व कप-2023 के छठे मैच में न्यूजीलैंड का सामना नीदरलैंड से सोमवार को होगा। इससे पहले, न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने जो अपडेट दिया है वो शायद न्यूजीलैंड क्रिकेट फैंस को निराश कर सकता है। टीम के नियमित कप्तान केन विलियमसन नीदरलैंड के खिलाफ मैच में भी नहीं खेलेंगे। कोच ने कहा, केन बहुत अच्छी प्रगति कर रहे हैं। हालांकि, मुझे लगता है कि फील्डिंग के दौरान उन्हें थोड़ी दिक्कत आ सकती है। मगर वह जल्द प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे। 33 वर्षीय विलियमसन इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में अनुपस्थित थे और अब 13 अक्टूबर को चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड के तीसरे मैच के दौरान वापसी करने का लक्ष्य बना रहे हैं। जहां विलियमसन पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं।



# जडेजा-कुलदीप ने स्पिन का जाल बुन कर ऑस्ट्रेलिया को 199 रन समेटा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह






- ऑस्ट्रेलिया का एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया
- भारत को जीत के लिए मिला 200 रन का लक्ष्य

नई दिल्ली, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के लेग स्पिनर रवींद्र जडेजा (3/28), लेग स्पिनर कुलदीप यादव (2/42) और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (1/34) की त्रिमूर्ति द्वारा मिल कर बुने स्पिन के जाल तथा अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (2/35) की गेंद से रफ्तार के साथ दिखाई धार की बदौलत मेजबान भारत ने पांच बार चैंपियन रहे ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी वन क्रिकेट विश्व कप के अपने पहले मैच में रविवार को चेन्नै में 49.3 ओवर में 199 रन पर समेट दिया। भारतीय गेंदबाजों ने गेंदबाजी इकाई के रूप में चेपॉक की पिच पर बेहतरीन प्रदर्श किया।

चेन्नै सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में लंबे समय खेलने वाले रवींद्र जडेजा ने अपने दूसरे घर' चेन्नै के चेपॉक मैदान पर उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन किया। रवींद्र जडेजा ने तीनों विकेट 21 से 30 वें ओवर के बीच चटकाए। ऑस्ट्रेलिया का एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया और उसके लिए गेंदबाजी करने वाले सभी छहों गेंदबाजों ने विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ((46 रन, 71 गेंद, पांच चौके) और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (41 रन, 52 गेंद, छह चौके) अर्द्धशतक तक पहुंचे। भारत हार्दिक पांडया (1/28) ने एडम जम्पा (6) को मिड ऑफ पर विराट कोहली के हाथों कैच करा पहली कामयाबी पाई और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 189 कर दिया। मोहम्मद सिराज ने अपने सातवें और पारी के 50 वें व अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर मिचेल स्टार्क ( 28 रन, 35 गेंद, एक छक्का और दो चौके) श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कर ऑस्ट्रेलिया की पारी समेटी। ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का पहला छक्का कुलदीप यादव के दसवें और पारी के 40 वें ओवर में कप्तान पैट कमिंस ने डीप स्कवॉयर लेग के उपर से उड़ा कर लगाया हालांकि अगली ही गेंद को कमिंस ने कट करने की कोशिश लेकिन पहली स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा इसे लपकने से चूक गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का दूसरा छक्का मिचेल स्टार्क ने जसप्रीत बुमराह के आखिरी और पारी के 47 ओवर में उनकी गेंद को लॉन्ग ऑन के उपर से उड़ा लगाया।

भारत की स्पिन त्रिमूर्ति -जडेजा, कुलदीप यादव और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की तारीफ करनी होगी कि जिन्होंने शुरू से रफ्तार के साथ धार भी दिखा सही वक्त पर विकेट चटकाए ही उसके बल्लेबाजों को स्ट्राइक %रोटेट' करने और एक-एक और दो रन भी नहीं दौड़ने दिए। रवींद्र जडेजा ने सबसे पहले अपने पांचवें ओवर में जम कर खेल रहे स्टीव स्मिथ और अगले ओवर में मरनस लबुशेन(27 रन,41 गेंद, एक चौका) और अलेक्स कैरी (0) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट मात्र 9 रन पर निकाल कर बीच के ओवर में ऑस्ट्रेलिया की पारी ऐसी बिखेरी की वह संभल ही नहीं पाई। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने पहले स्पैल में जम कर खेल रहे डेविड वॉर्नर को अपनी ही गेंद लपका और अपने दूसरे स्पैल में खतरनाक ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ((15 ) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 140 कर उसकी संघर्ष की रही सही उम्मीद भी खत्म कर दी।

भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने बीच के ओवर में स्पिन का ऐसा जाल बुना की ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ जैसे स्पिन के माहिर बल्लेबाज भी उसमें उलझ कर रह गए। कुलदीप ने सही वक्त पर डेविड वॉर्नर को रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बीच के ओवर में पूरी तरह बांध दिया। डेविड वॉर्नर ने पारी के 17 और कुलदीप यादव के तीसरे ओवर की तीसरी गेंद को टर्न के लिए खेले और गेंद ऑफ स्टंप पर गिर बाहर की ओर निकली और उसे ड्राइव करने की कोशिश की और गेंद उनके बल्ले की जद को लेकर उछली और खुद कुलदीप ने कैच लपक उनकी और स्मिथ की खतरनाक होती दूसरे विकेट की 68 रन की भागीदारी को तोड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने ड्रिंक ब्रेक के बाद लंगर डाल कर खेल रहे स्पिन के माहिर स्टीव स्मिथ को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 28 वें ओवर में 110 कर दिया। जडेजा की यह गेंद मिडल ऑफ स्टंप पर पड़ तेजी से घूमी और स्मिथ का ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इस पर वह हैरान से अपना विकेट और गिल्लियां उड़ते देख रह गए। जडेजा ने अपनी पहली कामयाबी अपने पांचवें ओवर में हासिल की। स्मिथ ने आउट होने से पहले लबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन की भागीदारी की। जडेजा की गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा घूमी और लबुशेन ने इसे स्वीप करने की कोशिश की और गेंद उनके बल्ले का हल्का सा किनारा लेकर विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों में जा पहुंची और ऑस्ट्रेलिया ने चौथा विकेट 119 रन पर खोया। जडेजा ने दो गेंद बाद ही अलेक्स कैरी(0) एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। ऑस्ट्रेलिया 30 ओवर में पांच विकेट 119 रन पर गंवा कर गहरे संकट में फंस गया। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के दूसरे स्पैल में उनकी गेंद को बैकफुट पर जाकर कट करने की कोशिश में ग्लेन मैक्सवेल(15 रन, 25 गेंद, एक चौका) बोल्ड हो गए और ऑस्ट्रेलिया ने छठा विकेट 140 रन पर खो दिया। ऑस्ट्रेलिया अगले ओवर में अपने स्कोर बिना कोई रन जोड़े कैमरून ग्रीन (8) का भी विकेट गंवा दिया। चेन्नै में अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कैमरून ग्रीन (8) को बैकवर्ड पाइंट पर उपकप्तान हार्दिक पांडया के हाथों कैच कराया।

# 40 साल बाद मुंबई में होगा आईओसी सत्र



**नई दिल्ली,** 8 अक्तूबर (एजेंसियां)। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई 15 से 17 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र की मेजबानी करेगी। इसे ओलंपिक खेलों को भारत लाने के प्रयासों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

आईओसी सत्र, ओलंपिक खेलों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च बॉडी है। जिसमें ओलंपिक चार्टर को अपनाना या संशोधित करना, आईओसी सदस्यों और पदाधिकारियों का चुनाव करना और ओलंपिक के मेजबान शहर का चुनाव शामिल है। जैसे क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने की चर्चा जोरों पर है और अगर इसे 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल करने का फैसला होता है, तो इसकी घोषणा मुंबई के आईओसी सत्र में ही होगी। इस सत्र के दौरान भारत आने वाली दुनिया की जानी मानी खेल हस्तियों में इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के प्रेसिडेंट थॉमस बाख, फुटबॉल की दुनिया की सबसे बड़ी संस्था, फीफा के प्रेसिडेंट जियानी इन्फैनटिनो, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन के प्रेसिडेंट सेबस्टियन को, मोनाको के राजकुमार अल्बर्ट द्वितीय और पोल वॉल्ट चैंपियन येलेना इसिनबायेवा इस लिस्ट में शामिल हैं। पिछले वर्ष फरवरी में नीता अंबानी जब बीजिंग में ओलंपिक सत्र की मेजबानी के लिए बिडिंग कर रही थी तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि भारत के पक्ष में इतनी जबर्दस्त वोटिंग होगी। इस वोटिंग में कुल 76 वोटों में से 75 भारत को मिले।

आईओसी की पहली भारतीय निजी महिला सदस्य नीता अंबानी ने कहा था, खेल हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए आशा और प्रेरणा का प्रतीक रहा है। हम आज दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक हैं और मैं भारत के युवाओं को ओलंपिक के जादू रूबरू कराने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। आने वाले वर्षों में भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना हमारा सपना है!

इससे पहले 1983 में नयी दिल्ली ने आईओसी सत्र के 86वें संस्करण की मेजबानी की थी। ओलंपिक भारत आए, इसकी उम्मीद में खिलाड़ियों की कई पुश्तें बीत गईं, लेकिन ओलंपिक भारत में आयोजित नहीं हो सका। वजह थी कि ओलंपिक कमेटी में भारत के लिए आवाज उठाने वाला कोई निजी सदस्य नहीं था। छह वर्ष पहले नीता अंबानी आईओसी की पहली भारतीय निजी महिला सदस्य बनीं। उनकी मेहनत रंग लाई और 141वें आईओसी सत्र की मेजबानी भारत को सौंप दी गई। नीता अंबानी भारत के खेल जगत कि तस्वीर बदल रहीं हैं। आज दो करोड़ 15 लाख से अधिक युवा खिलाड़ी उनकी खेल योजनाओं से जुड़े हैं। खेल जगत में की गई उनकी अनोखी पहल का फायदा एशियाई खेलों में देखने को मिला। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में से 10 फीसद से अधिक रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े हैं।

# पेनल्टी कॉर्नर में फ्लॉप शो भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए बनी मुसीबत




हांगझोऊ, 8 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय महिला हॉकी टीम हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों से कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटी। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर में टीम की नाकामी और कमजोरी की चर्चा तेज हो गई है। टीम न केवल बड़ी संख्या में अर्जित पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में विफल रही, बल्कि उसने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से कुछ गोल भी खाए। एशियाई खेलों में खेले गए छह मैचों में, भारत ने 69 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और 23.18 प्रतिशत की सफलता दर के साथ उनमें से 16 को गोल में बदलने में सफल रही। कुल मिलाकर भारत ने हांगझोऊ में खेले गए छह मैचों में 35 गोल किए। जिनमें से 17 फील्ड गोल, 16 पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से और दो पेनल्टी शॉर्ट के जरिए।

इसकी तुलना में स्वर्ण पदक विजेता चीन ने 77 पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और उनमें से 20 को लगभग 26 प्रतिशत की थोड़ी बेहतर सफलता दर के लिए परिवर्तित किया। भारत के लिए मेजबान चीन के खिलाफ सेमीफाइनल में समस्या और बढ़ गई जब उसने छह पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन किसी को भी भुना नहीं सका। जापान के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भारत को केवल एक के मुकाबले 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेके शॉपमैन ने स्वीकार किया कि पेनल्टी कॉर्नर को गोल में न बदलना चिंता का विषय है, लेकिन उन्होंने कहा कि महिलाओं की हॉकी में भारतीयों की सफलता अंतर्राष्ट्रीय स्तर से ज्यादा दूर नहीं है। भारतीय महिला हॉकी टीम 19वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने और अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने की बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंची थी। हालांकि, खिलाड़ियों के सपने साकार नहीं हुए और उन्हें कांस्य पदक के साथ घर लौटना पड़ा।

# दीप ग्रेस एक्का के लिए 50 लाख रुपये नकद पुरस्कार का ऐलान




भुवनेश्वर, 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को चीन के हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य और हॉकी स्टार दीप ग्रेस एक्का को 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने एक्का के उल्लेखनीय प्रदर्शन को स्वीकार करते हुए उन्हें राज्य के युवाओं के लिए रोल मॉडल बताते हुए हार्दिक बधाई दी।

पटनायक ने रविवार को कहा, दीप ग्रेस एक्का देश में महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए आशा और गर्व का प्रतीक बन गई हैं। दीप ने कुछ आश्चर्यजनक प्रदर्शनों के साथ अपनी दृढ़ता साबित की है और मुझे यकीन है कि वह भारत को गौरवान्वित करना जारी रखेगी और दृढ़ता और उत्कृष्टता की भावना का प्रदर्शन करेगी, जो वह प्रदर्शित कर रही है। सुंदरगढ़ जिले के लुलकिडीही गांव की रहने वाली 28 वर्षीय हॉकी स्टार ने 2011 में अर्जेंटीना में चार देशों के टूर्नामेंट के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। उन्होंने 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरे कर लिए हैं। वह रियो ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं।

वह उस टीम का भी अभिन्न हिस्सा थीं, जिसने महिला एशिया कप 2013 में कांस्य पदक, 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण, 2017 में एशिया कप में स्वर्ण, 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 18वें एशियाई खेलों में रजत पदक, जकार्ता-पालेमबांग और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता था। शीर्ष डिफेंडर ने 2022 में स्पेन में उद्घाटन एफआईएच महिला राष्ट्र कप में भारत की स्वर्ण पदक जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार संक्षेप

### सीरी ए : जेनोआ पर 1-0 की जीत के बाद टॉप पर एसी मिलान

**रोम।** एसी मिलान ने रोमांचक मैच में जेनोआ को 1-0 से हराकर सीरी ए तालिका में शीर्ष पर कब्जा जमाया। एसी मिलान ने लगातार तीन घरेलू जीत के साथ शनिवार के खेल में प्रवेश किया। यह मैच दोनों टीमों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन अंतिम क्षणों में रोमांच चरम पर पहुंच गया। एसी मिलान के लिए क्रिश्चियन पुलिसिक ने 87वें मिनट में गोल का सूखा खत्म करते हुए अपनी टीम का खाता खोला और ड्रॉ की ओर बढ़ते हुए मैच का नतीजा अपनी टीम के पक्ष में किया। एक अन्य मैच में इंटर मिलान ने बोलोग्ना के खिलाफ 2-0 की बढ़त को गंवाते हुए मैच 2-2 पर खत्म किया।

### ब्लैटर ने छह देशों में फुटबॉल विश्व कप आयोजित किये जाने के फैसले की आलोचना की

**बर्न।** फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर ने अगला फुटबॉल विश्वकप तीन महाद्वीपों के छह देशों में आयोजित किये जाने के संचालन समिति के फैसले की आलोचना की है। ब्लैटर ने स्विस अखबार सोनटैग्सब्लिक से कहा, इस तरह से टूर्नामेंट को छिन्न-भिन्न करना बेतुका है। उन्होंने कहा कि विश्व कप फाइनल एक संक्षिप्त आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन की पहचान, संगठन और आगंतुकों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अखबार से कहा, ऐतिहासिक कारणों से 2030 का विश्व कप विशेष रूप से दक्षिण अमेरिका में होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ब्लैटर 1998 से 2015 तक फीफा अध्यक्ष रहे थे। फीफा ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि मोरक्को, स्पेन और पुर्तगाल को 2030 टूर्नामेंट का मेजबान नामित किया गया है, जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे भी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों की मेजबानी करेंगे।

### धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई टीम पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के चौथे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम ने शनिवार को खेले गए मैच में निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। इस कारण आईसीसी के मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने उस पर यह जुर्माना लगाया हैं। शनाका ने अपनी गलती स्वीकार कर ली, इसलिए इस मामले में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। उल्लेखनीय है कि आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने जीता कांस्य



स्पोकेन (अमेरिका), 8 अक्टूबर (आईएएनएस)। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने अपना अभियान और शानदार प्रदर्शन रविवार को कांस्य पदक के साथ समाप्त किया।

एक करीबी मुकाबले में आयुष का सामना टूर्नामेंट के चौथे वरीय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से हुआ। पहले गेम में भारतीय और उनके प्रतिद्वंद्वी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और स्कोर 16-16 से बराबर रहा। हालांकि, अंतिम क्षणों में उनके प्रतिद्वंद्वी ने बढ़त हासिल कर ली और आयुष 18-21 के स्कोर के साथ गेम हार गए। आयुष बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले 10वें भारतीय और ऐसा करने वाले 8वें पुरुष एकल शटलर बने।

भारत ने प्रतियोगिता में 11 पदक जीते हैं, जिसमें साइना नेहवाल ने क्रमशः 2006 और 2008 में रजत और स्वर्ण पदक का योगदान दिया था। भारत के एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने 2022 में स्पेन में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में पुरुष एकल में रजत पदक जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट हराया



**ब्रिस्बेन** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज की महिला टीम को रिकार्ड 83 रनों पर ढ़ेर करने के बाद एकतरफा अंदाज में 14.5 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान अलिसा हीली 36 गेंदों में 38 रन और उनकी साथी ओपनर फ़ीबी लिचफ़ील्ड 16 ने अच्छी शुरुआत की। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के 10.1 ओवर में 57 रन बनाये। हीली को फ्रेजर ने विलियम्स के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद दूसरे विकेट के रूप में फ़ीबी लिचफ़ील्ड को रामहैरक की गेंद पर कैंपबेल ने कैच आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी ने 13 गेंदों पर नाबाद 20 रनों तथा बेथ मूनी नाबाद छह रन ने ऑस्ट्रेलिया को 15 ओवर में टीम का स्कोर 87 रन कर उसे जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने 121 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीता है।

वेस्टइंडजी की ओर फ्रेजर और रामहैरक को एक-एक विकेट मिला। दोनों ही टीमों के गेंदबाजों ने सात-सात रन अतिरिक्त के रूप में दिये। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उत्तरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 6.3 ओवर में महज पांच रन पर तीन विकेट गवां दिये। ओपनर जायडा जेम्स तीन रन को शूट की गेंद पर गार्डनर ने कैच आउट किया। उसके बाद गार्थन ने जेनाबा जोसेफ़ शून्य पर अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गार्थ ने रशादा विलियम्स शून्य को पेरी के हाथों कैच आउट कराया। वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाली आलिया ऑलेन 39 गेंदों में 35 रन को गार्थ ने हीली के हाथों स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। इससे पहले स्टेफ़ानी टेलर 12 रन का ब्राउन की गेंद पर हीली ने स्टंप के पीछे कैच पकड़ा। कप्तान शमैन कैंपबेल 14 रन को गार्डनर ने वेयरहम के हाथों कैच आउट कराया। वेस्टइंडीज की ओर से चार खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल सके और केवल तीन खिलाड़ी ही दहाई अंक से ऊपर स्कोर कर सके। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 27.3 ओवर में 83 रन पर ढ़ेर हो गयी।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से किम गार्थ ने आठ रन देकर तीन विकेट, एश्ली गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने दो-दो विकेट तथा डार्सी ब्राउन और मेगन शूट ने एक-एक बल्लेबाज का आउट किया।

# भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी में रचा इतिहास, रिकर्व पर करना होगा फोकस



**हांगझोऊ,** 8 अक्टूबर (एजेंसियां)। सभी पांच वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर, भारत ने शनिवार को हांगझोऊ में एशियाई खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी में बदलाव का संकेत दिया, जिससे एशियाई खेलों में कोरिया गणराज्य का दबदबा खत्म हो गया।

शनिवार को भारत की ज्योति और ओजस प्रवीण ने महिला और पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। कुछ दिन पहले, भारत ने पुरुष और महिला टीम प्रतियोगिताओं में भी स्वर्ण पदक जीते थे। गुरुवार को महिला टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को 159-158 से हराया जबकि पुरुष टीम ने फाइनल में कोरिया को हराया।

शनिवार को, देवतले ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में अपने वरिष्ठ साथी अभिषेक वर्मा को हराया, जबकि ज्योति ने फाइनल में दक्षिण कोरिया की सौ चौवन को हराकर महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी में एक रजत और एक कांस्य पदक भी जीता।

मगर, देश रिकर्व के व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीतने में असफल रहा। अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा धीमी शुरुआत करने और कम स्कोर बनाने के कारण शूट-ऑफ में क्वार्टर फाइनल में हार गए। हालांकि, यह कंपाउंड तीरंदाज ही थे जिन्होंने वास्तव में हांगझोऊ में 2022 एशियाई खेलों में भारतीय तीरंदाजी को एक बड़े मुकाम पर पहुंचाया। उनकी सफलता ने कंपाउंड तीरंदाजी में कोरिया गणराज्य के वर्चस्व के अंत का भी संकेत दिया, जिसने 2014 में ही एशियाई खेलों में पदार्पण किया था और पिछले दोनों संस्करणों में महिला टीम प्रतियोगिता जीती थी।

कंपाउंड तीरंदाजी पेरिस 2024 के ओलंपिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है, लेकिन 2028 में लॉस एंजिल्स में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में इस इवेंट के जुड़ने की बहुत संभावना है। एशियाई खेलों के कंपाउंड तीरंदाजी वर्ग में भारत का दबदबा कई लोगों के लिए हैरानी कि बात नहीं थी क्योंकि भारत ने कुछ महीने पहले बर्लिन में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते थे।

कंपाउंड तीरंदाजी में भारत का दबदबा टीम के विदेशी कोच इटली के सर्जियो के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। भारतीय तीरंदाजी टीमों के उच्च-प्रदर्शन निदेशक, संजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह सफलता 2004 में शुरू किए गए विकास कार्यक्रम का फल है। यह पहली बार है कि हमने किसी एक इवेंट में पांच स्वर्ण पदक जीते हैं, जिसे हमने सितंबर 2004 में शुरू किया था। एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहली बार है कि हमने कंपाउंड तीरंदाजी में सभी पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। संजीव सिंह ने कहा, खेलो इंडिया गेम्स योजना के कारण, लगभग 150 तीरंदाजों को लगातार खेलने का मौका मिला, हमारी संख्या बढ़ी और हम शीर्ष पर पहुंच गए। अब बस यही उम्मीद है कि भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) रिकर्व सेक्शन के लिए भी इसी योजना को दोहराने में सक्षम है। वही वास्तव में असली क्रांति होगी।